YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-270 | मंगलवार, 04 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



राहुल गांधी ने मोदी का अपमान करते-करते अब छठी मैया का अपमान कर दिया है। जब-जब इन लोगों ने श्री मोदी का अपमान किया है, जनता ने उसका जवाब उन्हें हराकर दिया है। आने वाले चुनाव में सीतामढ़ी वालों को इसे याद रखना है। अमित शाह

देशभर के 1300 स्टेशनों का हो रहा नवनिर्माण: अश्विनी वैष्णव 11

फारबिसगंज में पीएम मोदी की जनसभा 6 नवंबर को 12

## संक्षेप

### प्रदेश में 45 हजार होमगार्ड की भर्ती का रास्ता साफ, शासन ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में 45 हजार से अधिक पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती करने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इसका शासनादेश जारी करने के साथ गाइडलाइन को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भर्तियों के लिए एनरोलमेंट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलों से रिक्त पदों पर भर्ती का प्रस्ताव मिलने के बाद बोर्ड द्वारा एनरोलमेंट किए जाएंगे, जिसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। शासन ने होमगार्ड स्वयंसेवक के पद पर भर्ती के लिए 18 से 30 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की है। प्रमुख सचिव होमगार्ड राजेश कुमार सिंह द्वारा जारी शासनादेश के मुताबिक भर्ती बोर्ड लिखित परीक्षा का आयोजन होने के बाद मेरिट लिस्ट जारी करेगा। तत्पश्चात शारीरिक मानक परीक्षा, दस्तावेजों का सत्यापन और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इसमें सफल रहने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी होगी।

### क्रिकेटर दीप्ति शर्मा की उपलब्धि यूपी पुलिस का गौरव : डीजीपी

**लखनऊ।** महिला क्रिकेट विश्वकप ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम की खिलाड़ी व डिप्टी एसपी दीप्ति शर्मा की उपलब्धि यूपी पुलिस और प्रदेश सरकार के लिए गौरव की बात है। दीप्ति शर्मा मुख्यमंत्री की कुशल खिलाड़ी योजना के तहत स्पोर्टस कोटा से यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी पद पर नियुक्त हुई थी। डीजीपी राजीव कृष्ण ने दीप्ति शर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। दीप्ति शर्मा ने फाइनल मुकाबले में 58 रन की पारी खेली साथ ही पांच विकेट लेकर साउथ अफ्रीका की टीम को ध्वस्त कर दिया था। उन्होंने जब साउथ अफ्रीका टीम की कप्तान लौरा वोलवॉर्ड्स सहित प्रमुख बल्लेबाज़ों को आउट कर खेल की दिशा भारत के पक्ष में मोड़ दी।

### एससी, एसटी को नौकरी देने के मामले में निकायों से मांगी गई रिपोर्ट

**लखनऊ।** निकायों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को नौकरी देने को लेकर रिपोर्ट तलब की गई है। निकायों से पूछा गया है कि इस जाति के कितने लोगों को अब तक उनके यहां नौकरी दी गई है। उनके यहां आरक्षण की क्या स्थिति है और कितने पदों को अब तक भरा गया है। उत्तर प्रदेश विधान मंडल की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों से संबंधित संयुक्त समिति द्वारा जानकारी मांगे जाने के बाद नगर विकास विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारी इसका ब्योरा जुटाने में जुट गए हैं। समिति की इसी माह बैठक होनी है और इसमें इसके बारे में पूरी रिपोर्ट रखी जानी है। प्रदेश में 762 नगर विकास हैं। इन निकायों में केंद्रीयत और अकेंद्रीयत सेवा के पद हैं। समिति ने नगर विकास विभाग से पूछा है कि उनके यहां कुल कितने पद हैं। इन पदों में कितने आरक्षित वर्गों के लिए हैं।

# 'पप्पू, टप्पू और अप्पू... इंडी गठबंधन के तीन बंदर'

## योगी का राहुल-तेजस्वी और अखिलेश पर तंज

एजेंसी

**बिहार में योगी**

- राम मंदिर मुद्दे पर विपक्ष पर हमला, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाई
- रामद्रोही कांग्रेस-राजद को जवाब देगा मिथिला, बिहार में होगा रामराज्य का उदय

पटना। बिहार में विधान सभा चुनाव के प्रचार के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दरभंगा पहुंचे। यहां केवटी विधान सभा क्षेत्र में उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कांग्रेस और राजद के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इनका पार्टनर एक उत्तरप्रदेश में है। ये राम के घोर विरोधी हैं। जो राम का विरोधी होगा, वह हमारा भी विरोधी होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया। सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दिया। दूसरी तरफ राम मंदिर की रथ यात्रा को रोकने का काम राजद ने किया और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोली चलाकर अयोध्या को लहूलुहान किया।

योगी ने जनता से कहा कि आपने गांधी जी के तीन बंदरों के बारे में सुना होगा। गांधीजी ने उनको उपदेश दिया था कि बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो और बुरा मत देखो। अब महागठबंधन में तीन बंदर आ गए, जो पप्पू, टप्पू और अप्पू के नाम पर है। पप्पू अच्छा बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इसी लिए दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी कहीं जाते हैं भारत के खिलाफ बोलते हैं। ये तीन बंदरों की जोड़ी बिहार खानदारी माफियाओं को गले लगाकर बिहार की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी आरजेडी और कांग्रेस सत्ता में आते हैं तो बिहार जलने लगता है। हम अपने बॉर्डर वाले शहरों से घुसपैठियों को बाहर निकाल देंगे, ठीक वैसे ही जैसे हमने आर्टिकल 370 हटाने के बाद J&K से पाकिस्तानी तत्वों को हटाया था। डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। राजद की सरकार के दौरान गरीब का राशन हड़प लिया जाता था। विकास की योजनाओं से गरीब को वंचित कर दिया



जाता था। आज 8 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अंत में उन्होंने बंटेगें तो कटेंगे का नारा दिया। उन्होंने कहा कि एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। केवटी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा इंडिया गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है। योगी ने कहा कि आज मिथिला की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही राजद और इनके साथी यूपी की समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिंसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्ष पहले मैंने यहां आकर कहा था कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है और आज रामलला विराजमान हैं। जैसे रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, वैसे ही सीतामढ़ी में मां ● शेष पेज 11 पर

# विधानसभाएं हमारी संसदीय प्रणाली का प्रमुख स्तंभ : मुर्मु



एजेंसी

- राष्ट्रपति ने रजतोत्सव के क्रम में विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की विधानसभाएं संसदीय प्रणाली का प्रमुख स्तंभ हैं और संविधान निर्माताओं ने इसमें सतत जवाबदेही को महत्व दिया है।

श्रीमती मुर्मु ने उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर सोमवार को यहां विधानसभा के विशेष सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधानसभाएं भारतीय संसदीय प्रणाली का प्रमुख स्तंभ हैं। बाबासाहेब अम्बेडकर ने इसकी महता पर कहा था कि संविधान निर्माताओं ने संसदीय प्रणाली को अपनाकर सतत जवाबदेही को अधिक महत्व दिया है। इस तरह से जवाबदेही की निरंतरता जनता के प्रति संसदीय प्रणाली की ताकत है और चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि जनता की आकांक्षा के अनुरूप बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से नवंबर 2000 में उत्तराखंड की स्थापना हुई थी। राज्य ने पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, डिजिटल और संपर्क तथा ढांचागत विकास के क्षेत्र में सराहनीय प्रगत्ति की है। विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास आंकड़ा कई मानकों पर सुधरा है। यह जानकर और प्रसन्नता हुई कि राज्य में साक्षरता बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटी है तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के प्रयास चल रहे हैं।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को विशेष सराहनीय बताते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से ही सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी सशक्त और असाधारण महिलओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। उनका कहना था कि श्रीमती ऋतु खंडूरी को राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त करके उत्तराखंड विधान सभा ने अपना गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि वह चाहती है कि उत्तराखंड विधानसभा में महिलाओं की संख्या में और बढ़ोतरी हो। उत्तराखंड सरकार के समान नागरिक संहिता कानून को लागू करने की सराहना करते हुए श्रीमती मुर्मू ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने 'नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता' के निर्माण के लिए अनुच्छेद 44 तहत प्रावधान किया था। समान नागरिक ● शेष पेज 11 पर

# अनिल अंबानी की 3000 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी की समूह कंपनियों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत उनसे जुड़ी 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क की हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत संपत्तियों को कुर्क करने के लिए चार अनंतिम आदेश जारी किए हैं। इन संपत्तियों में 66 वर्षीय अंबानी का मुंबई के पाली हिल स्थित में घर और उनके समूह की कंपनियों की अन्य आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं। दिल्ली में महाराजा रणजीत सिंह मार्ग पर रिलायंस सेंटर का एक भूखंड और राष्ट्रीय राजधानी, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई और पूर्वी गोदावरी में कई अन्य संपत्तियां भी



कुर्क की गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,084 करोड़ रुपये है। यह मामला रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) द्वारा जुटाए गए सार्वजनिक धन की कथित हेराफ़ेरी और धनशोधन से संबंधित है। यस बैंक ने 2017 से 2019 के दौरान आरएचएफएल में 2,965 करोड़ रुपये और आरसीएफएल में 2,045 करोड़ रुपये का निवेश किया। ईडी के अनुसार, दिसंबर 2019 तक ये निवेश ''गैर-निष्पादित'' निवेश में बदल गए, जिसमें आरएचएफएल पर 1,353.50 करोड़ रुपये और आरसीएफएल पर 1,984 करोड़ रुपये ● शेष पेज 11 पर

# छह विवि की मदद से 750 ग्राम पंचायतें बनेंगी मॉडल विकास केंद्र

लखनऊ। पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं राज्य के छह प्रमुख विश्वविद्यालयों के मध्य सोमवार को मॉडल ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। यह ऐतिहासिक पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए की गई है। इसके तहत राज्य के 75 जनपदों की 750 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि ल्लविश्वविद्यालयों का ग्राम पंचायतों के साथ जुड़ाव, न केवल योजनाओं की गुणवत्ता बढ़ाएगा बल्कि यह ग्रामीण शासन को सशक्त एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पंचायती राज से मनीष कुमार (उपनिदेशक पंचायत) नोडल ऑफिसर आरजीएसए, आरजीएसए टीम एवं एन.आई.आर.डी.पी.आर टीम की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राज्य के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों- बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, ● शेष पेज 11 पर

# पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा : ट्रम्प

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जो सक्रिय रूप से परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों की यही प्रवृत्ति दर्शाती है कि अमेरिका के लिए भी अपने परमाणु परीक्षण को फिर से शुरू करना जरूरी हो गया है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका ही एकमात्र देश है जिसने परीक्षण रोक रखे हैं। ट्रंप ने कहा, रूस परीक्षण कर रहा है, चीन भी कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, इसलिए हम बात करते हैं। जब बाकी देश परीक्षण कर रहे हैं, तो हमें भी करना होगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है और पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण कर रहे हैं और अन्य भी



- रूस, चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग; हमारे पास तो दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम

कर रहे हैं। गौरतलब है कि रूस ने हाल में उन्नत परमाणु-सक्षम हथियारों और तकनीकों का परीक्षण किया है। इनमें पोसाइडन अंडरवॉटर ड्रोन शामिल है। इसी को लेकर जब ट्रंप से पूछा गया कि अमेरिका की तरफ से तीन दशक से ज्यादा समय बाद परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने के फैसले को लेकर पूछा गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, आपको यह देखना होगा कि ये हथियार कैसे काम करते हैं। रूस ने एलान किया है की कि वे परीक्षण करने जा रहे हैं। उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है, अन्य देश भी कर रहे हैं। हम ही एकमात्र देश हैं जो नहीं कर रहे, और मैं नहीं चाहता कि ऐसा रहे। उन्होंने कहा कि अमेरिका बाकी देशों की तरह परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं और उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु हथियार कम करने पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, हमारे पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने जितने परमाणु हथियार हैं। बता दें कि बीते हफ्ते ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु हथियार परीक्षण को तत्काल फिर शुरू करने का एलान किया था। ट्रंप की तरफ से यह घोषणा उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दक्षिण कोरिया में होने वाली मुलाकात से ठीक पहले आई थी। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि अमेरिका का आने वाले समय में रूस और चीन जैसी परमाणु शक्तियों से तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने यह भी बताया कि परीक्षण के लिए तैयारियां पहले से जारी हैं, हालांकि उन्होंने समय या जगह का खुलासा नहीं किया। रक्षा और हथियार से ● शेष पेज 11 पर

# विवि-कॉलेजों को देना होगा छात्रों से ली गई फीस का हिसाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- विद्यार्थियों को सुविधाएं देने की बजाए फिजूलखर्ची, उच्च शिक्षा विभाग ने मांगा ब्यौरा

लखनऊ। विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों को छात्रों से ली गई फीस का हिसाब देना होगा। विद्यार्थियों की सुविधाओं की बजाए की जा रही फिजूलखर्ची पर रोक लगेगी। विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में पुस्तकालय, प्रयोगशाला में जरूरी उपकरण व अन्य सुविधाएं दिलाने में पारदर्शिता बढ़ेगी। फिलहाल, उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इसका ब्यौरा मांगा गया है। विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों में चल रहे सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों की आय की 75 प्रतिशत धनराशि छात्र सुविधाएं बढ़ाने व पाठ्यक्रम को बेहतर ढंग से संचालित करने पर खर्च होना जरूरी है। फिर भी इस नियम को ताक पर रखकर विश्वविद्यालय व कॉलेज आय का मनमाना उपयोग कर रहे हैं।

विद्यार्थियों को पुस्तकालय में ढंग से किताबें नहीं मिल पाती, प्रयोगशाला में केमिकल व उपकरणों की कमी रहती है और कोर्स के विकास पर धन नहीं खर्च हो पाता। ऐसे में विद्यार्थियों से मोटी फीस वसूलने के बावजूद उन्हें गुणवत्तापरक शिक्षा नहीं मिल पाती। जिससे उनकी शिकायतें बनीं रहती हैं। ज्यादातर विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेज निर्माण कार्यों पर धन खर्च करने या फिर कम छात्रों वाले विभागों के शिक्षकों व कर्मियों को वेतन बांटने में धन खर्च कर देते हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. गुणवत्ता व सुविधाएं न मिलने के कारण ही छात्रों की संख्या घट रही है। स्नातक में कुल 44 लाख विद्यार्थी हैं। उधर, उत्तर प्रदेश प्राचार्य परिषद के अध्यक्ष अनिल मिश्रा का कहना है कि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से फीस का ब्यौरा मांगा जाना ठीक है लेकिन कॉलेजों की फीस का बड़ा हिस्सा विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क के रूप में वसूल रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर

## चुनावी सभा में पीएम मोदी बोले- 'देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं राजद-कांग्रेस वाले'

# राजद-कांग्रेस को कट्टा और कट्टरपंथी ही पसंद

एजेंसी

पटना/ कटिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार की जनता राजनीति की पारखी है। जो कहा जाता है बिहार की जनता, उससे आगे की बात समझ जाती है। आप राजद और कांग्रेस के पोस्टरों को देखिए। जो वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे, जो बिहार में जंगलराज लाए। उनकी तस्वीरें पोस्टरों से गायब हैं। अगर कहीं हैं तो पोस्टरों के कोने में छोटी तस्वीर है। यह दूरबीन से भी नहीं दिखती है। जो उनके लिए इतने बड़े नेता थे, जिनके परिवार के सारे लोग चुनाव के मैदान में उन्हें ही गायब कर दिया। तेजस्वी पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अपने पिता की नाम बोलने और छपवाने में शर्म क्यों आ रही है। वह कौन सा पाप है, जिसको राजद वालों को बिहार के नौजवानों को छिपाना पड़ रहा है?

पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों के पोस्टरों में कांग्रेस लगभग गायब है। राजद ने कांग्रेस को कट्टा दिखाकर मुख्यमंत्री का उम्मीदवार भी घोषित करवा दिया। अब कांग्रेस को उसकी हैसियत भी दिखाई जा रही है। कांग्रेस के नामदार कुछ हफ्तों पहले तक बिहार में बड़े-बड़ें दावे कर रहे थे। उनकी तस्वीर को पोस्टर और घोषणा पत्र में बौना बना दिया है। राजद के नेता जो वादे और घोषणाएं कर रहे हैं, तो कांग्रेस के लोग ही उनपर विश्वास नहीं करते हैं। कांग्रेस और राजद के बीच लंबे समय से एक भीषण झगड़ा चल रहा है। कांग्रेस के नामदार ने छठ को इसलिए ड्रामा बताया ताकि बिहार के लोग राजद पर गुस्सा उतारे और राजद को पराजित करें। कांग्रेस के दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री और बड़े नेताओं के बयान आप सुने होंगे। अलग-अलग राज्यों से कांग्रेस के नेताओं के बिहार के लोगों के लिए जानबूझकर अपमानजनक बातें बुलवाई जा रही है। केरल में कांग्रेस नेताओं ने बिहार की तुलना बीड़ी से कर दी। तमिलनाडु के जो नेता बिहारियों को गाली देते हैं, उन्हें प्रचार के लिए कांग्रेस ने



बिहार में बुलाया है। राजद और कांग्रेस वाले एक-दूसरे का वोट बैंक छिनना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले वोट पाने के लिए देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। गरीब, दलित, महादलित, पिछड़े और अति पिछड़े को जो मुफ्त राशन मिल रहा, वह घुसपैठियों को मिलना चाहिए क्या? क्या आपका हक घुसपैठियों को देना चाहिए? राजद और कांग्रेस वाले अनाज, मुफ्त इलाज समेत सारी सुविधाएं घुसपैठियों को देना चाहते हैं। वह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बिहार और देश के संसाधनों पर भारत के नागरिकों का ही हक है। आपका ही हक है। यह हक हम किसी को चुराने नहीं देंगे। लेकिन, कांग्रेस और राजद के लोगों को कट्टा और कट्टरपंथी ही पसंद है। जबकि भाजपा घुसपैठियों को बाहर करने की बात करती है। कट्टरपंथियों के दबाव में राजद और कांग्रेस वालों ने तीन तलाक और नए वक्फ कानून का विरोध किया। इन कानूनों को यह लोग कूड़ेदान में फेंकना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस वाले कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक चुके हैं। लालटेन, पंजे और लाल झंडे वालों को बिहार को दशकों तक विकास से दूर रखा। क्योंकि इनके एजेंडे में विकास था ही नहीं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन की सरकार बनी। पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस के लोग गरीबों को डराते थे। जंगलराज वालों की इसी सोच की वजह से हमारे कटिहार में विकास नहीं हुआ। कांग्रेस और राजद ने इसको पिछड़ा जिला घोषित कर अपना पल्ला झाड़ दिया। जब किसी अफसर को सजा देनी होती थी तो उसे कटिहार भेज देते थे। जब 2014 में आपने मोदी को अपनी सेवा का मौका दिया तो मैंने तय किया कि आपको मुश्किलों में नहीं रहने दूंगा। इसलिए मैंने कटिहार को आकांक्षी जिला घोषित किया। आज यहां सड़क और रेल ● शेष पेज 11 पर

# यातायात जागरूकता का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में होने वाली जनहानि को रोकना: जिलाधिकारी

**यातायात माह में जनपद के स्कूल कालेजों को इस अभियान से जोड़कर यातायात के नियमों की जानकारी दी जाएगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । यातायात जागरूकता का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में होने वाली जनहानि रोकना का प्रयास करना है। यह बात यातायात माह 2025 के शुभारम्भ के मौके पर रिजर्व पुलिस लाइंस में प्रयागराज के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा।उन्होंने कहा कि यातायात माह के दौरान यातायात पुलिस एवं थानों की पुलिस स्कूल के बच्चों एवं उनके आभिभावकों को यातायात नियमों से अवगत कराना और आवागमन के प्रति सभी को जागरूक करना है।

यातायात माह में जनपद के स्कूल कालेजों को इस अभियान से जोड़कर यातायात के नियमों की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एन.कोलांची, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में यातायात पुलिस, एनसीसी कैडेट एवं अन्य वालेंटियर द्वारा पूर्ण उत्साह एवं जोश के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी जिसका अतिथिगण ने अवलोकन किया और हस्ताक्षर पटल पर अपने हस्ताक्षर करके यातायात नियमों को पालन करने सम्बन्धी अभियान को अपना अपना समर्थन दिया ।इस जागरूकता कार्यक्रम में अतिथियों ने यातायात के नियमों के पालन, उल्लंघन के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं हानियों तथा उनसे बचाव के लिए निरंतर जागरूक रहने एवं जागरूक नागरिक के रूप में अपने सम्पर्क के अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया और सुरक्षा हेतु बताए जा रहे सुझावों पर अमल किये जाने की अपील की। कार्यक्रम में कर्नल अरविन्द झा,रौनक़ गुप्ता, डिवीजनल वार्डन, उ.प्र. अपराध निरोधक समिति संरक्षक आर.एस.वर्मा (रिटायर्ड आईएएस), सचिव संतोष श्रीवास्तस्व, अनिल अग्रवाल चीफ वार्डन, डॉ. बिन्दु विश्वकर्मा विनीता हॉस्पिटल, सुशील खरबन्दा व्यापार मंडल, विनोद चंद्र द्विवेदी, रघुनाथ द्विवेदी टैम्पो/ टैक्सी यूनियन, ने जागरूकता पर अपने उल्लेखनीय विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त नगर मनीष शान्डिल्य, पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप गुनावत, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक यादव, पुलिस उपायुक्त प्रोटोकाल/मुख्यालय पंकज, पुलिस उपायुक्त यातायात नीरज कुमार पाण्डेय, अपर उपायुक्त यातायात पुष्कर वर्मा, अपर पुलिस उपायुक्त नगरविजय आनंद एवं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात शैलेन्द्र सिंह परिहार व यातायात निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व होमगार्ड्स उपस्थित रहे।

## वर्षो से अधूरी पड़ी पुलिया को समाजसेवी ने की मरम्मत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं प्रयागराज। विकास खण्ड कोराव के बड़ोखर तिवारी मोड़ से मध्य प्रदेश जाने वाला मुख्य मार्ग जर्जर हो चुका है और जमीनी विवाद के कारण इसका निर्माण नहीं हो पा रहा है। समाजसेवी प्रमोद तिवारी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं और स्कूली छात्रों तथा राहगीरों की समस्याओं को उजागर कर रहे हैं। यह मार्ग उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को जोड़ता है और बड़ोखर जैसे बड़े गांव से गुजरता है, जहां की आबादी 25000 से अधिक है और मतदाताओं की संख्या भी काफी अधिक है। प्रमोद तिवारी ने इस समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से मांग की है साथ ही इस मामले में कई बार सीएम हेल्फ़ लाइन पोर्टल पर शिकायत भी ग्रामीणों ने की लेकिन आज तक पुलिया का निर्माण नही हो सका।

### श्रम विभाग कर्मचारी संघ, प्रयागराज शाखा का द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

प्रयागराज। श्रम विभाग कर्मचारी संघ, शाखा प्रयागराज का द्विवार्षिक चुनाव सोमवार 3 नवंबर 2025 को संघ भवन, 09 मेयो रोड प्रयागराज में सम्पन्न हुआ। चुनाव की कार्यवाही रमाकान्त कनौजिया, प्रान्तीय संरक्षक, श्रम विभाग कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश की देखरेख में कराई गई।उक्त चुनाव सर्वसम्मति से अर्थात निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर सदस्यों का मनोनयन बिना किसी विरोध के किया गया। इस अवसर पर उप श्रम आयुक्त, प्रयागराज क्षेत्र, घनश्याम सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, समयबद्धता और समर्पण के साथ करें।चयनित पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है –संरक्षकः रमाकान्त कनौजियाअध्यक्षः आलोक सिंहमंत्रीः तरुण कुमारउपाध्यक्षः शुभम श्रीवास्तवउप मंत्रीः सचिन कुमारसंगठन मंत्रीः अम्बुज कुमारसंयुक्त मंत्रीः नौशाद वारिसकोषाध्यक्षः प्रवीण कुमार यादवआय-व्यय निरीक्षकः अंकर कुमार आरकार्यकारिणी सदस्यः प्रवीण कुमार पटेल, गौरव श्रीवास्तव, विशाल सिंह, कन्हैया लाल, सुनील कुमारचुनाव के सफल आयोजन पर सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### उम्रकैद की सजा भुगत रहे हत्यारोपित की हाइकोर्ट से जमानत मंजूर

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सात साल से अधिक दिन की अभिरक्षा में रह चुके उम्रकैद की सजा भुगत रहे हत्यारोपित अबुलास उर्फ अबुल आस की जमानत मंजूर कर ली है। साथ ही सजा निलम्बित करते हुए 50 फीसदी जुर्माना राशि जमा करने का निर्देश दिया है। शेष राशि की वसूली पर रोक लगा दी है।यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ तथा न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अपीलार्थी के अधिवक्ता आनंद त्रिपाठी को सुनकर दिया है। मालूम हो कि अपर सत्र अदालत आजमगढ़ ने याची को उम्रकैद व 25 हजार जुर्माना सहित विभिन्न अपराधों में सजाएं दी है। जिसे अपील में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि याची ने सात साल से अधिक सजा भुगत ली है। अपील शीघ्र सुने जाने की उम्मीद नहीं है। यदि सजा निलम्बित नहीं की गई तो अपील अर्थहीन हो जायेगी।अपील में दाखिल पहली जमानत व सजा निलम्बित करने की अर्जी 7 जून 22 को खारिज कर दी गई थी। जिस पर यह दूसरी अर्जी दाखिल की गई थी। याची के अधिवक्ता आनंद त्रिपाठी का कहना था कि अभियुक्त घटना के समय 18 साल का था, अब उसकी आयु 25 साल की है। सात साल से अधिक समय तक अभिरक्षा में रहा है। ट्रायल कोर्ट के विचारण में पूरा सहयोग किया और जमानत का कभी दुरुपयोग नहीं किया। इस पर कोर्ट ने निजी मुचलके और दो प्रतिभूति लेकर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

### पत्रकार की हत्या मामले पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन ने प्रशासन से की उचित कार्रवाई की मांग



लखनऊ/प्रयागराज। आज दिनांक ३ नवंबर दिन सोमवार को जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री विवेक प्रताप सिंह, के नेतृत्व में उपाध्यक्ष श्री रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष श्री नरसिंह नारायण पाण्डेय, संरक्षक सदस्य श्री विवेक विश्व पाण्डेय , उप प्रचार मंत्री श्री सैय्यद फैजान उर्फ इकबाल ने प्रयागराज में पत्रकार स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण सिंह जी के पीड़ित परिवार से मिलकर, पत्रकार श्री लक्ष्मी नारायण सिंह जी की हुई निर्मम हत्या मामले में शासन प्रशासन से उचित कार्यवाही करवाने की मांग साथ ही संगठन की तरफ से आर्थिक सहयोग राशि मृतक पत्रकार के पुत्र को सौंपी गई। इस अवसर पर प्रयागराज के पत्रकार साथी सुशांत त्रिपाठी समेत अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटी भाजपा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी की सीटों पर होने वाले चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुट गयी है। इस अभियान की तैयारी की दृष्टि से प्रदेश भर में ?जिलास्तर के पदाधिकारी मण्डल स्तर पर प्रवास कर कार्यशालाएं कर रहे हैं। इन कार्यशालाओं के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के संशोधन, नाम जोड़ने, सुधार और विलोपन की प्रक्रिया से बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को लगाने के लिए कहा जा रहा है। राजधानी लखनऊ की सभी विधानसभाओं में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की कार्यशालाएं शुरू हो गयी हैं। सोमवार को मध्य मण्डल एक मतदाता पुनरीक्षण अभियान की कार्यशाला संपन्न हुई।कार्यशाला में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर नये मतदाता बनायें। पुनरीक्षण अभियान में भाजपा के सभी सक्रिय कार्यकर्ता लगें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाये। जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उनके नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। प्रकाश मिश्रा ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को इस अभियान में लगाया है। शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में पहुंचकर मतदाता बनाना है। इस अवसर पर भाजपा के महानगर महामंत्री राम औतार कनौजिया, पूर्व महानगर महामंत्री अंजनी ?श्रीवास्तव और भाजपा नेता चेतन समेत बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जलालपुर पुलिस ने हत्या के आरोपित को किया गिरफ्तार

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में जलालपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित आरोपित अवनीश पांडेय को सोमवार को साई नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गजानंद चौबे ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अवनीश पांडेय (43) पुत्र शेषमन पांडेय, निवासी तालामझवारा हत्या के मुकदमे में वांछित था। आरोपित के खिलाफ धारा 394/25, 109(1), 352, 351(3), 103(1) बीपीएमएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कांशीराम कालोनी में अवैध कब्जेदारों पर चला प्रशासन का चाबुक- 34 अवैध कब्जेदारों को नोटिस

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर शहर के कांशीराम आवास कालोनी पर सोमवार को प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 आवास खाली करा कर उनमें सरकारी ताला लगा दिया। कालोनी के 34 आवासों में आवंटियों के आलावा अन्य लोग अवैध कब्जा करके रह रहे हैं, जिन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। आशियाना छिनने से परेशान लोग अधिकारियों के समक्ष मिन्नतें करते दिखाई दिए।

## प्रयागराज नगर निगम शहर की नजूल जमीनों पर बनवाएगा स्थायी दुकानें

**निगम का लक्ष्य है कि इस योजना से एक ओर राजस्व बढ़े, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज अब शहर की नजूल जमीनों को राजस्व और रोजगार का साधन बनाने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रहा है। निगम प्रशासन इन जमीनों पर स्थायी दुकानों का निर्माण कराने की तैयारी में है। प्रारंभिक चरण में 40 से 100 वर्ग मीटर तक के छोटे भूखंडों पर दुकानें बनाई जाएंगी।

इन दुकानों का किराया 1500 से 1700 रुपये प्रतिमाह तक निर्धारित करने का प्रस्ताव है। निगम का लक्ष्य है कि इस योजना से एक ओर राजस्व बढ़े, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें। नजूल विभाग की ओर से शहर के उन इलाकों की सूची तैयार की जा रही है, जहां छोटे भूखंड मौजूद हैं। इसके लिए अगले वित्तीय वर्ष से विस्तृत सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा।सिविल लाइंस, कटरा, तेलियरगंज, बघाड़ा, जानसेनगंज, मुंडेरा, सुलेम सराय, दारागंज, अल्लापुर, सोहबतियाबाग, अलोपीबाग, नैनी और झूंसी सहित कई क्षेत्रों में ऐसी जमीनें चिन्हित की गई हैं। इनमें से कई भूखंडों की लीज पहले ही समाप्त हो चुकी है, जिन पर अब निगम अपना अधिकार स्थापित कर विकास कार्य शुरू करेगा।

एजी ऑफिस रोड, कमला नेहरू अस्पताल मार्ग, आजाद पार्क के पीछे की सड़क, जीटी रोड किनारा, राजापुर हनुमान मंदिर रोड और बेली अस्पताल के पास छोटी दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है।महापौर गणेश केसरवानी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य शहर को अधिक व्यवस्थित और सुंदर बनाना है। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना पर अगले वित्तीय वर्ष से अमल शुरू कर दिया जाएगा।

## ऑप्टिमाइजिंग डायलिसिस पर सीएमई का सफल आयोजन

**डायलिसिस तकनीशियनों के ज्ञानवर्धन पर विशेष जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के नेफ्रोलॉजी विभाग द्वारा ''ऑप्टिमाइजिंग डायलिसिस'' विषय पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम सीएमई का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाष चंद्रा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ल्लडायलिसिस तकनीशियन किडनी रोगियों की देखभाल की रीढ़ हैं, और उनके सतत प्रशिक्षण से ही उपचार की गुणवत्ता में सुधार संभव है। उन्होंने कहा की जब हमारे गुर्दे काम करना बंद कर देते हैं तो डायलिसिस के माध्यम से विषैला पदार्थ को बाहर निकलने का काम किया जाता है भौतिकतावाद के युग में लोग मानसिक शारीरिक कष्ट से गुजर रहे हैं अधिक मानसिक तनाव लेने की वजह से लोगों को बीपी शुगर और किडनी की समस्या से जुड़ना पड़ रहा है उन्होंने कहा किडनी से ग्रसित व्यक्ति को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए नमक की मात्रा कम करनी चाहिए और सब्जियां ताजे फल का सेवन करना चाहिए इस अवसर पर नेफ्रोलॉजी की डॉक्टर नमता राव ने कहा कि व्यक्ति यदि अपने रहन-सहन खान-पान पर ध्यान दें तो किडनी की बीमारियों से बच सकता है उन्होंने कहा किडनी से ग्रसित व्यक्ति को नशे से बचना चाहिए शराब बियर सिगरेट तंबाकू का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए उन्होंने कहा अधिक तेल मसाला से बनी हुई चीजों का भी प्रयोग नहीं करना चाहिएइस अवसर पर डायलिसिस विषय पर बोलते हुए जगत पाल वर्मा ने कहां की डायलिसिस के माध्यम से किडनी के मरीजों को स्वस्थ रखने की पहल की जाती है जो भी व्यक्ति किडनी रोग से ग्रसित होता है उसके अंदर विषैला पदार्थ को निकालने की प्रक्रिया को ही डायलिसिस कहते हैं उन्होंने कहा की डायलिसिस कोई इलाज नहीं है बल्कि किडनी से ग्रसित व्यक्ति के बेहतर स्वास्थ्य के लिए डायलिसिस करना आवश्यक होता है इस अवसर पर डॉ. विशाल पूनिया ने कहा कि किडनी से ग्रसित मरीज को चिकित्सकों की राय लेनी चाहिए डॉक्टर की देखरेख में डायलिसिस करनी चाहिए और समय-समय पर डॉक्टर से परामर्श लेते रहना चाहिए इस अवसर पर मेदांता अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आर.के. शर्मा ने डायलिसिस की गुणवत्ता मापदंडों पर प्रकाश डाला।सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस डॉ. रंजीत गंगवार, डॉक्टर शैलेंद्र डॉ. सांत पांडे, डॉ. राजेश जायसवाल एवं डॉ. नेहल अग्रवाल द्वारा की गई।कार्यक्रम के अंत में डॉ. नम्रता राव एस, आयोजन सचिव, ने प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार के सीएमई से तकनीशियनों में व्यावहारिक दक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दोनों का विकास होता है।

## कोरावं तहसील समाधान दिवस में राजश्व की आई सर्वाधिक शिकायते

**राजश्व क्षेत्र के मुताबिक नही है तहसील में लेखपाल की नियुक्ति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज । शनिवार के बजाय सोमवार को तहसील कोराव में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें सभी विभाग से मिलाकर 263 शिकायते आई जिसमे 12 का निस्तारण दिखाया गया शेष लंबित 251 प्रार्थना पत्र संबधित को जाँच कार्रवाही हेतु दिया गया सबसे ज्यादा सर्वाधिक शिकायत 138 राजश्व की आई शिक्षा विभाग की शिकायत शून्य बाकी अन्य विभाग की छूट पुट शिकायते आई एसडीएम के अलावा अन्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा सोचने वाली बात है कि जिस तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम तहसील के खुद करते है उन्ही के विभाग की सबसे ज्यादा शिकायते आती है अपने राजश्व की शिकायत की संख्या कम नही करा पा रहे यदि राजश्व विभाग की शिकायत कम हो जाये भूमि विवाद के कारण होने वाली आयेदिन मारपीट की घटना हत्या व भागदौड़ में काफी सहूलियत लोगो को मिल सकता है दूसरी तरह जिस अनुपात में राजश्व गाव है उसके मुताबित राजश्व कर्मी की नियुक्ति तहसील में नही है जिस कारण जो राजश्व लेखपाल है वे भी दबाव में कागजी कोरम पूरा कर निस्तारण नही करा पा रहे यदि राजश्व क्षेत्र के मुताबित नियुक्ति हो जाये तो मामलो के निस्तारण में तेजी आ सकती है साथ ही कुछ लेखपाल शराब के नशा में धुत रहते है प्राइवेट आदमी अपने साथ लेकर चलते ही उन्ही से अवैध तरीके से धन उगाही कराते है जिससे सरकार की छबि धूमिल हो रही है।

## प्रयागराज के वन विभाग में घोटाले की रिपोर्ट पर कार्रवाई की मांग में याचिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वन विभाग प्रयागराज में मस्टर रोल कर्मचारियों को लाभों के भुगतान में दस्तावेजी फर्जी वाड़े की सीबीआई जांच की मांग पर फिलहाल विचार न कर राज्य सरकार से तीन हफ्ते में याचिका पर जवाब मांगा है।याची का कहना है कि क्षेत्रीय वन अधिकारी मेजा ने डिविजनल डायरेक्टर सोसल फारेस्ट्री प्रयागराज को घपले की रिपोर्ट भेजी है। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जो सही कर्मचारी थे, उन्हें लाभ नहीं देकर फर्जी दैनिक कर्मचारियों को दस्तावेज में कूटकरण करके भुगतान किया गया है।

कोर्ट ने याचिका की अगली सुनवाई की तिथि 11 दिसम्बर नियत की है।यह आदेश न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने अनिल कुमार सिंह की याचिका पर उनके अधिवक्ता को सुनकर दिया है। याचिका में वन विभाग प्रयागराज में बड़े फर्जीवाड़े का गम्भीर आरोप लगाया गया है और मांग की गई है कि याची कि 2010-17 तक की सेवा जोड़कर लाभ दिया जाय।

### सरदार पटेल देश के लिए आदर्श, उन्हें सामाजिक बेड़ियों में नहीं बांटना चाहिए : अमरनाथ यादव

प्रयागराज । सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को दिव्य और भव्य ल्लएकता यात्राल्ल बनाने हेतु विधानसभा बारा संचालन समिति की योजना बैठक सोमवार को जसरा ब्लाक परिसर में हुई। मुख्य अतिथि अमरनाथ यादव ने कहा सरदार पटेल देश के लिए आदर्श हैं। उन्हें सामाजिक बेड़ियों में नहीं बांटना चाहिए।विधानसभा संचालन समिति बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष व यमुनापार जिला प्रवासी अमरनाथ यादव ने आगे कहा कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार रहे। एकता यात्रा में सभी वर्गों का समावेश हो। भारत की युवा शक्ति सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व कृतित्व को जानें और सम्मान करें, इसलिए ऐतिहासिक एकता यात्रा होनी चाहिए।एकता यात्रा के मीडिया प्रमुख दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि एकता यात्रा का शुभारम्भ 16 नवंबर को सुबह 8 बजे गंगाधाम पाडर से शुरू होगी।

## जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**कुल 506 प्रकरणों में से 8 का मौके पर किया गया निस्तारण, महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील मेजा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने पर विशेष बल दिया।इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जिलाधिकारी ने चार महिलाओं की गोदभराई एवं चार बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगने वाले टीकों के बारे में भी जानकारी ली।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 506 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीएम (प्रशासन) पूजा मिश्रा, एसडीएम मेजा सुरेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Smu-Catering-25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northem Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.11.2025 at 12:00 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-SMU-98-24-1 | BCN/ PF-2/5 | 10.11.2025 at 11:30 hrs. | SMU | SC |
| 2 | UNNAO | Catg-LKO-ON-SMU-104-25-1 | ON/PF-1/173 | 10.11.2025 at 11:40 hrs. | SMU | BPL-Women |
| 3 | DARIYABAD | Catg-LKO-DYD-SMU-5-24-2 | DYD/PF-1/13 | 10.11.2025 at 11:50 hrs. | SMU | ST |
| 4 | BHADOHI | Catg-LKO-BOY-SMU-111-25-1 | BOY/PF-1/70 | 10.11.2025 at 12:00 hrs. | SMU | FF/WW/WRE/LD |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3407/25

# सकरन में स्वयं सहायता समूहों के जरिए रोजगार सेवकों के हड़पे जा रहे अधिकार

**स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की माली हालत में नहीं हुआ सुधार जबकि कुछ नामचीन समूह अधिकारियो से मिलीभगत कर नाजायज फायदा उठा बन रहे धनवान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन, सीतापुर। महिला शसक्तिकरण के उद्देश्य से क्षेत्र की समस्त ग्रामपंचायतों में स्वयं सहायता समूहों का गठन करवा तकरीबन 10हजार महिलाओं को जोड़ा गया, कई प्रकार के प्रशिक्षण देकर हर घर नल योजना की जल सखी, मनरेगा मेट, केयर टेकर, विद्युत सखी, बैंक सखी,पोषण उठान इत्यादि के जरिए उनकी माली हालत में सुधार करने का प्रयास तो किया गया पर करोड़ों रूपए खर्च होने के बावजूद भी कुछ समूहों की कुछ महिलाओं की ही आर्थिक स्थिति में सुधार हो पाया बाकी 90 प्रतिशत महिलाओं की स्थिति आजतक ज्यों की त्यों ही बनी है।

मामला 1: मनरेगा कार्यो में उपयोग किए जाने वाले सी आई बी बोर्ड्स का निर्माण करने वाले स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं की आर्थिक स्थिति में मात्र अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को ही पूरी आमदनी का फायदा मिल सका बाकी महिला सदस्यों की स्थिति ज्यों की त्यों ही बनी हुई है।

मामला 2: क्षेत्र की ग्राम पंचायत बगहाढाख में समूह के नाम सस्ते गल्ले की दुकान आबंटित होने के बावजूद हुई आय में लाखों रुपयों के झोल में मात्र अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सचिव को ही लाभ प्राप्त हुआ बाकी की महिलाओं को आज तक एक रुपया नहीं दिया गया। समूह की सदस्य महिलाओं ने बताया कि हमारे समूह की न तो कभी बैठक होती है और न ही कोई जानकारी दी जाती है पर सुनने में आया है कि समूह के द्वारा लाखों रुपया कर्ज निकाल लिया गया है और कर्ज सिर्फ समूह की तीन महिलाओं ने बाँट लिया है पर कर्ज देना सभी को पड़ेगा हमलोग समूह में नहीं रहना चाहते है और समूह की पूरी जाँच करवाई जाए और लेन देन का लेखा जोखा सार्वजनिक किया जाए।

मामला 3: मनरेगा कार्यों में 20मजदूरों पर एक मेट की नियुक्ति के लिए समूह से प्रति ग्राम पंचायत कुछ महिलाओं को चयनित किया गया पर भ्रष्टाचार के चलते कुछ ग्रामपंचायतों में रोजगार सेवक का काम छीन कर महिला मेटों को आईडी उपलब्ध करवा दी गई और फर्जी मजदूर एन एम एम एस का खेल खेला जाने लगा इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नसीरपुर में महिला मेट अनीता कुमारी की आईडी पासवर्ड के जरिए प्रतिदिन मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी का खेल खेला जा रहा है।

मामला 4: प्रतिग्रामपंचायत बने सामुदायिक शौचालयों के रख रखाव के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई पर अफ़सोस प्रतिमाह निकलने वाली 6हजार रूपए की रकम मात्र एक महिला ही लेकर लखपति बन गई बाकी महिलाओं की माली दशा जस की तस आज भी बनी हुई है।

मामला 5: बीसी सखी, विद्युत सखी, जल सखी जैसी योजनाओं अन्य रोजगार परक योजनाएं संचालित करवा ट्रेनिंग इत्यादि भी दिलाई गई सरकार के लाखों रुपयों का बंदर बाँट भी जमकर किया गया पर धरातल पर समूह की महिलाओं की स्थिति अति भयावह है।ऐसे ही सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरते हुए एडीओ आई एस बी व बी एम एम सहित मेट नियुक्त कर चुके पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान, खाद्य एवं रसद विभाग निरीक्षक सहित तमाम होशियार समूह की महिलाएं व उनके पति - पुत्र अन्य दूसरी सदस्य महिलाओं के हिस्से को लूट रहे आखिर ऐसे गंभीर प्रकरण की जाँच कब या यूँ ही कागजो तक सिमटा रहेगा महिला सशक्तिकरण अभियान?

# गांव में आज भी अंधेरे का साम्राज्य आज़ादी के बाद भी नहीं पहुंची बिजली

**भीम आर्मी पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों का हंगामा, 10 किमी पैदल चलकर सौंपा ज्ञापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर । आजादी के 78 साल बाद भी विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत धनावा के मजरा पारपुरवा में अंधेरे का राज कायम है। करीब एक हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव में आज तक न बिजली के खंभे लगे, न तार खिंचे ग्रामीण आज भी ढिबरी की रोशनी में रातें काटने को मजबूर हैं।

बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। अंधेरे में बच्चे न तो होमवर्क कर पाते हैं, न परीक्षा की तैयारी। ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायतें दीं, लेकिन अब तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी।इस उपेक्षा से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को भीम आर्मी पार्टी के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में गांव से 10 किलोमीटर पैदल चलकर सांडा स्थित विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर अवर अभियंता सुरेश चंद्र को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की गई, तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश कुमार भारती, विनीत लोधी, अशोक गौतम, अवध राम, राजेश जाटव, राजू समेत भारी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।अवर अभियंता सुरेश चंद्र ने बताया कि ग्रामीणों का ज्ञापन प्राप्त हुआ है और विभागीय अधिकारियों को विद्युतिकरण के लिए पत्र भेजा गया है। गांव की उम्मीद अब फिर से जगी है देखना यह होगा कि विभाग का आश्वासन कब तक रोशनी में बदलता है।

# उप जिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा ने कसमंडा धान क्रय क्रेंद का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता


कैनविज टाइम्स

सरकार की छवि धूमिल कर रहे कागजों पर संचालित धान क्रय केंद्र

थाना पट्टी, बहिरीमऊ दहावा कसमंडा समितियों लगा ताला, निराश होकर लौट रहे किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा, सीतापुर । विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन सरकारी धान क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जिम्मेदारों के अनुसार सरकारी समितियों पर किसानों के धान की खरीद की जा रही है। जबकि 2 नवंबर 2025 को क्षेत्र की थाना पट्टी, बहिरीमऊ दहावा कसमंडा समितियों की मीडिया टीम द्वारा पड़ताल की गई। तो सभी समितियों पर ताला जड़ा दिखाई दिया। कुछ ग्रामीणों ने बताया थाना पट्टी का आवंटित क्रय केंद्र दिबियापुर गांव में लगा है। बहिरीमऊ का क्रय केंद्र बम्हेरा गांव में लगा है। किसानों ने बताया कहीं भी धान की तौल नहीं हो रही है। यदि तौल हो रही होगी तो सिर्फ कागजों पर हम लोग काफी परेशान हैं।धान के निर्धारित सरकारी रेट से व्यापारियों को 400 प्रति कुंतल कम में बेचने को मजबूर है। क्योंकि गेहूं सरसों की बुवाई होना है फसल बेचकर खाद की बीज की व्यवस्था करनी है। खाद बीज काफी महंगा मिल रहा है। सरकार किसानों के सम्मान के लिए काफी प्रयासरत है। लेकिन जनपद के कुछ भ्रष्टाचारियों द्वारा सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

कसमंडा, सीतापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत लगभग आधा दर्जन सरकारी धान क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें कसमंडा क्रय केंद्र का उप जिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंजीकृत किसान बम्हेरा निवासी अनुपम सिंह की तौल की जा रही थी। भानपुर निवासी राकेश सिंह की ट्राली खड़ी पाई गई। जिम्मेदारों के अनुसार सत्र 2025 -26 सरकारी समितियों पर किसानों के धान की खरीद 1 अक्टूबर 2025 से की जा रही है। जबकि 3 नवंबर 2025 को क्षेत्र की थाना पट्टी, बहिरीमऊ दहावा,कसमंडा समितियों की मीडिया टीम द्वारा पड़ताल की गई। तो थाना पट्टी का आवंटित क्रय केंद्र दिबियापुर गांव में लगा है। जहां पर केंद्र प्रभारी गोलू सिंह द्वारा लगभग एक माह बीत जाने के बाद मात्र सात किसानों से 460. 20 द्वद्द धान खरीद की पुष्टि कीगई। एवं बहिरीमऊ का क्रय केंद्र बम्हेरा गांव में लगा है। जहां पर गोलू सिंह द्वारा आठ किसानो से 480.40द्वद्द खरीद की पुष्टि की गई। जबकि कसमंडा क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी दिनेश कुमार द्वारा तीन किसानों से मात्र 60 कुंतल की खरीद बताई गई। किसानों के नाम की पुष्टि नहीं की गई। दिन के 11:00 तक कोई भी किसान केंटो पर नहीं मिले । सूत्रों ने बताया तौल कहीं नहीं हो रही है यदि तौल हो रही होगी तो सिर्फ कागजों पर हम लोग काफी परेशान हैं।धान के निर्धारित सरकारी रेट से व्यापारियों को ?800 प्रति कुंतल कम में बेचने को मजबूर है। *जब इस विषय पर उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा से जानकारी ली गई।* तो उन्होंने बताया दहावा क्रय केंद्र निरस्त है। बाकी सभी केंद्र संचालित हैं।

सवाल यह उठता है? जब केंद्र संचालित हैं। तो अभी तक एक माह में कसमंडा सेंटर पर मात्र 60 कुंतल की खरीद क्यों हुई। अन्य केदो पर भी 500 कुंतल के अंदर ही खरीद जिम्मेदारों की लापरवाही की गवाही दे रही है। स्पष्ट जवाब न देकर निरीक्षण कराकर समस्या का समाधान किया जाएगा। सरकार किसानों के सम्मान के लिए काफी प्रयासरत है। लेकिन जनपद के कुछ भ्रष्टाचारियों द्वारा सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

## कैप्टन संदीप अर्कवंशी चुनें गये अर्कवंशी युवा एकता मंच के नये अध्यक्ष

सीतापुर। सामाजिक संगठन अर्कवंशी युवा एकता मंच रजि0 द्वारा नवीन अध्यक्ष पद चयन कार्यक्रम का आयोजन सीतापुर जिले के झरेखापुर स्थित रजनी मैरिज लॉन में किया गया। आपको बता दें कि अर्कवंशी समाज के युवाओं द्वारा संचालित अर्कवंशी युवा एकता मंच रजि0 संगठन के नियमानुसार 18 माह पूर्ण होने पर नवीन अध्यक्ष पद चयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संगठन के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से संगठन में अहम भूमिका निभाने वाले कैप्टन संदीप बाबू अर्कवंशी को संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष एड आनंद अर्कवंशी के प्रस्ताव पर निर्विरोध नया अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संगठन की अनुशासन समिति से रामगोपाल अर्कवंशी, राकेश अर्कवंशी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), देवेंद्र सिंह अर्कवंशी, अर्जुन अर्कवंशी, शिव भगवान रघुनायक अर्कवंशी सहित संगठन के पूर्व अध्यक्ष विमल सिंह अर्कवंशी, प्रमुख महासचिव कुलदीप सिंह अर्कवंशी, ललित सिंह अर्कवंशी व अर्कवंशी समाज से सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

**15 दिनों में व्यवस्थाएं सुधारने हेतु जिलाधिकारी का अल्टीमेटम, लापरवाही करने पर होगी कठोर कार्यवाही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जिला चिकित्सालय सीतापुर एवं जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये।

ड्यूटी पर तैनात सभी चिकित्सकों एवं कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि कोई चिकित्सक अथवा कार्मिक ड्यूटी में लापरवाही करता पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। सभी स्टॉफ निर्धारित यूनीफार्म में रहे एवं पहचान पत्र भी साथ रखें। सभी वार्डों में ड्यूटी रजिस्टर रखा जाये एवं इसे नियमित रूप से अद्यतन किया जाये। इमरजेंसी वार्ड सहित सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों का विवरण प्रदर्शित रखा जाये।भर्ती मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हुये जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन मरीजों को उपलब्ध कराया जाये तथा मेन्यू प्रदर्शित भी किया जाये। शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंन कहा कि सभी बेडशीट प्रतिदिन मानकों के अनुसार अवश्य बदली जायें। चिकित्सालय में सी0सी0टी0वी0 कैमरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएं जैसे डिजिटल एक्सरे, पैथॉलाजी, सीटीस्कैन आदि का लाभ मरीजों को मरीजों को समय से मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित ड्यूटी के अनुसार चिकित्सक वार्डों में नियमित रूप से राउण्ड अवश्य लें।

जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये कि वह चिकित्सालय में उपलब्ध सेवाओं का नियमित रूप से पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें तथा भ्रमणशील रहकर मरीजों से भी नियमित रूप से फीडबैक अवश्य लें। पर्चा काउण्टर के पास हेल्पडेस्क नियमित रूप से संचालित रखी जाये।रेफर किये गये मरीजों की नियमित रूप से ट्रैकिंग किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिये रजिस्टर बनाते हुये ड्यूटी पर कर्मचारी तैनात किये जायें, जो रेफर किये गये मरीज के संबंध में फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में दर्ज करें।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 इन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों में आई कमी, सेंसर बेस्ड ऑटो टेस्टिंग ट्रैक बना मुख्य कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्थायी लाइसेंस प्रक्रिया में बदलाव से घटे आवेदक**

**सीतापुर में 50% से अधिक कमीसड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता जरूरी: एआरटीओ**

सीतापुर। जनपद सीतापुर में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले आवदेकों की संख्या में कमी आयी है। बीते वर्ष 2024 में अगस्त, से अक्टूबर, 2024 तक परिवहन विभाग द्वारा 3769 ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये गये थे जबकि वर्ष 2025 में अगस्त, से अक्टूबर, 2025 तक 1887 ड्राइविंग लाइसेंस जारी किये गये हैं।

एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि वर्ष 2024 के माह अगस्त में 1143, सितम्बर में 1714 एवं अक्टूबर में 912 लाइसेंस जारी किये गये थे। वहीं वर्ष 2025 के माह अगस्त में 480, सितम्बर में 640 एवं अक्टूबर में 767 लाइसेंस जारी किये गये हैं। स्थाई लाइसेंस जारी होने की कमी का प्रमुख कारण स्थाई लाइसेंस की परीक्षा में सेंसर बेस्ड आटो टेस्टिंग ट्रैक पर आवेदकों के फ़ेल होना माना जा रहा है। एआरटीओ (प्रशासन) ने जानकारी देते हुए बताया कि यातायात नियमों के पालन से ही सड़क हादसों में कमी आयेगी। उन्होने बताया कि 27 मई, 2025 को जनपद सीतापुर में शासन स्तर से स्थाई लाइसेंस को जारी करने की प्रक्रिया में एतिहासिक बदलाव किया गया है, जिसके चलते स्थाई लाइसेंस आवेदनों में कमी आयी है। उन्होने बताया कि शासन द्वारा दीपक इन्फोटेक कम्पनी को स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस की परीक्षा के लिये अधिकृत किया गया है जो कि खैराबाद अर्जुनपुर में संचालित है, जिसमें चार पहिया चालकों को 29 घंटे की ट्रेनिंग देना अनिवार्य है जबकि भारी वाहनों के लाइसेंस के लिये 38 घंटे की ट्रेनिंग को जरूरी किया गया है। उन्होने बताया कि ड्राइविंग सम्बन्धी कुल 10 प्रकार के प्रशिक्षण प्रत्यान चालन प्रशिक्षण केन्द्र (ए0डी0टी0सी0) में लिये जा सके है। इसके लिये अलग-अलग शुल्क भी निर्धारित है। उन्होने बताया कि चार पहिया वाहन की ट्रेनिंग के लिये 6000 रूपये, भारी वाहन के प्रशिक्षण के लिये 10000 रूपये, रिफ्रेसर कोर्स के लिये 1000 रूपये, व्हीकल मेन्टीनेंस के लिये 1000 रूपये निर्धारित किये गये हैं। उन्होने ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि परिवहनडाटजीओवीडाटइन के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये मोटर साइकिल व हल्के वाहन के लिये 350 रूपये शुल्क निर्धारित है जबकि स्थायी लाइसेंस के लिये 1000 रूपये के साथ प्रत्यान चालन प्रशिक्षण केन्द्र (ए0डी0टी0सी0) का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र अथवा टेस्ट का पास किया जाना अनिवार्य है।

उन्होने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि लर्निंग लाइसेंस बनवाने के बाद ड्राइविंग का प्रशिक्षण अवश्य ले जिससे स्थाई लाइसेंस के टेस्ट में आवेदक उत्तीण हो सके। साथ ही सड़क पर कुशल व दक्ष ड्राइवर तैयार हो जिससे भविष्य में सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सके। उन्होने बताया कि 01 नवम्बर, से 30 नवम्बर, 2025 तक यातायात माह चलाया जा रहा है जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है यातायात के नियम लोगो की सुरक्षा के लिये बनाये गये है। सड़क सुरक्षा किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही है बल्कि सम्पूर्ण समाज को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में किसी का परिवार न तबाह हो। उन्होने हेलमेट, सीटबेल्ट के नियमित प्रयोग करने की अपील की।

## महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 6 नवंबर को करेंगी जनसुनवाई

लखीमपुर खीरी। महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण और उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 6 नवंबर को जिले के दौरे पर रहेंगी।कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सुजाता कुमारी ब्लॉक फूलबेहड़ में नारी चौपाल में शामिल होंगी, जहां महिला सुरक्षा, स्वावलंबन तथा विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ लाभार्थियों से संवाद करेंगी।महिला आयोग के निर्देशानुसार यह जनसुनवाई उन महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है जिन्हें उत्पीड़न के मामलों में न्याय पाने में कठिनाई हो रही है। जनसुनवाई के पश्चात संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए जाएंगे।

## सीएम रेशम विकास योजना के तहत सैदापुर देवकली में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

लखीमपुर खीरी। रेशम विकास विभाग लखीमपुर-खीरी द्वारा राजकीय रेशम फार्म सैदापुर देवकली में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत पांच दिवसीय रेशम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित 30 लाभार्थियों को विभाग द्वारा प्रशिक्षण किट वितरित की गई। चयन में अजीविका मिशन समूहों तथा रेशम सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता दी गई है।विभाग के तकनीकी अधिकारी महेन्द्र शंकर और गोपाल चन्द्र ने प्रतिभागियों को रेशम उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक एवं फार्म प्रभारी प्रमोद कुमार ने प्रशिक्षण का शुभारंभ कराया।इस अवसर पर उप निदेशक (रेशम) अरविन्द कुमार ने योजना की रूपरेखा व प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि लाभार्थी रेशम उत्पादन बढ़ाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।क्षेत्र पंचायत सदस्य मो. याशीन ने योजना को क्षेत्र के कृषकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा सभी से इसका अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मो. याशीन, विकास विभाग के अधिकारी, अजीविका मिशन के समूह सदस्य, बहुउद्देश्यीय प्राथमिक रेशम सहकारी समिति के मुख्य प्रवर्तक महेन्द्र यादव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



रायबरेली। सामाजिक उत्तरदायित्व की कड़ी में हरचंदपुर विधानसभा के सताँव विकासखंड के ग्राम कोरिहर में ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने युवाओं द्वारा हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए युवाओं की हौसला ऑफजाई? की। गांव वासियों ने गांव में स्थापित महावीर त्स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं की आवश्यकता के दृष्टिगत एक इंडिया मार्का हैंडपंप की जरूरत की बात कही। जिसे सुनते ही उमेश सिंह के द्वारा तत्काल अपने निजी व्यय से हैंडपंप लगवाने का आश्वासन दिया ।भरोसा दिलाया कि कोई भी युवा किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए अगर पूरे मन से संघर्ष कर रहा है तो निश्चित उसको सफलता मिलेगी अगर कहीं भी किसी प्रकार का कार्य अथवा मेरे स्तर का कोई सहयोग आप लोगों को महसूस होता हो रहा हो जहां की आपके संघर्ष को मंजिल ना मिल पा रही हो ऐसी स्थिति में मैं पूरे समर्पण भाव से आपके साथ खड़ा हूं,और सदैव खड़ा रहूंगा । समाज के उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए अपनी जरूरतों को नजरअंदाज करना पड़ता है,, अगर आपका मन किसी का मदद करने का नहीं है, तो फिर ऐसी स्थिति में आपके पास चाहे जितना धन हो आप किसी को 1रुपये की मदद नहीं कर सकते हो इसलिए सामाजिक कार्य और उत्तरदायित्व को वही व्यक्ति पूरा करता है जिसके मन में कहीं ना कहीं समाज के प्रति भावनात्मक लगाव होता है।

## महराजगंज तहसील में बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

रायबरेली। तहसील सभागार में महराजगंज बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार तथा सीओ द्वितीय ऋतिक कपूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि एसडीएम गौतम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ल्बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू हैं न्याय व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए दोनों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं।ङ्क उन्होंने अध्यक्ष रामसनेही यादव व महामंत्री पंकज श्रीवास्तव सहित अनेक नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई ।

# आईसीआईसीआई बैंक पर डीएम की सख्ती, तीन दिन में मांगा जवाब

**वरना नगर निकायों के खाते होंगे ट्रांसफर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में सुस्ती दिखाना आईसीआईसीआई बैंक को भारी पड़ सकता है।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बैंक को तीन दिन में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए साफ कहा है कि यदि बैंक ने तय समय में जवाब नहीं दिया तो नगर निकायों के खाते अन्य बैंकों में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।सूत्रों के मुताबिक, अभियान के तहत आईसीआईसीआई बैंक को 43 लाभार्थियों को वित्तीय सुविधा देने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक एक भी प्रगति नहीं हुई। कई बैठकों में शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया, फिर भी बैंक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समीक्षा में जब मामला डीएम के संज्ञान में आया, तो उन्होंने सीधा एक्शन मोड अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की।डीएम ने जारी नोटिस में कहा है कि लगातार निर्देशों के बावजूद बैंक की निष्क्रियता अस्वीकार्य है। जनपद की विकास योजनाओं में सहयोग न करना शासन की प्राथमिकता के विपरीत है। जानकारी के अनुसार, जनपद की कई नगरीय निकायों के खाते आईसीआईसीआई बैंक में संचालित हैं और 15वें वित्त आयोग की धनराशि भी इन्हीं खातों से लेनदेन होती है। अब डीएम ने संकेत दिए हैं कि अगर बैंक ने रवैया नहीं बदला तो ये सभी खाते अन्य बैंकों को सौंपे जा सकते हैं। डीएम का यह कदम न केवल लापरवाह बैंकों को चेतावनी है, बल्कि जिले में योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में कड़े प्रशासनिक रुख का संदेश भी देता है।

# यातायात माह के तहत आईटीआई रोजा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। यातायात माह नवंबर के तहत आज आईटीआई रोजा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह के नेतृत्व तथा प्रभारी यातायात विनय कुमार पांडेय के संयोजन में हुआ।

कार्यक्रम में आईटीआई के प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। प्रभारी यातायात ने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नशे की हालत में वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए ड्राइविंग करने, ओवरस्पीडिंग, ट्रिपल राइडिंग एवं स्टंट जैसी खतरनाक गतिविधियों से बचने की अपील की। इस दौरान राहवीर योजना की जानकारी भी दी गई। कहा कि इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले राहगीरों को 25 हजार का इनाम और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि सड़क पर चल रहे प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा के लिए जरूरी है।कार्यक्रम में आईटीआई के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रशिक्षु एवं पीटीओ आरपी गौतम उपस्थित रहे।इसके अलावा यातायात पुलिस टीम ने रोजा अड्डा एवं जीआईसी तिराहे पर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया।

## सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत

रायबरेली। फिट युवा फार विकसित भारत के तहत सोमवार से महराजगंज विकास क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत बबुरिहा स्थित खेल मैदान में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। आयोजित खेल महोत्सव में पहले दिन एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल और क्रिकेट जैसे खेल कराए गए। खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि यह उत्सव जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर देगा।

## गुमशुदा की तलाश

नाम पूनम, पुत्री रामप्रसाद शुक्ला, ग्राम अम्बहिया मजरा सरावां, थाना हरगांव जनपद सीतापुर। हुलिया उम्र 19 वर्ष, रंग गोरा, कद 5 फुट, दुबला पतला शरीर पहनावा लाल रंग की कुर्ती,मटमैले रंग की पजामी व चप्पल। दिनांक 22-07-2025 को समय करीब रात 11 बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। जिसकी काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। अगर किसी व्यक्ति को इनके बारे में जानकारी प्राप्त होती है तो निम्नलिखित पते पर सूचना करने की कृपा करें। सूचना कर्ता रामप्रसाद पुत्र राम औतार ग्राम अम्बहिया मजरा सरावां, थाना हरगांव जनपद सीतापुर मो.7009695811 प्रभारी निरीक्षक थाना हरगांव , जनपद सीतापुर मो. 9454404247

# बदायूं की तंग गलियों से अब ई–रिक्शा उठाएंगे कूड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव, सांसद आदित्य यादव, पूर्व मंत्री आबिद रजा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया**

बदायूं। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और संकरी गलियों में कचरा उठान की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका परिषद ने सोमवार को एक नई पहल की शुरुआत की। पालिका की ओर से खरीदे गए 29 ई-रिक्शा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये ई-रिक्शा अब बदायूं की उन गलियों से भी कचरा उठाएंगे, जहाँ बड़े वाहन नहीं पहुँच पाते थे।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव, सांसद आदित्य यादव, पूर्व मंत्री आबिद रजा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। पालिका कार्यालय परिसर में इन ई-रिक्शा के लिए चार्जिंग स्टेशन भी तैयार किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने प्रदेश की मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है, और जनता महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी चरम पर है, जबकि गरीब और किसान दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्लसरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने और युवाओं को दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा किया था, न ही युवाओं को रोजगार। किसान खाद और डीएपी के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं। इतिहास में ऐसी स्थिति कभी नहीं रही। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है। ल्लदेश को दो गुजराती और दो पैसे वाले लोग चला रहे हैं। सरकार गरीबों, छात्रों और बेरोजगारों की नहीं सुन रही। यही वजह है कि देश में असंतोष बढ़ रहा है। पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि महंगाई चरम पर है और गरीब परेशान है। ल्लगरीबों के हित और देश के विकास के लिए समाजवादियों को एकजुट होना पड़ेगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो जनता फैसला करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सरकार केवल पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है, जो दिन-प्रतिदिन अमीर होते जा रहे हैं, जबकि गरीब वर्ग लगातार पिसता जा रहा है। सांसद आदित्य यादव ने नगर पालिका की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम बदायूं को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, ल्लये ई-रिक्शा उन गलियों में जाकर कचरा उठाएंगे, जहाँ बड़े वाहन नहीं पहुँच सकते। नगर पालिका का यह प्रयास काबिल-ए-तारीफ है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित के कार्यो में आगे है और जनता की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा सफाई व्यवस्था को लेकर यह फातिमा रज़ा का एतिहासिक कदम है लेकिन शहर के कूड़ा उठाने के साथ-साथ दिलो की गन्दगी भी दूर करके आपस में हर मजहब के लोग दिलों को भी साफ करे दिलों में मोहब्बत पैदा करे वर्तमान में नौजवान, गरीब किसान, सब परेषान है। एसआईआर प्रदेष में शुरू होने से प्रत्येक व्यक्ति को अपने वोट के अधिकार के लिए सभी कागज तैयार करने चाहिए ''ह'' से हिन्दू और ''म'' से मुसलमान जब ''ह'' और ''म'' मिलकर हम बनेगे तभी देष तरक्की करेगा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगर की तंग गलियों और वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए यह बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि पालिका ने इन वाहनों को डोर-टू-डोर कचरा उठाने के लिए क्रय किया है। ल्लअब कोई भी गली सफाई से वंचित नहीं रहेगी। इन ई-रिक्शा की मदद से हर घर से कचरा एकत्र होगा और नालियों में गंदगी जमने की समस्या काफी हद तक खत्म होगी,ङ्क उन्होंने कहा।पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने यह भी बताया कि यह योजना पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है, क्योंकि ई-रिक्शा से धुआं या प्रदूषण नहीं फैलता। ल्लहमारा उद्देश्य शहर को स्वच्छ और हरित बनाना है। बदायूं को मॉडल नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, बदायूं में लंबे समय से तंग गलियों में कचरा उठाने की दिक्कत बनी हुई थी। बड़ी गाड़ियों के न पहुँच पाने से नालियाँ जाम रहती थीं और दुर्गंध से लोगों को परेशानी होती थी। अब इन ई-रिक्शा के माध्यम से हर वार्ड में नियमित रूप से कचरा उठाया जाएगा। इन वाहनों के लिए चालक और सफाईकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि सफाई कार्य सुचारु रूप से चले। पालिका परिसर में बनाए गए चार्जिंग स्टेशन पर एक साथ कई ई-रिक्शा चार्ज किए जा सकेंगे। यह पहल न केवल सफाई में सुधार लाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। इस मौके पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, पूर्व डीजीसी जवाहर सिंह यादव, सांसद पीआरओ अवधेष यादव, साजिद नेता, अशोक खुराना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्वकप जीतने पर मनाया जश्न

संभल। आज अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने की खुशी में फुब्बारा चौक पर सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी,मिष्ठान और भारत माता की जय के नारों के साथ जश्न मनाया।नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि देश की भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक जीत हासिल करके बता दिया है कि भारत विश्व का उभरता हुआ देश है।जिसमे हर प्रकार की प्रतिभाएं निवास करती है।उनकी जीत हर नारी को प्रेरणा प्रदान करेगी।जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा भारत की बेटियों ने देश के 140 करोड़ नागरिकों का सीना चौड़ा कर दिया है।हमे उन पर गर्व है।कहा भारत को विश्व को दिलाने के लिए भारतीय टीम की जितने तारीफ की जाए कम है।उनके जज्बे को सैल्यूट है।समाजसेवी डॉ टीएस पाल ने कहा कि भारत की बेटियां हर खेल में भारत का नाम रोशन कर रहीं हैं।उनकी कढ़ी मेहनत और लगन में लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बार-बार बधाई। प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा भारत की खिलाड़ियों ने जिस जोश और जज्बे से बिश्वकप जीता वो तारीफ़े काबिल है उसी जश्न आज पूरा देश मना रहा है।इस दौरान नगर महामंत्री एड.शुभम अग्रवाल अभिनव शर्मा ,योगेश गोल्डन,आकाश आहूजा,आशा गोस्वामी,प्रतिभा चौधरी,डॉली शर्मा आभा रानी,मोनिका वार्ष्णेय,तुषार क्रिस्टल,प्रीति शर्मा,सीमा अग्रवाल,आरती सिंह,शालू,विक्रांत लाल,मोहित ,हिमांशु,मेधांश गोल्डन आदि उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बदायूं। विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह ''बब्बू भईया'' के विधानसभा की अति महत्वपूर्ण समिति प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति बनकर प्रथम बार बदायूं आगमन पर भव्य स्वागत के पश्चात महाराणा प्रताप चौक बदायूं पहुंचाकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञता व्यक्त की । इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने बब्बू भईया को अंग वस्त्र भेंटकर, माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश डॉ सुशील कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा बदायूं राकेश सिंह, संरक्षक क्षत्रिय सैनिक सभा विजय रतन सिंह, क्षत्रिय युवा सभा के जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला बार एसोसिएशन के महासचिव अरविंद परमार एडवोकेट, क्षत्रिय समाज विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश सिंह सिसौदिया, अमित तोमर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## डीएम एसएसपी ने किया कछला घाट का निरीक्षण

बदायूं। जिलाधिकारी बदायूँ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ द्वारा कछला गंगा घाट का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा आगामी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा कछला घाट पर गंगा स्नान किये जाने के दृष्टिगत कछला गंगा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधि0/कर्म0गण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उझानी श्री देवेन्द्र कुमार व प्रभारी निरीक्षक थाना उझानी व अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति का आगमन आज

बहजोई, सम्भल । 4 नवंबर 2025 को प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति जी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री जी अपराह्न 1:30 बजे विकासखण्ड रजपुरा के ग्राम सेमरी में राज्य तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। अपराह्न 3:00 बजे गंगा मेला परिसर सिसौना में माननीय मंत्री जी द्वारा गंगा मेले का उद्घाटन किया जाएगा। अपराह्न 3:30 बजे गंगा मेला परिसर सिसौना डांडा जनपद सम्भल/ जिला प्रशासन सम्भल द्वारा आयोजित सीएम दर्पण पोर्टल विकास कार्यक्रम एवं आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा बैठक में सहभागिता की जाएगी। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## घर से भागी नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बरसठी थानांतर्गत पुलिस ने घर से भागी नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे युवक को जंगी रोड चौराहा के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित दुष्कर्म की धाराओं में विधिक कार्रवाई की है। इस संबंध में थाना प्रभारी देवा नन्द रजक ने बताया कि बीते10 सितंबर को ग्राम चक नारायणपुर निवासी दिनेश गौतम पुत्र बचनु राम गौतम थाना बरसठी ने अपनी पुत्री श्वेता गौतम (16) के (काल्पनिक नाम ) अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। किशोरी घर से अचानक लापता हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में नामजद अभियुक्त आशीष कुमार गौतम (19) पुत्र रत्तीलाल गौतम, निवासी ग्राम चक नारायणपुर थाना बरसठी, घटना के बाद से फरार चल रहा था।आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कानपुर सीएसए परिसर में दो दिवसीय कृषक मेला पांच नवंबर से

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में कंपनी बाग़ स्थित चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए ) परिसर में पांच नवंबर से दो दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है।यह जानकारी सोमवार को सीएसए विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ. आरके. यादव ने दी। उन्होंने बताया कि किसान मेले में प्रदेश व देश की उच्च कोटि के बीज व नर्सरी, कृषि रक्षा, उर्वरक एवं पोषक तत्व, उन्नत कृषि यंत्र, पशु पोषण, गृह उद्योग आदि कृषि संबंधी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों व कंपनियों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्टॉल व शोध उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही पशु प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

## औषधि निरीक्षक ने लिए पांच दवाओं के नमूने

कन्नौज । सरकारी अस्पतालों से दी जाने वाली दवाईयों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज सीएचसी तालग्राम में औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी ने पांच दवाओं के सेंपल लिए। नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले डॉ. द्विवेदी द्वारा सी एच सी गुरसहायगंज से भरे गए नमूनों में सेरेटोपेप्टिडेज नामक दवा जांच में मानकों के अनुरूप नहीं मिली थी। बाद में इसके वितरण पर रोक लगा दी गई थी। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि नियम विरुद्ध मेडकिल स्टोर चलाने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर लाइसेंस को निलंबित अथवा निरस्त किया जाएगा।

# शिकारपुर में नगर पालिका का अतिक्रमणकारियों पर चला चाबुक, पुलिस की मदद से हटाए गए अवैध कब्जे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सोमवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने पुलिस बल के साथ खुर्ज़ा बस स्टैंड के पास सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर रखकर सब्जी बेचे जाने, फल और चाट पकौड़ी की ठेली लगाकर जाम लगवाने वालों की जमकर खबर ली**

शिकारपुर, मुरादाबाद। खुर्ज़ा बस स्टैंड से लेकर हेम पैलेस तक जाम लगाने वाले दुकानदारों और हाथ ठेली लगाने वालों की नगर पालिका परिषद द्वारा जम कर खबर ली गई है। पालिका कर्मियों ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटवा दिया। कई अवैध अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूला गया है।

सोमवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने पुलिस बल के साथ खुर्ज़ा बस स्टैंड के पास सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर रखकर सब्जी बेचे जाने, फल और चाट पकौड़ी की ठेली लगाकर जाम लगवाने वालों की जमकर खबर ली। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पालिका की आराजी पर अवैध रूप से टीन शेड डालकर, सीढ़ी बनाकर, तख्त व स्लैव डालकर किए गए स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को पालिका की जेसीबी व कर्मचारियों द्वारा हटाया गया। इस दौरान कई दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाओ टीम के लोगों के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि कई स्कूलों की बसों को नगर के अंदर से होकर ले जाए जाने के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बड़ी बस लगी हुई हैं। सुबह स्कूल खुलने के समय और छुट्टी होने पर बसों को एक साथ छोड़ा जाता है। जिस कारण यूको बैंक के पास जाम लग जाता है। क्योंकि बड़ी बस एक बार में मोड पर मुड़ नहीं पाती है जिस कारण चालक को कई बार बस को आगे पीछे करना पड़ता है जिससे काफी समय तक जाम लगा रहता है। अतिक्रमण हटाओ टीम द्वारा कई अतिक्रमणकर्ताओं से 8 हजार तीन सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया। बाद में ईओ ने पत्रकारों को बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे नगर में जारी रहेगा। उन्होंने लोगों को भविष्य में इस प्रकार दोबारा अतिक्रमण न करने व अपने प्रतिष्ठानों के आस-पास साफ-सफाई रखने की चेतावनी दी।

# अब 6 माह के भीतर किया जा सकेगा ऑनलाइन आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग ने समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया कि श्रम विभाग के अन्तर्गत उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित ल्लकन्या विवाह सहायता योजना' में बोर्ड द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को संशोधन किया गया है।

जिसके अन्तर्गत पूर्व की व्यवस्था अनुसार विवाह के 03 माह के अन्दर आनलाइन आवेदन किया जाता था, वर्तमान व्यवस्था अनुसार ऑनलाइन आवेदन 06 माह के अन्दर किये जाने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है तथा योजना अनुमन्य हितलाभ स्वाजातीय विवाह की स्थिति में रू0 55000/- हजार से बढ़ाकर रू0 65000/- हजार, अन्तर्ज़ातीय विवाह की स्थिति में रू0 61000/- हजार से बढ़ाकर रू0 75000/- हजार एवं सामूहिक विवाह की स्थिति में रू0 75000 से बढ़ाकर रू0 85000/- कर दिया गया है एवं आवश्यक अभिलेखों में पूर्व के अभिलेख के अतिरिक्त संबंधित रजिस्ट्री कार्यालय से विवाह पंजीकृत होने की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।उन्होंने बताया क उक्त योजना के अन्तर्गत वह सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिक पात्र होगें जो बोर्ड के अद्यतन 01 वर्ष की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके होगें तथा अपनी पुत्री के विवाह उपरान्त उपरोक्त व्यवस्था अनुसार आवदेन करना चाहतें हैं, वह अपना आवेदन ऑनलाइन नचइवबूणपद अथवा किसी नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से कर सकते हैं।

# हलिया जंगल में शिकारी गिरफ्तार, वन विभाग की टीम ने हथियार सहित दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मीरजापुर । उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में वन्यजीवों के अवैध शिकार पर शिकंजा कसते हुए हलिया वन रेंज की टीम ने देवघटा पांडेय गांव के जंगल से एक शिकारी को रंगेहाथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। टीम ने आरोपित के पास से मृत जंगली खरगोश, वनमुर्गा, दो तीतर (बटेर) और तीर, कैबर, गुलेल व बरछी बरामद की है।वन दरोगा सूरज पांडेय, शीतला बख्श सिंह व अंकुर शुक्ला के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपित राजू कोल निवासी देवघटा पांडेय (थाना हलिया) बताया गया है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह छह अन्य साथियों के साथ शिकार पर निकला था लेकिन वन विभाग की टीम को देखकर बाकी सभी फरार हो गए।टीम ने मौके से बरामद सभी शिकारी उपकरण और मारे गए जंगली जीवों को कब्जे में ले लिया। वन दरोगा सूरज पांडेय ने बताया कि पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी अवधनारायण मिश्र ने कहा कि वन्यजीवों की हत्या किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जंगलों में शिकार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार पटेल की जयंती व मतदाता पुनरीक्षण अभियान अधिक प्रभावशाली व तेज गति से हो संचालित: प्रकाश पाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में स्थित भारतीय जनता पार्टी के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर चल रहे अभियानों को और अधिक प्रभावशाली एवं तेज गति से संचालित किया जाए। साथ ही स्पेशल इंटेंसिव रिवीज़न (एसआईआर) मतदाता पुनरीक्षण अभियान को भी पूरी सक्रियता के साथ चलाया जाए।कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है कि 25 नवंबर तक सभी विधानसभाओं में सरदार पटेल जयंती के मौके पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।उन्होंने कहा कि इसी क्रम में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीज़न) मतदाता पुनरीक्षण अभियान को भी पूरी सक्रियता के साथ चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता सक्रिय रहकर नए मतदाताओं का पंजीकरण एवं मतदाता सूची में सुधार का कार्य करेंगे, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों में वरिष्ठ नेताओं को जिला प्रवासी के रूप में भेजने का निर्णय लिया




है, जो अपने-अपने जिलों में प्रवास कर संगठनात्मक गतिविधियों में चल रहे अभियानों को गति देने का कार्य करेंगे।क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि सभी जिला प्रवासी अपने जिलों में लगातार प्रवास कर न केवल सरदार पटेल जयंती से जुड़े अभियानों को बल देंगे, बल्कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार और एसआईआर अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन बूथ से लेकर मंडल और जिले तक एकजुटता के साथ कार्य कर रही है, ताकि पार्टी की नीतियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकास दृष्टिकोण जन-जन तक पहुंच सके।

# स्वामी शुकदेवानंद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**एसपी ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया खेल महोत्सव का शुभारंभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। खेल एवं शारीरिक स्वास्थ्य का जीवन में उतना ही महत्व है, जितना कि मानसिक स्वास्थ्य का। संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए खेल एवं क्रीड़ा गतिविधियां एक अनिवार्य घटक हैं।यह विचार एसपी राजेश द्विवेदी ने स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्वामी शुकदेवानंद खेल महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए।

एसपी ने कहा कि व्यस्त दिनचर्या में भी प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक गतिविधियों के लिए समय निकालना चाहिए, क्योंकि शारीरिक अक्षमता करियर विकास में बाधक बन सकती है। वहीं, मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने कहा कि खेलों में निष्ठा और अनुशासन के साथ भाग लेकर हमें अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाना चाहिए। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया गया, जिसका निर्देशन मेजर अनिल मालवीय ने किया। जबकि स्वागत गीत डॉ. कविता भटनागर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनुराग अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा उपसचिव डॉ. प्रांजल शाही ने दिया।कार्यक्रम में डॉ. जयशंकर ओझा, डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. मीना शर्मा, डॉ. आलोक सिंह, डॉ. संदीप अवस्थी सहित कई गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।खेल महोत्सव के पहले दिन 50 मीटर व 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। बालक वर्ग में अनिकेत, राजवंश और अंकुल पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में आर्या, निमरत और गुनगुन मौर्या विजेता रहीं। छात्रा वृंदा शर्मा के नेतृत्व में खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई तथा वसुंधरा, प्राची वर्मा और श्रेया पांडेय के नेतृत्व में मशाल दौड़ निकाली गई। इस दौरान छात्राओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर समारोह में उत्साह का संचार किया।

## बास्केटबाल में एसवीएन 'बी' को तिहरा और वॉलीबाल में दोहरा खिताब

प्रयागराज । शकुन विद्या निकेतन बी ने कलरव में आयोजित बास्केटबाल प्रतियोगिता के अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक वर्ग और अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले जीतकर तिहरा खिताब हासिल किया। वॉलीबाल में शकुन विद्या निकेतन ने अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग के खिताब पर कब्जा जमाया।शकुन विद्या निकेतन देवरख नैनी में सोमवार को खेले गये बास्केटबाल के बालक वर्ग के फाइनल मुकाबलों में अंडर-14 आयु वर्ग में शकुन विद्या निकेतन बी ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को, अंडर-17 में शकुन विद्या निकेतन ए ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को, अंडर-19 में शकुन विद्या निकेतन बी ने शकुन विद्या निकेतन ए को हराया।बालिका वर्ग में अंडर-14 आयु वर्ग पतंजलि ऋषिकुल स्कूल ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को और अंडर-19 में शकुन विद्या निकेतन बी ने शकुन विद्या निकेतन ए को हराया।वॉलीबाल में अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में शकुन विद्या निकेतन ने देव स्पोर्ट्स स्कूल को और अंडर-19 आयु वर्ग के फाइनल में शकुन विद्या निकेतन ने केवीएस नैनी को हराया।

# प्राकृतिक कृषि विषयक कार्यशाला आयोजित वक्ताओं को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्र ने दीप प्रज्जवलित कर किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला गंगा समिति के बैनर तले कृषि विभाग द्वारा उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर में प्राकृतिक कृषि विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया आदि ने मां गंगा व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना नमामि गंगे की सराहना करते हुए गंगा ग्रामों से आए कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. एनसी त्रिपाठी, प्रभारी अधिकारी केवीके ने कहा कि रासायनिक खेती से उत्पन्न दूषित खाद्य पदार्थ बीमारियों का कारण बन रहे हैं, इसलिए गौ आधारित प्राकृतिक खेती ही स्वस्थ विकल्प है। डॉ. नरेंद्र प्रसाद ने जैविक फसलों की वैज्ञानिक विधियों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. एचएच खान, डॉ. विमल कुमार एवं डॉ. महेश कुमार ने प्राकृतिक उर्वरक एवं कीटनाशक बनाने की जानकारी दी। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने इस पहल को निर्मल व अर्थ गंगा मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। प्रगतिशील कृषक राकेश कुमार पांडेय ने गौ आधारित खेती के अपने अनुभव साझा किए। गंगा ग्राम एत्मादपुर चक के एलआरपी राजेश सक्सेना व उनकी टीम ने जीवामृत बनाकर उसका प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. नेत्रपाल शर्मा (एपिडा, मेरठ) ने बासमती उत्पादन व निर्यात के विषय में मार्गदर्शन दिया। अंत में सभी वक्ताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और आभार व्यक्त किया गया।

# पति दे रहा था दूसरी शादी की धमकी, न्याय के लिए महिला बेटी संग चढ़ी पानी की टंकी पर

**घटना जिला मुख्यालय से 28 किलो मीटर दूर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र की है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में पति की दूसरी शादी से नाराज महिला अपनी तीन साल की बेटी को लेकर 50 फीट ऊंची पानी टंकी पर चढ़ गई। लोगों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने नीचे उतरने को कहा।महिला ने सुसाइड करने की धमकी दे डाली।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने भी महिला को नीचे उतरने के लिए कहा तो उसने रोते हुए कहा- मुझे मेरे पति ने छोड़ दिया है। घर से निकाल दिया है। दो महीने से बच्चों को लेकर भटक रही हूँ।पति खर्चा भी नहीं देता अब वो दूसरी शादी करने जा रहा है अब जीकर क्या करूंगी।पुलिस ने करीब एक घंटे की म शक्कत के बाद समझा-बुझाकर महिला को नी चे उतारा। परिवार परामर्श केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी काउंसिलिंग की गई ।महिला की लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलि स ने उसके पति को हिरासत में ले लिया है। दो नों के बीच सुलह कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना जिला मुख्यालय से 28 किलो मी टर दूर करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र की है। करनै लगंज कोतवाली क्षेत्र के मौर्यनगर निवासी नसरीन उर्फ माही (28) अपनी बेटी करिश्मा को लेकर सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे घर के पास स्थित सरकारी पानी टंकी पर चढ़ गई। 50 फीट की इस टंकी पर वह सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते 40 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गई।इसी दौरान कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी।लोगों ने नसरीन को नीचे उतरने के लिए कहा तो वह नीचे कूदकर सुसाइड करने की धमकी देने ल गी।सूचना मिलने पर कोतवाल तेज प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्हों ने न सरीन को नीचे उतरने को कहा,पर वह नहीं मा नी।करीब एक घंटे तक समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने नसरीन और उसकी बेटी को सुबह 10 : 30 बजे सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद नसरीन को कोतवाली के परिवार परामर्श केंद्र ले जाया गया।जहां उसकी काउंसिलिंग की गई।

### आठ साल पहले महिला की हुई थी शादी

नसरीन ने पुलिस को बताया- वर्ष 2017 में उसकी शादी मोहम्मद आसिफ वारसी से हुई थी। वो मजदूरी करता है। उसके तीन बच्चे अलीना (6), आरियान (5) और करिश्मा (3) हैं। आसिफ मजदूरी करता है। उसका किसी अन्य महिला से संबंध है।इस बात को लेकर आए दिन विवाद होता है।महिला ने बताया- आसिफ शराब पीकर घर आता है और मुझे और बच्चों को पीटता है। पति के प्रेम संबंध का विरोध करने पर उसने दो महीने पहले मुझे और बच्चों को घर से निकाल दिया। मैंने पुलिस और अधिकारियों से शिकायत की पर कोई का र्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सुसाइड करने के लिए आज पानी टंकी पर चढ़ गई।

### कोतवाल बोले- दूसरी शादी की पुष्टि नहीं

कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया- महिला की शिकायत पर जांच की गई है।पति की दूस री शादी की कोई पुष्टि नहीं हुई है। वह केवल धमकी दे रहा है।हालांकि मारपीट की बात सा मने आई है।पति के खिलाफ मुकदमा लिखकर उसे गिरफ्तार किया गया है।दोनों की काउंसि लिंग करके सुलह कराने की कोशिश की जा रही है।महिला और उसके बच्चों को पुलिस नि गरानी में रखा गया है।

## पराली जलाने से मुक्ति की ओर किसान चंदेला कला में जागरूकता अभियान संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय ग्राम स्तरीय जागरूकता अभियान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम चंदेला कलां वि0ख0 शिवपुर में आयोजित हुआ। परियोजना के नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन मिट्टी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बहुत छोटा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रत्येक किसान को उठाना अत्यन्त आवश्यक है ।

इस कार्य को गति देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित कर रही है । कारण लाभदायक कीट व सूक्ष्मजीवों की संख्या में गिरावट आती है । उन्होने बताया कि फसल अवशेष भारत में पशुधन के आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसानों के स्तर पर समय की कमी और लागत के बोझ के कारण खेतों में काफी मात्रा में फसल अवशेषों को जला दिया जाता है। इसी क्रम में केंद्र के फसल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉक्टर पी के सिंह ने बताया कि कटाई की उपयुक्त मशीनों के उपयोग से अधिक मात्रा में फसल अवशेषों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकती है और फसल अवशेषों की बर्बादी को कम किया जा सकता है। उन्होने बताया कि फसल कटाई के बाद बचे पुआल को जलाने का एक तरीका यह है कि खेतों को अगले वसंत में बीज बोने के लिए तैयार किया जा सके । हालांकि, कुछ किसानों को सामान्य तरीकों से पुआल से निपटना मुश्किल लगता है। खेतों में फसल अवशेष को जलाने के बदले खेत की सफाई के लिए बेलर मशीन का प्रयोग, फसल के अवशेष को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कंपोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार (मल्चिग) विधि से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचाना आदि, हैप्पी सीडर से गेहूं की बोआई की जानी चाहिए । पराली जलाने से सड़कों पर धुआं आदि फैलता है जिसके दौरान दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं किसानों को डॉक्टर पी के सिंह द्वारा पराली ना जलाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान ओमकार लोधी अलीनगर, राम जी अवस्थी, राम पलटन तिवारी, कृष्णा गोपाल पांडे, दिलीप कुमार पांडे, सीताराम पाठक, लल्लन प्रसाद लोधी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 18 महिलाओं ने रखीं अपनी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से देवीपाटन मंडल में ॒मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद॑ कार्यक्रम के तहत सोमवार को महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यह संवाद मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील के निर्देशन में मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुआ।जनसुनवाई में दूर-दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों से आई कुल 18 महिलाओं ने अपनी समस्याएं खुलकर अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान अपर आयुक्त (न्यायिक) मीनू राणा एवं उपायुक्त (खाद्य) विजय प्रभा ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई करते हुए प्रत्येक महिला की शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।महिलाओं की शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, नाली निर्माण, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि, पारिवारिक विवाद तथा सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और किसी भी महिला को न्याय के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।अपर आयुक्त मीनू राणा ने कहा कि मंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला ॒मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद॑ कार्यक्रम महिलाओं को अपनी बात निडर होकर रखने का मंच प्रदान करता है। इससे न केवल समस्याओं का समाधान होता है बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ भी सीधे पात्र महिलाओं तक पहुँचाने में सहायता मिलती है।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला सहायता हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत अन्य महिला हितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा या भेदभाव की स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें।जनसुनवाई में आई जानकी नगर ग्रामीण की अफसाना खातून ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनके घर से पानी निकलने के लिए अब तक नाली का निर्माण नहीं हुआ है। वह पिछले दो वर्षों से सचिव से नाली निर्माण की मांग कर रही हैं, लेकिन लापरवाही के कारण कार्य नहीं हो पाया है। उन्होंने आयुक्त से नाली निर्माण की दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की।अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अफसाना खातून सहित सभी शिकायत कर्ताओं की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा, ताकि महिलाओं को वास्तविक रूप से शासन की योजनाओं और न्यायिक व्यवस्था का लाभ मिल सके।

## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 टीम द्वारा तहसील सदर क्षेत्र में व्यापक दबिश अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना भदोखर अंतर्गत ग्राम कबुलियन एवं कल्याणपुर रैली में अवैध कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री की गतिविधियों की रोकथाम हेतु संदिग्ध स्थलों पर सघन जांच की गई। दबिश के दौरान टीम द्वारा कुल 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन या विक्रय में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। बाबू कृष्ण कुमार श्रीवास्तव वाचनालय में हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष द्वारा दिए गए त्यागपत्र के बाद नई कार्यकारिणी के गठन के साथ हुई। समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से धर्मेंद्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष तथा उमेश चंद्र शाह को महामंत्री नियुक्त किया। इसी क्रम में प्रेमनाथ मिश्रा को पूर्ववत कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। वहीं डॉ. दिनेश चंद्रा, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता एवं श्वेता सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही असीम शुक्ला को संयुक्त मंत्री, मुक्तेश्वर पोद्दार को संगठन मंत्री, प्रकाश वीर गुप्ता को लेखा परीक्षक, अभिलाष श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी, डॉ. विशेष सिंह को प्रचार मंत्री और खुशबू शर्मा को सहमंत्री का दायित्व सौंपा गया। जसवंत मिश्र को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रदान की गई। संस्थान की ओर से वरिष्ठ मार्गदर्शन के लिए सत्येंद्र श्रीवास्तव, डॉ. आनंद अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, रजनीकांत मिश्रा, ओमप्रकाश पोद्दार एवं धीरेंद्र सिंह को संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी को शीघ्र रजिस्टर्ड कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति की ओर से भविष्य में किए जाने वाले साहित्यिक और सामाजिक कार्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसी बीच समिति सदस्य नरेश अग्रवाल द्वारा वाचनालय में हिंदी साहित्य एवं व्याकरण की पुस्तकों का संकलन कर वाचन व्यवस्था प्रारंभ कराने का सुझाव दिया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

## महराजगंज तहसील में बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

रायबरेली। तहसील सभागार में महराजगंज बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार तथा सीओ द्वितीय ऋतिक कपूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि एसडीएम गौतम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ॒बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू हैं न्याय व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए दोनों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं।॑ उन्होंने अध्यक्ष रामसनेही यादव व महामंत्री पंकज श्रीवास्तव सहित अनेक नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। शपथ ग्रहण के दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं की एकता बनाए रखने और न्याय व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा किया गया।

## एसआईआर की एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दिए विस्तारपूर्वक दिशा-निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह सभागार में सोमवार को एसआईआर (स्पेशल इंस्पेक्शन रिपोर्ट) से संबंधित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की।

यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से विधानसभा पिपराइच (321) और विधानसभा गोरखपुर ग्रामीण (323) व 322 गोरखपुर शहर विधानसभा के सेक्टर, जोनल एवं संबंधित अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चुनाव है, और इसकी निष्पक्षता तथा पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्वाचन प्रक्रिया के हर चरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही न हो। एसआईआर के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र का सूक्ष्म निरीक्षण अनिवार्य है ताकि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी समय से पहले पूर्ण कर ली जाए।डीएम ने कहा कि एसआईआर रिपोर्ट केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह प्रशासन की तैयारी का दर्पण होती है। इसमें मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति, बिजली, पेयजल, शौचालय, मार्ग, भवन की मजबूती, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी सही-सही अंकित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों पर कोई कमी या समस्या है, उन्हें तत्काल सुधार के लिए संबंधित विभाग को सूचित करें और उसकी प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन दें।डीएम ने अधिकारियों से कहा कि संवेदनशील और अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान अत्यंत सतर्कता के साथ की जाए।

## साइबर ठगी के शिकार लोगों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फ्राड की गईं उनके गायब करीब दो लाख चालीस हजार छह सौ बीस रूपये साइबर सेल टीम के प्रयास से खातों में वापस आ गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । साइबर ठगी के शिकार छह पीड़ितों के चेहरे पर मंगलवार को मुस्कान लौटी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फ्राड की गईं उनके गायब करीब दो लाख चालीस हजार छह सौ बीस रूपये साइबर सेल टीम के प्रयास से खातों में वापस आ गई।पैसे वापस मिलने पर पीड़ितों के चेहरे पर लौटी मुस्कान,पीड़ितों ने कोतवाली नगर पुलिस गोण्डा पुलिस को कि या धन्यवाद है।

जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्य वाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली नगर साइबर टीम द्वारा पीड़ितों से फ्रॉड की गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक,इंटी मेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि पीड़ितों के खाते में वापस करायी गयी। पीड़ितो द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।

पुलिस अधीक्षक ने जनता को जागरूक करते हुए अपील की गई कि साईबर वित्तीय हेल्पलाइन 1930 पर साईबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल सूचना अंकित कराये।सूचना विलम्ब से देने पर साईबर अपराधियो द्वारा धन निकालने के उप रान्त पैसा वापस होने की सम्भांवना बहुत कम होती है।ऑनलाइन सामान की खरीददारी कर ते हुये अधिकृत वैबसाइट से ही सामान खरीदे व किसी भी प्रकार के लोभ लुभावने अवसरो फर्जी साइट,धनराशि दोगुना करने वाले अंन जान अवसरो के प्रलोभन में न आयें।किसी भी ऑनलाइन ट्रेडिग साइट व लॉटरी एवं ईनाम जी तने के लालच में आकर धनराशि देने तथा अप नी व्यक्तिगत जानकारी व महत्वपूर्ण डाटा शेयर करने से बचना चाहिये।किसी भी प्रकार का ऑनलाईन ट्रेडिग लेने से पूर्व उक्त साइट की पूर्ण जानकारी व स्थानीय बैंक,सम्बन्धित कम्पनी आदि से भलीं भांति इसकी जांच पड़ताल अवश्य करा लें।कोई भी शक होने पर तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पलाईन 1930 या साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को सम्पर्क करें ।

## जिला पंचायत की बैठक आज

बहराइच । अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि 04 नवम्बर 2025 को अपरान्ह 01:30 बजे से जिला पंचायत बहराइच के सभागार में अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में ''विकसित यूपी/2047रू समृद्धि का शताब्दी पर्व'' विषयक बैठक आहूत की गई है। जिसमें विकसित यूपी/2047, मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 तथा घटी जीएसटी मिला उपहार विषयों पर विचार विमर्श एवं चर्चा की जायेगी। अपर मुख्य अधिकारी ने जिला पंचायत के समस्त निर्वाचित एवं पदेन सदस्यों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## सरयू नदी में 08 नवम्बर को होगा मत्स्य अंगुलिका का संचय

बहराइच । प्रभारी सहायत निदेशक मत्स्य ने बताया कि रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत 08 नवम्बर 2025 को अपरान्ह 02:00 बजे सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा श्री मरी माता मंदिर स्थित सरयू नदी में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार भारतीय मेजर कॉर्प मत्स्य अंगुलिका (80-100 एम.एम.) के 02 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं संचय किया जायेगा।

## राहत जनता इंटर कॉलेज में मनाया गया राहत डे

**प्रतिभाशाली छात्राओं को किया गया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। नगर के सुप्रसिद्ध एवं प्राचीन शिक्षण संस्थान राहत जनता इंटर कॉलेज में सोमवार को उत्साह व उमंग के साथ राहत डे का आयोजन किया गया। साहित्य, संस्कार और शिक्षा के संगम से सजे इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन कर उपस्थित जनों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्रा सना सईद द्वारा कुरान पाक की तिलावत से हुआ। इसके उपरांत बुशरा इसरार ने हम्द ओ सना तथा असमिया खान ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा पेश कर माहौल को आध्यात्मिक रंग से भर दिया।

देशभक्ति की भावना को प्रखर करते हुए शाहीन दरकशां एवं हुमैरा ने ओजपूर्ण हिंदी भाषण दिया, वहीं इशरत नज्म, सारिया नाज और हुमैरा खातून ने नात प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शान बढ़ाई। राहत दिवस एवं अल्लामा इकबाल की शिक्षाओं पर पत्रकार नदीम सिद्दीकी, गाजी इमाम आला और सईद अहमद ने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। मदरसा अजीजुल उलूम के मौलाना मोहम्मद आरिफ रजा कादरी के संबोधन को दर्शकों ने सर्वाधिक सराहा और तालियों से स्वागत किया। इसके अलावा रुखसाना पूनम और आमना खातून की गीत एवं नात प्रस्तुति ने भी खूब प्रशंसा प्राप्त की।

समारोह के दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में शिफा खान, रहनुमा, तुबा परवीन और सुमरन को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। राहत जनता इंटर कॉलेज की स्थापना वर्ष 1954 में हुई थी। प्रारंभ में जूनियर हाईस्कूल के रूप में शुरू हुए इस संस्थान को बाद में हाईस्कूल और तत्पश्चात इंटरमीडिएट की मान्यता प्राप्त हुई। विद्यालय ने तभी से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में मास्टर असद यार बेग, रईस सिद्दीकी पत्रकार, मास्टर रफीक अहमद सिद्दीकी, पूर्व प्रवक्ता सईद अहमद, रफीक ठेकेदार, मास्टर आफाक, सुरेश शाह, केशव पांडे, मास्टर अख्तर हुसैन, पूर्व चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद नानपारा नशीबुन्निशा उर्फ मलूकन, नंबर एक कॉलोनी मदरसा के मोहतमिम मौलाना मोहम्मद इलियास कासमी, मास्टर अख्तर हुसैन जाफरी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन ठाकुर अब्दुल शहीद खां ने किया।

## डीआईजी एस. चनप्पा ने की साइबर अपराधों की समीक्षा बैठक

**सभी जनपदों के साइबर सेल प्रभारियों को दिए निर्देश**

**साइबर जागरूकता बढ़ाने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर दिया जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चनप्पा ने आज परिक्षेत्र कार्यालय में परिक्षेत्र के सभी जनपदों के साइबर सेल प्रभारियों के साथ साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों की समीक्षा गोष्ठी आयोजित की। बैठक में डीआईजी ने साइबर अपराधों की रोकथाम, शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा आम नागरिकों में साइबर जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।डीआईजी एस. चनप्पा ने बैठक में कहा कि बदलते तकनीकी दौर में साइबर अपराध तेजी से अपना स्वरूप बदल रहा है। अपराधी आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर आम जनता को ठगने के नये-नये तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में पुलिस को सतर्कता, दक्षता और त्वरित कार्रवाई के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षित कर्मियों की टीम सक्रिय रूप से काम करे और हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे।डीआईजी ने सभी साइबर सेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक प्राप्त शिकायत की गंभीरता से जांच करें और प्रथम दृष्टया कार्रवाई में विलंब न होने दें। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को राहत पहुंचाना और अपराधियों को शीघ्र पकड़ना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों की ट्रैकिंग, तकनीकी विश्लेषण और बैंकिंग संस्थाओं के साथ समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि धन की रिकवरी समय रहते हो सके।बैठक में डीआईजी ने यह भी कहा कि साइबर अपराध केवल आर्थिक धोखाधड़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सोशल मीडिया दुरुपयोग, डेटा चोरी, फर्जी पहचान और महिलाओं से संबंधित अपराध भी शामिल हैं। उन्होंने साइबर सेल टीमों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में तुरंत एफआईआर दर्ज करें और जांच को प्राथमिकता दें।समीक्षा के दौरान डीआईजी ने परिक्षेत्र के सभी जनपदों के लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की और कमियों की पहचान करते हुए सुधारात्मक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक साइबर सेल अपने जिले में साइबर जागरूकता अभियान चलाए, जिसके अंतर्गत विद्यालयों, कॉलेजों, बैंकों, सरकारी दफ्तरों और ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए।डीआईजी ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जनजागरूकता है। लोगों को यह समझाने की जरूरत है कि वे किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर अपनी निजी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

# चेयरमैन की अध्यक्षता में 81 करोड़ का बजट पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।नगर पालिका परिषद के मूल बजट 2025-26 की बैठक सोमवार को दोपहर 02:00 बजे आहूत की गयी, जिसमें 81 करोड़ रूपये से अधिक का बजट सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इसके अलावा बैठक अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कई विषयों पर चर्चा कर सहमति दी गयी। जिसमें तय किया गया कि आगामी बैठको में पिछले महीने के आय-व्यय का वयैरा बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा। पालिका के वाहनो के लिए पार्किग स्थल की व्यवस्था बनाने पर सहमति दी गयी। बैठक पालिका अध्यक्ष डा0 आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता,एडीएम न्यायिक रोशनी यादव विशेष आमंत्रित सदस्य, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार एवं राज्यमंत्री प्रतिनिधि राकेश सिंह की मौजूदगी में हुई। बैठक आयोजित की गयी, बैठक का मुख्य विशय बजट को पास कराना था। आज की बैठक में कुल 23 सभासद मौजूद रहे, जिसके बाद बैठक शुरू होते ही सभासदो ने कहा कि विकास से सम्बन्धित बजट को पास करने में देरी नही करनी चाहिए। सभी सभासद सहमत है जिसपर सभासदो ने एक स्वर में बजट को पास करने की सहमति प्रदान कर दी और 81 करोड़ रूपये से ऊपर का बजट पास कर दिया गया। पालिका अध्यक्ष डा0 आस्था अग्रवाल से अनुमति



लेकर लेखाकार रोशन लाल द्वारा दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.10.2025 तक पालिका द्वारा कुल आय रूपये 21,62,39,509.00 के सापेक्ष 29,16,66,662.00 रूपये का व्यय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया, चर्चा उपरान्त उपस्थित सभी वार्ड मेम्बरर्स ने सहमति जताई। इसके अलावा बैठक के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक साबिर अली ने बताया की वाटर बाक्स में कम्पयूनिटी सेन्टर बनाये जाने की वजह से वाहन खड़े करने में अवरोध उत्पन्न हो रहा है, जिसपर चर्चा उपरान्त बिजली घर तिराहा पर खाली पड़ी जमीन पर उचित व्यवस्थाऐ करके पालिका के वाहनो की पार्किग कराये जाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। कुछ सभासदो ने कहा कि आय-व्यय का बयौरा दिया जाना चाहिए, जिसमें बैठक में तय हुआ कि आगामी सभी बैठको में पिछले माह का आय-व्यय बयौरा प्रस्तुत किया जायेगा। श्रीमती शशीबाला कटियार के प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ समाजसेवी बाबू वीर सिंह के नाम पर मोहल्ला खुशीमल में उनके आवास वाली गली का नाम उनके नाम पर रखने पर बोर्ड में सहमति बनी। पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के समीप स्थित दसवा स्थल पर मुक्तिधाम समिति के प्रार्थना पत्र को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण, हाईमास्ट लाइट, कर्मचारी नियुक्त किये जाने पर बोर्ड ने अपनी सहमति दी। सभासद बतनदीप मिश्रा व साकेत सक्सेना की मांग पर पालिका कार्यालय परिसर में सभासदो के बैठने के लिए सभासद कक्ष के निर्माण किये जाने पर सर्वसम्मति से बोर्ड ने स्वीकृति दी। गॉधी स्टेडियम में खिलाड़ियों के आवागमन के दृष्टिगत सड़क निर्माण व प्रकाश व्यवस्था के लिए हाईमास्ट लाइट लगाये जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी। बैठक में सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, अनस अंसारी, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, बतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह टीटू, इकबाल हजरत, शरीफ अंसारी, राशिद हुसैन, जाहिदा बी, शबनम, शैलेन्द्र कौर, निजाकत अली कादरी, पुष्पा उपाध्याय, शिखा वर्मा, श्यामलता, माया देवी, रतना शुक्ला, पल्लवी, राजेन्द्र भारती, चैतन्य गंगवार, सुरेश लोधी, एहतशामबली खां आदि मौजूद रहे। ज्ञात हो 14 अगस्त को हुई वोर्ड बैठक में सदर विधायक (पदेन सदस्य) के प्रतिनिधि राकेश सिंह के साथ 14 सभासद में पल्लवी, राजेन्द्र कुमार, शिवम श्रीवास्तव, रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह, चैतन्य गंगवार, महनाज बेगम, सुरेश कुमार, माया देवी, षिखा वर्मा, एहतिशाम वली खां, ऊषा देवी, श्यामलता, पुष्पा उपाध्याय पालिका सभाकक्ष के वाहर रूके रहे, तद्उपरान्त 14 सभासदो ने पालिका सभाकक्ष से वाहर खड़े रहकर विशेष वोर्ड बैठक में व्यवधान उत्पन्न किया एवं वोर्ड बैठक का माहौल खराब करने का प्रयास किया था। उसके बाद उपस्थिति पंजिका के अवलोकन व सभासदगण की भौतिक उपस्थिति के दृष्टिगत गणपूर्ति न होने के कारण उक्त विशेष वोर्ड बैठक तत्काल स्थगित की गई तथा अग्रिम विशेष वोर्ड बैठक दिनांक 18.08.2025 दिन सोमवार दोपहर समय 3:00 बजे को आहूत की गई। साथ ही साथ सभी सभासदों को वोर्ड एजेण्डा तत्काल निर्गत किये जाने के आदेश अधिशासी अधिकारी द्वारा वोर्ड लिपिक को दिया गया। गणपूर्ति न होने के कारण मूल वजट पर कोई चर्चा नही हुई। 18 अगस्त को पुनः बैठक आहूत की गई, सभाकक्ष में सभी 27 सभासदगण उपस्थित हुए एंव उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर किए। तद्उपरान्त पालिका का मूल बजट वर्ष 2025-2026 वोर्ड में उपस्थित सभी सभासदों के बीच लेखाकार श्री रोशन लाल द्वारा पढा गया सुना गया। व्यवधान होने के कारण मूल बजट पर उस दिन भी कोई चर्चा नही हो पायी थी।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने अपने विकासखंड पूरनपुर में नवनिर्मित ''सभागार'' का मुख्य अतिथि विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान से फीता कटवाकर किया उदघाटन ब्लॉक के सभागार में समीक्षा बैठक की गई।जिसमें क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की बिंदुबार समीक्षा की इस दौरान मनरेगा, इंदिरा आवास, लोहिया आवास, राज्य वित्त एवं चौदहवां वित्त द्वारा हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा की समीक्षा के दौरान धीमी प्रगति पर कर्मचारियों को नाराजगी जताकर कार्यों मे तेजी लाने के निर्देश दिए कर्मचारियों को समयबद्ध काम निपटाने व क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम में चल रहे विकास कार्य जिसमें लोहिया आवास निर्माण, इंदिरा आवास निर्माण,शौचालय निर्माण के अलावा राज्य वित्त एवं चौदहवां वित्त से कराए जा रहे निर्माण को समय से पूरा करने की हिदायत दी सभी को संबोधित कर क्षेत्र के विकास हेतु विस्तृत वार्ता की कार्यक्रम में विधायक बाबूराम पासवान,ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,खंड विकास अधिकारी हेमन्त यादव,बहादुर सिंह उपाध्यक्ष गन्ना समिति, कौशल बाजपेई,अनुपम बाजपेई, ध्रुव सिंह,महेश यादव प्रधान, सोमपाल गौतम प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश वर्मा, मिलाप सिंह, जितेंद्र सिंह, महेश यादव , सलीम खान, विवेक सरकार सहित समस्त प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे है।

## परिषदीय विद्यालय में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर बिल्हा में निर्माणाधीन सरकारी स्कूल के निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने के आरोप लगाए। ग्रामीणों ने इसका विरोध दर्ज किया और मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही सरकार की ओर गांव अजीतपुर बिल्हा में एक सरकारी स्कूल का निर्माण कार्य किया जा रहा है स्कूल निर्माण में अधिकारियों द्वारा बिल्कुल घटिया स्तर की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिसे लेकर ग्राम पंचायत व ग्रामीण कई बार ऐतराज कर चुके हैं और इसे लेकर अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और घटिया निर्माण सामग्री से ही स्कूल के निर्माण का कार्य जारी है जिस कारण ग्राम पंचायत व ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने इसकी जांच करवाये जाने की मांग की है और जो भी अधिकारी स्कूल निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का दोषी पाया जाए उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## राइस मिलर के आसपास भर पानी डीएम ने पहुंचकर किया निरीक्षण

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चैराहे के निकट स्थित चार-पॉच राइस मिले हैं।जिनके आसपास जलभराव की समस्या बनी रहती है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 को निर्देश दिए कि नाला निर्माण हेतु स्थल का मुआयना किया जाये। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण होने से राइस मिल्स व आसपास के क्षेत्र के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी।निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्टेट विजय वर्धन तोमर, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## चाइल्ड हेल्प लाइन पीलीभीत को मिला मुक बधिर बालक

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.09.2025 को चाइल्ड हेल्प लाइन पीलीभीत के द्वारा एक मुक बधिर बालक आयु लगभग 17 वर्ष, रंग गेहुआ, कद लगभग 5 फुट 07 इंच लावारिस घूमता हुआ प्राप्त हुआ है। उक्त बालक के सम्बन्ध में कोई अभिभावक एवं संरक्षक यदि हो जिला प्रोबेशन कार्यालय पीलीभीत विकास भवन कमरा नम्बर 62 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## एडीएम ने पकड़ी फर्जी धान की खरीद केन्द्र प्रभारी को किया पुलिस के हवाले

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीलीभीत की नवीन मंडी स्थल मे चल रहे धान क्रय केन्द्र पर सोमवार सुबह धान खरीद की प्रभारी अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया अचानक स्थानीय मंडी में धान खरीद की हकीकत परखने पहुंची जहां उन्होंने पीसीयू केंद्र संख्या-3 पर केंद्र प्रभारी मुजाहिद का मोबाइल चेक किया मोबाइल में आढ़ती व्यापारी की केंद्र पर तौल को लेकर व्हाट्सएप चैटिंग पाई गई व्यापारी के सहारे पर फर्जी धान खरीद मिलने पर उन्होंने पुलिस को बुलाकर केंद्र प्रभारी को पुलिस के हवाले कर दिया, एडीएम ने पीसीयू जिला प्रबंधक को केंद्र प्रभारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन पीसीयू के मंडी में लगे केंद्र संख्या तीन का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर केंद्र प्रभारी की व्हाट्सएप चैटिंग चेक की तो वह एक आढतीया की पाई गई इसके बाद एडीएम मै. लाल बहादुर लाल हरि ओम बिहारी के प्रोपराइटर सचिन अग्रवाल की आढ़त पर पहुंची और वहां भी अभिलेख चेक किए, एडीएम की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

## एमआरएफ सेंटर पर साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के तत्वाधान में सोशियोवाईटल नेटवर्क फाउंडेशन टीम के द्वारा MRF सेंटर पर साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित वाहन चालक, गाड़ी हेल्पर ट्रॉली मैन , ख्रटक्कहेल्पर,वॉर्ड इंचार्ज शामिल रहे प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कचरा पृथक्करण में कार्यरत सभी कर्मचारीयों को पृथक्करण व शोर्षसेग्रीगेशन तथा MRF वर्कर्स को खाद बनाने की विधि से लेकर सूखे कचरे का अलगाव व पुनर्चक्रण के बारे में अवगत कराना था सुरक्षा के लिए ध्ध्व के उपयोग सभी कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा कवच का प्रयोग अवश्य करना चाहिए जैसे- मास्क ,ग्लब्स , बूट,हेलमेट,इत्यादि वाहनों की साफ सफाई रखना प्रतिदिन धुलाई करना एवं साप्ताहिक मेंटेनेंस जांच करना रिपोर्टिंग के समय सभी कर्मचारियों को समय पर आना। आपस में मिलजुलकर काम करना। क्2ककलेक्शन को और अच्छा कैसे किया जाए समुदाय के सभी लोगों के साथ सही व्यवहार को रखना सभी कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई । शपथ में शामिल पूरनपुर के क्2ककचरा संग्रहण इस माह में 100% तथा सोर्स एग्रीगेशन 85% करने का टारगेट हैं।

## समाजसेवी अनिल सिंघल की तीसरी पुण्यतिथि पर हुआ गौ सेवा कार्यक्रम

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजसेवी स्वर्गीय अनिल सिंघल की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर जागृत गृहणी तिनिश के तत्वावधान में आसाम रोड स्थित नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला में एक दिवसीय गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 85 गौ माताओं की सेवा की गई। महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर गौमाताओं को चारा, गुड़, रोटियां और सब्जियाँ खिलाकर पूजा-अर्चना की। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता के सहयोग से यह सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सेवा के दौरान सभी गौमाताओं और नंदी बाबा के गले में रेडियम की घंटियाँ बाँधी गईं। साथ ही सर्दी से सुरक्षा हेतु गौशाला में हीटर भी दान किया गया। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष संगीता सिंघल, नवीन अग्रवाल, रेणु खुराना, उमा शर्मा, प्रवेश महाजन, संध्या गुप्ता, किरण गुप्ता, सरस्वती बजाज, सुधा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, शिवम् सिंघल, अभिसार, श्रुति, मनीषा, प्रतीक, प्रियांशु, हिमांशु, नरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य गौसेवा के माध्यम से स्वर्गीय अनिल सिंघल के समाजसेवी जीवन और मानवीय मूल्यों को स्मरण करना रहा।

## त्रिसुंडी में गलियारा में मिट्टी डालने को लेकर हुई हत्या के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामगंज पुलिस ने गलियारा में मिट्टी डालने को लेकर हुये मामूली विवाद में एक युवक की हत्या के आरोप में वांछित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव त्रिसुण्डी निवासी संजय पुत्र कन्हैया लाल द्वारा थाना रामगंज पर तहरीर दी गयी कि एक नवम्बर को को उनके भाई मुकेश अपने घर के बगल रास्ते में भरे हुये बरसात के पानी में अपने दरवाजे के बगल से मिट्टी ले जाकर डाल रहे थे उसी बात को लेकर उनके घर के बगल के ही विपक्षीगण द्वारा मुकेश को गाली देते हुये लात घूसों व लाठी डण्डों से मारा पीटा गया जिससे उसके भाई मुकेश को गम्भीर चोटें आई। घायल अवस्था में मुकेश को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# खराब हुई फसलों के लिए मुआवजे की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शहर अध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।ज्ञापन में बताया गया कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है और सुल्तानपुर जनपद की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश ने धान, आलू, हरी सब्जियों और तिलहन की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों को बड़े पैमाने पर आर्थिक क्षति हुई है। कांग्रेस ने मांग की है कि किसानों को हुए फसल नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। शकील अहमद ने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वे अत्यंत दुखी और मानसिक रूप



से परेशान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए सहयोग का आग्रह किया। वही एसआईआर को लेकर शकील ने कहा हम आपको बताना चाहते हैं बिहार के तरीके से उत्तर प्रदेश में नहीं होने पाएगा। क्योंकि हम बूथ स्तर पर बीएलए 1, बीएलए 2 नियुक्त कर चुके हैं। यहां पर खेल नहीं होगा। हम लोग पूरी तरह से तैयार हैं और घर-घर जाएंगे इसका जो पूरी तरीके से प्रक्रिया है अपनाएगे। इस प्रदर्शन में सुब्रत सिंह सनी, मोहित तिवारी, मानस तिवारी, सलाउद्दीन हाश्मी, शरद श्रीवास्तव, असलम अंसारी, इमरान अहमद, रणजीत सिंह सलूजा, मो. अतीक, मो. नसीम और हामिद राइन सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत की चमक-धमक और ताकत देख रही पूरी दुनिया : नंदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने सुल्तानपुर में कहा है कि प्रदेश के औद्योगिक नक्शे पर अब पूर्वांचल भी तेज़ी से उभर रहा है।सुल्तानपुर,अमेठी,प्रतापगढ़ और अयोध्या जैसे ज़िलों में औद्योगिक निवेश की नई संभावनाएँ खुल रही हैं।मंत्री नन्दी ने रविवार रात को शहर के एक निजी कार्यक्रम में पहुंचने पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे एवं लखनऊ- वाराणसी राजमार्ग पर असरोगा के निकट प्रस्तावित औद्योगिक गलियारों की स्थापना के लिए 50 से 80% भूमि अधिग्रहण कर काश्तकारों को मुआवजे की धनराशि दी जा चुकी है।उन्होंने बताया कि भारत में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सबसे अच्छा राज्य बनकर उभरा है। तमाम बड़ी कंपनियां, इंटरनेशनल कंपनियां व बड़े-बड़े औद्योगिक घराने उत्तर प्रदेश में इंडस्ट्री स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने



बताया कि पूर्वांचल,पश्चिमांचल,मध्यांचल के साथ- साथ हम बुंदेलखंड को 45 वर्षों के बाद नोएडा की तर्ज पर वीडा बनाकर बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बना रहे है। उन्होंने बताया कि पहली बार हुई इन्वेस्टर समिट की बैठक में 33 लाख 50 हजार करोड़ का एएमयू साइन हुआ था।उसके बाद जो बढ़कर अब 50 लाख करोड़ पार कर गया है। इस वृद्धि ने यह बता दिया है कि हमने निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीता है। उसमें से हम 10 लाख करोड़ ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी कर चुके हैं।आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था है और तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए राहुल गांधी के '56 इंच' की छाती के डरपोक वाले बयान पर कहा कि राहुल गांधी को पूरे देश ने पप्पू की उपाधि दी है। उन्होंने राहुल के बयानों में निरंतरता की कमी पर तंज कसते हुए कहा वह सुबह, दोपहर और शाम को क्या बोलते हैं और चुनाव बाद फिर कहां गायब हो जाते हैं यह छोटे-छोटे बच्चों को भी पता है।उन्होंने पीएम की सराहना करते हुए कहा उन्होंने देश को दुनिया की सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा आज पूरी दुनिया में पासपोर्ट की वैल्यू बड़ी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की चमक-धमक और ताकत को पूरी दुनिया देख रही है।उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा पर बात करते हुए क्या जब-जब दुश्मनों ने दुस्साहस किया तब भारत ने सर्जिकल व एअर स्ट्राइक और हाल में ही ऑपरेशन सिंदूर से दुश्मन को उनकी कोख में दफन करने का काम किया है। औद्योगिक मंत्री के सुलतानपुर पहुंचने पर जिला कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन,भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, हिमांशु गुप्ता,मुकेश अग्रहरि समेत तमाम लोगों ने उनका स्वागत किया।

# किराए के कमरे चलता ग्राम पंचायत भवन, स्टे के कारण नहीं बन पा रहा पंचायत भवन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार/सुल्तानपुर। शिवनगर ग्राम-पंचायत में स्थित पंचायत भवन का निर्माण पिछले तीन वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। भवन के निर्माण में ठोस प्रगति न होने के कारण वर्तमान में पंचायत कार्यालय किराए के कमरे में संचालित हो रही है।उच्च-स्तरीय ल्हाईटेक ग्राम पंचायतङ्क के दावों को झटका लग रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बजट के बावजूद निर्माण स्थल पर सिर्फ जर्जर मटिरियल बिखरा पड़ा है और कई बार बारिश तथा मौसम की मार ने स्थिति और बिगाढ़ दी है। पंचायत भवन के बने हिस्से भी उपयोग योग्य नहीं हैं एवं काम पिछले कई महीनों से ठिठका हुआ है। पंचायत राज विभाग की योजनाओं के अंतर्गत ल्हाईटेक ग्राम पंचायतङ्क बनने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन शिवनगर में इस फ़ॉर्मेट का असर दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि किराए के कमरे में




कार्य संचालन उचित नहीं है और इससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। प्रमुख विकास अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी से मामले में जल्द हस्तक्षेप की मांग की गई है ताकि भवन निर्माण को जल्द पूरा कराया जाए और पंचायत को स्थायी कार्यालय मिल सके वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रिंस ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि मेरे द्वारा ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा था जिस पर एक ग्रामीण के द्वारा विवाद करते हुए कोर्ट से स्टे कर दिया गया जिस कारण नवीन पंचायत भवन के निर्माण में बाधा उत्पन्न हुई तब से उक्त पंचायत भवन का कार्य इस किराए के कमरे में संचालित हो रहा है।

# किसानों ने एमएसपी कानून और मुआवजे की मांग उठाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लम्भुआ/सुल्तानपुर। भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) ने सुल्तानपुर जिले के प्रतापपुर कमैंचा ब्लॉक के बरनी गांव में एक किसान पंचायत का आयोजन किया। इस पंचायत में किसानों ने बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों के लिए मुआवजे और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी रूप देने की मांग उठाई।पंचायत की अध्यक्षता सीताराम यादव ने की, जबकि राजेश यादव ने इसका संचालन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह और प्रदेश महामंत्री चौधरी हरेंद्र सिंह अलीगढ़ से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।किसानों ने धान, तिलहन और दलहन की फसलों को हुए नुकसान के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की। इसके साथ ही, विद्युत विभाग का निजीकरण न करने की भी जोरदार अपील की गई। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए 13 नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। राजेश यादव को जिला अध्यक्ष, इंद्रजीत को जिला सचिव, अनुपम तिवारी को लंभुआ तहसील अध्यक्ष, विजय प्रताप सिंह को प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक अध्यक्ष और कंचन मौर्य को प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई। सीताराम यादव, पवन यादव, सुरेश कुमार, जयप्रकाश मौर्य, प्रमोद, रामचन्द्र निषाद, अमरनाथ और गया प्रसाद मिश्र को भी संगठन में शामिल किया गया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि 2014 से देश पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है और सरकार ने 350 देशों की तुलना में सबसे अधिक टैक्स लगाया है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि 1965 को आधार वर्ष मानकर कृषि उत्पादन का मूल्य तय किया जाए, तो गेहूं का मूल्य ?6000 प्रति क्विंटल होना चाहिए। चौधरी हरपाल सिंह ने आरोप लगाया कि दिल्ली में चले किसान आंदोलन के दौरान 13 महीनों में 710 किसानों ने अपनी जान गंवाई। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार बिजली को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है।

# किसी श्रेष्ठजन से मिलने के लिये साथ जाने वाले लोगों का चयन ज़रुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। नवीन कलेक्ट्रेट के पास पूरे नेमधर पंडित में शीतला प्रसाद मिश्र व त्रिवेणी शंकर मिश्र के आयोजन में महामृत्युंजय महाकाल लोक उज्जैन के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी जी महराज के मुखारबिंद से चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन मुनि विश्वामित्र के साथ भगवान राम और लक्ष्मण के जनकपुर में आगमन की सूचना पर उनसे मिलने के लिए सचिव गणों में सुधी लोगों का चयन किया के प्रसंग की चर्चा करते हुए कथा व्यास प्रणव पुरी जी महराज ने कहा कि किसी श्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने के लिए अच्छे लोगों का चयन जरूरी है। भगवान राम और जनक जी के मिलन के प्रसंग में श्री प्रणव पुरी ने बताया कि सेवा भोजन दान में आज्ञा भंग न दोष की चौपाई के अर्थ में बताया कि सेवा करने में, भोजन कराने में और दान करने में लेने वाला लाख मना करे उसकी आज्ञा न मानना दोष नहीं होता। पुष्प वाटिका के राम जानकी मिलन प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि बसन्त को दर्शन करने के लिए ऋतु की साड़ी पहनना पड़ा क्योंकि वहां पुरुष प्रवेश वर्जित था। उन्होंने वर्तमान समय में लड़कों और घर वालों के द्वारा लड़की को देखने की प्रथा के लिए बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने खुद को जनकपुर वासियों को स्वयं दिखाने की व्यवस्था दी है लेकिन आज उल्टा हो रहा है। वे खुद चलकर नगर वासियों को अपना सगुण स्वरूप दिखाने गए। राघव धीरे चलो ससुराल गलियां के सुंदर भजन का श्रोताओं ने जमकर आनन्द लिया। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, महामंत्री राकेश त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीपक भदौरिया, भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू, मुकेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक सिंह, रमेश सिंह, अरविन्द सिंह, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम शंकर अभिनेष शुक्ल आदि गणमान्य लोगों के साथ हजारों लोग मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी की योजना बना रहे दो अन्तर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी की योजना बना रहे दो अन्तर्जनपदीय शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है जबकि एक सहयोगी भागने में सफल रहा। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से दो तमंचा, एक महिन्द्रा जायलो गाड़ी के साथ गौकशी के उपकरण बरामद किये हैं।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में सोमवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन में भ्रमणशील थे। भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रसूलाबाद के जंगल में पानी की टंकी के पास एक शातिर गिरोह गोकशी करने वाला है जिसके पास चारपहिया वाहन व असलहा एवं कारतूस भी हैं। मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पुलिस द्वारा पहुंचकर देखा गया कि तीन व्यक्ति जमीन पर बिछी त्रिपाल पर चापड़, छुरी व बोरियां रख रहे हैं।पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनों व्यक्तियों की घेराबंदी की गई तो उक्त तीन में से दो व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिसमें पहले व्यक्ति का फायर मिस हो जाने पर दूसरे व्यक्ति ने दोबारा फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश घायल होकर गिर गये तथा तीसरा बदमाश मौके का फायदा उठाकर भाग गया।पुलिस टीम द्वारा घायल बदमाशों के निकट पहुंचकर नाम व पता पूंछा गया तो पहले ने अपना नाम सरताज पुत्र हसन जहीर निवासी खानपुर मऊ मकान संख्या 335/110 महमुदनगर थाना चौक लखनऊ बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ तथा दूसरे ने अपना नाम मोहम्मद मुस्तफा पुत्र करम अली निवासी वांसी उत्तर का पुरवा पोस्ट जागेश्वरगंज थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा व दो खोखा कारतूस बरामद हुये।पुलिस टीम द्वारा पास में बिछी त्रिपाल पर गोकशी करने के विभिन्न उपकरण (एक लोहे का चापड़,एक चाकू, एक सूजा,एक लकड़ी का ठीहा, दो प्लास्टिक की रस्सी व दो प्लास्टिक की बोरी) बरामद किये गये।अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार सरताज के विरुद्ध जनपद लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, गैगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि विभिन्न धाराओं में कुल नौ अभियोग तथा अभियुक्त मोहम्मद मुस्तफा के विरुद्ध जनपद प्रतापगढ़ में चोरी व आबकारी अधिनियम आदि विभिन्न की धाराओं में कुल दो अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा अभियोग दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सम्पादकीय

# जहरीली हवा में घुटती सांसें

दशकों से मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग तथा संगठन, जिस प्रदूषण संकट के प्रति चेताते रहे हैं, उसके घातक परिणाम अब साफ सामने नजर आने लगे हैं। विडंबना यह है कि देश की राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ही नहीं, अब देश के तमाम बड़े-छोटे शहरों से भी जानलेवा प्रदूषण की खबरें आ रही हैं। इस घातक व मारक संकट की पुष्टि बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट की हालिया रिपोर्ट करती है। रिपोर्ट दावा करती है कि देश की हवा में 2010 की तुलना में साल 2022 तक प्रदूषणवाहक पीएम 2.5 कणों की मात्रा में 38 फीसदी तक का बढ़ावा हुआ है। जिसका घातक प्रभाव यह है कि करीब सत्रह लाख लोग असमय काल-कवलित हो चले हैं। इससे होने वाला आर्थिक नुकसान अलग है। यह कहना कठिन है कि अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका के आंकड़े कितने विश्वसनीय हैं। बहुत संभव है कि सरकारें इन आंकड़ों पर सहमति न जताएं, लेकिन दीपावली के बाद दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत देश के विभिन्न शहरों में प्रदूषण जिस घातक स्तर तक पहुंचा है, वह हालात के गंभीर होने की ओर इशारा तो करता ही है। एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने दिल्ली को दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर का खिताब भी दिया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अस्पतालों में प्रदूषणजनित रोगों का उपचार कराने वाले लोगों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। जीवन के संघर्ष में रोजी-रोटी की कवायद में जुटे लोगों को यह अहसास भी नहीं होता है कि वे दिन में कितनी जहरीली हवा निगल रहे हैं। हमारे शहर केंद्रित विकास की विसंगितयां भी शहरों में प्रदूषण का दायरा बढ़ा रही हैं। शहरों में उगते कंक्रीट के जंगल न केवल हवा के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे हैं बल्कि वाहनों के सैलाब को भी बढ़ावा दे रहे हैं। विडंबना यह है कि इसके बावजूद राजनीतिक दलों व सरकारों में वह इच्छाशक्ति नजर नहीं आती, जो इस संकट के कारगर समाधान की राह दिखाती हो। निश्चित तौर पर प्रदूषण संकट की यह जानलेवा स्थिति हमें शर्मसार करने वाली है। यह हमारी सामूहिक विफलता की तसवीर भी उकेरती है। सर्दियों का मौसम आते ही दिल्ली व निकटवर्ती शहरों में जो प्रदूषण का बड़ा संकट दिखायी देता है, आखिर उसे साल भर सतर्कता के साथ क्यों नहीं देखा जाता। देश में आर्थिक असमानता व गरीबी के चलते लाखों लोग व बच्चे उन अस्वस्थकारी परिस्थितियों में काम करने को बाध्य हैं, जो कालांतर जानलेवा रोगों का सबब बनती हैं। देश में करोड़ों बाल श्रमिक पटाखा, कालीन और अन्य सांस के रोगों का संकट बढ़ाने वाले उद्योगों में काम कर रहे हैं। व्यवस्था का भ्रष्टाचार नियामक एजेंसियों को हिलने तक नहीं देता। दरअसल, यह प्रदूषण मौसमी बदलाव, पटाखों या पराली जलाने से ही नहीं पैदा होता। दरअसल, इसके मूल में शासन-प्रशासन की वह विफलता भी शामिल है, जो वातावरण को जहरीला बनाने वाले उद्योगों तथा निर्माण में उड़ने वाली धूल की सतर्क निगरानी नहीं करती। दरअसल, हमारे जीवन की कृत्रिमता व सुविधाभोगी जीवनशैली ने उन घातक गैसों को बढ़ावा दिया जो ग्लोबल वार्मिंग व प्रदूषण की कारक बनती हैं। इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि देश की जनता इस आसन्न संकट के प्रति लगातार उदासीन बनी रहती है। वह चुनावों के दौरान न तो राजनेताओं पर इस संकट के समाधान के लिये दबाव बनाती है और न ही निजी जीवन में ऐसी कोई पहल करती है। इस तरह कहीं न कहीं इस प्रदूषण वृद्धि में हमारी भागीदारी बनी हुई है। अब भले ही कार्बन उत्सर्जित करने वाले ईंधन के उपयोग में कमी आई है, लेकिन अभी भी इस दिशा में काम करने की जरूरत है। हम निजी जीवन में जितनी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देंगे, उतना ही प्रदूषण धीरे-धीरे कम होता जाएगा। जनता को शासन-प्रशासन पर दबाव बनाना चाहिए कि वह समय रहते प्रदूषण नियंत्रण के लिये प्रयास करे। व्यक्ति के तौर पर हमें पटाखे व पराली जलाने वालों की निगरानी करनी होगी, ताकि प्रदूषण का स्तर कम करने में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# आरएसएस पर रोक, कंग्रेस और मल्लिकार्जुन खरगे

भारत का राजनीतिक परिदृश्य एक बार फिर वैचारिक बहस के केंद्र में है। कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल का हवाला दिया, जिससे देशभर में राजनीतिक हलचल देखी गई । गृह मंत्री अमित शाह ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी ओर कहा, आरएसएस दुनिया की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है, जिसने करोड़ों युवाओं को राष्ट्रसेवा और समाज निर्माण की दिशा दिखाई है। वस्तुतः खरगे का बयान ऐसे समय आया है जब बिहार विधानसभा चुनाव अपने निर्णायक दौर में हैं। कंाग्रेस का यह कदम चुनावी राजनीति के संदर्भ में समझा जा रहा है। वह चुनावी लाभ के लिए आरएसएस के बहाने भाजपा को चुनावी सफलता से दूर रखना चाहती है। यदि इतिहास में जाकर इस मामले की समीक्षा करें तो स्थिति स्वतः ही पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है। आरएसएस पर प्रतिबंधों का इतिहास यह है कि संगठन पर स्वतंत्र भारत में अब तक तीन बार प्रतिबंध लगाया जा चुका है और दो बार कंाग्रेस की सरकार के दौरान वापस भी लिया गया। तथ्य यह है कि पहला प्रतिबंध 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद लगा। नाथूराम गोडसे के संघ से जुड़ाव के संदेह के आधार पर तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने संगठन को बैन किया। करीब 17,000 स्वयंसेवक जेल भेजे गए और संघ की शाखाएँ बंद कर दी गईं। किंतु बाद में जांच में यह स्पष्ट हुआ कि गांधीजी की हत्या में संघ का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हाथ नहीं। सरदार पटेल ने स्वयं 27 फरवरी 1948 को जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर स्वीकार किया कि गांधी हत्या के आरोपों में से 90 प्रतिशत अटकलों और झूठी बातों पर आधारित हैं। बाद में जुलाई 1949 में सरकार ने बिना किसी शर्त के संघ से प्रतिबंध हटा लिया। स्वयं पटेल ने लिखा, संघ पर से प्रतिबंध हटने पर मुझे अत्यंत प्रसन्नता है। यह तथ्य कंाग्रेस के उस दावे को कमजोर करता है, जिसके आधार पर आज फिर से संघ पर प्रतिबंध लगाने की बात कही जा रही है। दूसरा प्रतिबंध 1975 में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने लगाया। उस समय संघ लोकतंत्र बहाली के लिए विपक्ष के साथ खड़ा था। 21 महीनों तक हजारों स्वयंसेवक जेलों में रहे, लेकिन जब जनता ने 1977 में इंदिरा सरकार को सत्ता से बाहर किया, तो संघ का जनाधार पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा। तीसरा प्रतिबंध दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद लगा। लेकिन अदालतों में सरकार संघ के खिलाफ कोई ठोस प्रमाण नहीं रख सकी। कुछ महीनों में यह प्रतिबंध भी हट गया। इन तीनों घटनाओं ने एक बात स्पष्ट कर दी कि प्रतिबंध संघ को कमजोर नहीं कर सकते, क्योंकि वह कोई ऐसा कार्य नहीं करता जिससे भारतीय संविधान का उल्लंघन होता है। कंाग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सरदार पटेल का हवाला देकर संघ के खिलाफ बयान दिया, लेकिन इतिहास इसके विपरीत गवाही देता है। पटेल और संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के बीच संवाद कायम था। 16 जुलाई 1949 को पटेल ने वेंकटराम शास्त्री को पत्र लिखकर कहा था, मैं स्वयं प्रतिबंध हटाने के पक्ष में था। संघ से प्रतिबंध हटने के बाद उन्होंने गुरुजी को पत्र लिखकर अपनी खुशी प्रकट की। यह वही पटेल हैं जिन्होंने सलाह दी थी कि यदि आरएसएस को लगता है कि कंाग्रेस गलत दिशा में जा रही है, तो सुधार का रास्ता भीतर से निकालिए, विरोध से नहीं। इस संवादशील दृष्टिकोण से स्पष्ट है कि भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल संघ के राष्ट्रसेवी चरित्र को समझते थे, भले ही विचारों में मतभेद रहे हों। ऐसे में आज जब कंाग्रेस उन्हीं पटेल का नाम लेकर संघ पर प्रतिबंध की मांग करती है, तो यह ऐतिहासिक तथ्यों के आधे-अधूरे उपयोग का उदाहरण बन जाता है। ऐसा लगता है जैसे वह देश की जनता को गुमराह कर रही है। आरएसएस का कार्यक्षेत्र राजनीति से परे समाज के बीच सेवा के रूप से व्यापक तौर पर फैला हुआ है। शिक्षा, ग्राम विकास, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता में संघ का योगदान

वस्तुतः खरगे का बयान ऐसे समय आया है जब बिहार विधानसभा चुनाव अपने निर्णायक दौर में हैं। कंाग्रेस का यह कदम चुनावी राजनीति के संदर्भ में समझा जा रहा है। वह चुनावी लाभ के लिए आरएसएस के बहाने भाजपा को चुनावी सफलता से दूर रखना चाहती है। यदि इतिहास में जाकर इस मामले की समीक्षा करें तो स्थिति स्वतः ही पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है। आरएसएस पर प्रतिबंधों का इतिहास यह है कि संगठन पर स्वतंत्र भारत में अब तक तीन बार प्रतिबंध लगाया जा चुका है और दो बार कंाग्रेस की सरकार के दौरान वापस भी लिया गया। तथ्य यह है कि पहला प्रतिबंध 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद लगा। नाथूराम गोडसे के संघ से जुड़ाव के संदेह के आधार पर तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने संगठन को बैन किया। करीब 17,000 स्वयंसेवक जेल भेजे गए और संघ की शाखाएँ बंद कर दी गईं। किंतु बाद में जांच में यह स्पष्ट हुआ कि गांधीजी की हत्या में संघ का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हाथ नहीं। सरदार पटेल ने स्वयं 27 फरवरी 1948 को जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर स्वीकार किया कि गांधी हत्या के आरोपों में से 90 प्रतिशत अटकलों और झूठी बातों पर आधारित हैं। बाद में जुलाई 1949 में सरकार ने बिना किसी शर्त के संघ से प्रतिबंध हटा लिया। स्वयं पटेल ने लिखा, संघ पर से प्रतिबंध हटने पर मुझे अत्यंत प्रसन्नता है। यह तथ्य कंाग्रेस के उस दावे को कमजोर करता है, जिसके आधार पर आज फिर से संघ पर प्रतिबंध लगाने की बात कही जा रही है। दूसरा प्रतिबंध 1975 में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने लगाया। उस समय संघ लोकतंत्र बहाली के लिए विपक्ष के साथ खड़ा था। 21 महीनों तक हजारों स्वयंसेवक जेलों में रहे, लेकिन जब जनता ने 1977 में इंदिरा सरकार को सत्ता से बाहर किया, तो संघ का जनाधार पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा। तीसरा प्रतिबंध दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद लगा। लेकिन अदालतों में सरकार संघ के खिलाफ कोई ठोस प्रमाण नहीं रख सकी। कुछ महीनों में यह प्रतिबंध भी हट गया। इन तीनों घटनाओं ने एक बात स्पष्ट कर दी कि प्रतिबंध संघ को कमजोर नहीं कर सकते, क्योंकि वह कोई ऐसा कार्य नहीं करता जिससे भारतीय संविधान का उल्लंघन होता है। कंाग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सरदार पटेल का हवाला देकर संघ के खिलाफ बयान दिया, लेकिन इतिहास इसके विपरीत गवाही देता है।

बहुत विस्तारित है। 1962 के चीन युद्ध में स्वयंसेवकों ने सीमाओं पर सैनिकों की मदद की और इसी सेवा भाव से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नेहरू ने 1963 में गणतंत्र दिवस परेड में संघ को भाग लेने का निमंत्रण दिया। यह तथ्य आज के राजनीतिक विवादों के बीच अक्सर भुला दिया जाता है। सीधे तौर पर जो दिखाई दे रहा है, वह यही है कि कंाग्रेस को भय है कि संघ की बढ़ती सामाजिक स्वीकार्यता उसकी पारंपरिक वोटबैंक राजनीति के लिए चुनौती है। उसे लगता है कि वह तमाम जाति भेद उभारने, एक वर्ग विशेष को लेकर तुष्टीकरण करने के बाद भी यदि सफल नहीं हो पा रही है तो इसके लिए कहीं न कहीं आरएसएस के स्वयंसेवक जिम्मेदार हैं, जो हर परिस्थिति में भारत के जन की एकता पर जोर देते हैं। इसलिए समय-समय पर आरएसएस पर प्रतिबंध या उसकी आलोचना कंाग्रेस के लिए वैचारिक एकजुटता का साधन बन जाती है। किंतु इस सब के बीच एतिहासिक तथ्य यही कहते हैं कि ऐसे हर प्रयास जो संघ को रोकने के लिए किए जाते हैं, उसमें हर स्तर पर आरएसएस और सशक्त होकर ही सभी के सामने आया है। यहां आरएसएस के सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के कहे शब्दों पर भी गौर करना सही होगा, उन्होंने खरगे की मांग को अवास्तविक और इतिहासविहीन बताया है। उनका साफ कहना है कि किसी संगठन पर प्रतिबंध केवल इच्छा या असहमति के आधार पर नहीं लगाया जा सकता। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे कानूनों के तहत तभी कार्रवाई संभव है जब संगठन हिंसा, आतंक या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल पाया जाए। संघ के मामले में ऐसा कोई आरोप या सबूत नहीं है। संघ के संदर्भ में समाज और न्यायपालिका दोनों ने पहले भी इस तरह के प्रतिबंधों को गलत माना है। वास्तव में, संघ अब केवल संगठन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का पर्याय बन चुका है। 1948, 1975 और 1992 के प्रतिबंध इस तथ्य के साक्ष्य हैं कि आरएसएस को दबाने की कोशिशें हर बार विफल हुईं। अतः मल्लिकार्जुन खरगे का बयान सही तथ्यों पर आधारित नहीं है, वह एक राजनेता हैं और यहां भी सिर्फ वे अपने लाभ के लिए स्वार्थ की राजनीति ही कर रहे हैं। क्योंकि सरदार पटेल ने कहा था, संघ को कंाग्रेस से मतभेद हो सकता है, पर उसका देशभक्ति से कोई विरोध नहीं। यह वाक्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना साल 1949 में था। उन्हें यह समझना होगा कि राजनीति में असहमति आवश्यक है, पर राष्ट्रसेवा के भाव को संदेह के घेरे में रखना लोकतांत्रिक चेतना के विपरीत है। कहना होगा कि संघ से असहमति रखने का अधिकार सबको है लेकिन उसके योगदान को नकारना इतिहास की सच्चाई से आँखें मूँद लेने जैसा होगा। संघ का मूल विचार यही है, देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# चुनावी मौसम में सक्रिय घोषणा ग्रंथि

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

चुनाव का मौसम शुरू होते ही नेताओं के भीतर एक खास ग्रंथि सक्रिय हो जाती है,घोषणा ग्रंथि। इस ग्रंथि के जागते ही नेता को माइक, मंच और भीड़ एक साथ दिखने लगती है। फिर शुरू होती है घोषणाओं की बौछार। इस बार किसी ने कहा,हर घर सरकार की नौकरी, डेढ़ करोड़ नौकरी देंगे! भीड़ ने ताली बजाई, मंच पर फूल बरसे और बाकी नेताओं ने सोचा इतनी नौकरी कहाँ से लाएँगे रे? इतने सरकारी मुलाजिम करेंगे क्या , किस ऑफिस में बैठेंगे, शायद खुद के घर के चौकीदार बनेंगे सब ऐसा सोचा होगा घोषणा वीर नेता ने। खैर घोषणा सुनकर बिहार का युवा खुश हो गया। बोला अब तो हर घर में अफसर रहेगा, और हर गली में दफ्तर! क्योंकि सच कहिए तो सरकारी दफ्तरों में अब करने को बचा ही क्या है! फाइलें धूल फाँकती हैं, कुर्सियाँ जुगाड करती हैं,बेहतर कुर्सी के लिए और बाबू जी 'पेंडिंग' को 'इन प्रोग्रेस' में बदलकर घर चले जाते हैं। सब कुछ तो मोबाइल से ऑनलाइन होता है। अगर सचमुच डेढ़ करोड़ नई नौकरी बन गईं, तो काम नहीं, काम का नाटक बाँटना पड़ेगा। कोई कुर्सी संभालेगा, कोई कुर्सी झाड़ेगा, कोई कुर्सी की रिपोर्ट बनाएगा। कुर्सी के हत्थे और कुर्सी के पैर रिकॉर्ड पर लाए जाएंगे। किसी नेता जी से पूछा गया सर, नौकरी कहाँ से देंगे? प्रवक्ता मुस्कराए ल्लनौकरी तो बहुत हैं, बस थोड़ा नाम बदल दो , चायवाला बनाओ 'हॉस्पिटैलिटी असिस्टेंट', माइक उठाने वाला 'साउंड इंजीनियर', पोस्टर चिपकाने वाला 'कम्युनिकेशन डिविजन ऑफिसर'। बस,बन गई नौकरी के लिए नई पोस्ट! इस दर से भारत का बेरोजगार भी खुद को 'फ्रीलांस अफसर' या अफसर इन वेटिंग ,घोषित कर सकता है। राजनीति में घोषणा करना आसान नहीं, इसके लिए साहस चाहिए। क्योंकि जनता सब समझती है फिर भी यही सब सुनना चाहती है। नेता भी जानते हैं कि जनता मानती नहीं, पर फिर भी उम्मीद रखती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी हकीकत है। जनता को सपना चाहिए, नेता को मंच चाहिए, और चुनाव आयोग को तारीख, अखबार को खबर और डेमोक्रेसी को निर्विघ्न चुनाव चाहिए । बिहार के चाय ठेलों से लेकर फ़ेसबुक ग्रुपों तक चर्चा गर्म है ल्लडेढ़ करोड़ नौकरी का वादा आया है। कोई कहता है, पहले एक करोड़ का वादा किया था, वो कहाँ गया? दूसरा जवाब देता है ल्लवो पहली किश्त थी, अब दूसरा वादा आया है। तीसरा कहता है ल्लजब इतनी नौकरी मिल जाएगी, तो वोट कौन देगा? सब तो छुट्टी माँगने में व्यस्त रहेंगे। वैसे हमारे नेता भी कम समझदार नहीं। उन्होंने अब घोषणाओं का स्केलिंग सिस्टम बना रखा है। पहले शिक्षा का वादा, फिर बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को भत्ता, फिर नौकरी, फिर नौकरी का गारंटी कार्ड, फिर गारंटी कार्ड के लिए हेल्पलाइन नंबर। और जनता? वह हर बार नए कार्ड की फोटो लेकर पुराना कार्ड संभालकर रख देती है, जैसे यह भी किसी दिन बैंक पासबुक बन जाएगा। राजनीति विज्ञान में अब घोषणा शास्त्र पढ़ाया जाना चाहिए। विषय होंगे पहला, जनता के सपनों का मनोविज्ञान। दूसरा, वादों का वाचन और शब्द कला, जिससे हवाई घोषणा से मुक्ति की पतली गली बनी रहे । तीसरा, घोषणा करने के बाद भूल जाने की तकनीक। घोषणा वीरों की एक खास बात होती है ,वे जितना बोलते हैं, उतना जनता हँसती है। और हँसते-हँसते उम्मीद भी बाँध लेती है। यही तो लोकतंत्र का कॉमिक ट्विस्ट है। सोचिए, अगर सचमुच सबको नौकरी मिल गई तो कौन अफसर रहेगा, कौन चपरासी? सब साइन करेंगे, कोई फाइल उठाएगा नहीं। हर गाँव में मंत्रालय ऑफ़ लोकल डेवलपमेंट खुलेगा। पंचायत में लोग नहीं, 'सेक्शन ऑफिसर' बैठेंगे। खेत में किसान नहीं, 'एग्रीकल्चर सुपरवाइज़र' होंगे। और जो काम नहीं करेगा, वो बनेगा रिव्यू कमेटी का चेयरमैन। किसी ने ठीक कहा , हमारे यहाँ सबसे ज़्यादा उत्पादक उद्योग है वादा उद्योग। इसका कोई सीजन नहीं, यह पूरे साल चलता है। और जब वादा बड़ा हो तो मीडिया की सुर्खियाँ भी लंबी होती हैं। सुर्खी थी बिहार में अब बेरोजगारी खत्म! पर छोटे अक्षरों में नीचे लिखा था अगर सब कुछ योजना के अनुसार चला तो। और योजना कौन चलाएगा, इस पर अगली प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई है। जनता भी अब कम चालाक नहीं। उसने घोषणाओं को सीरियसली लेना छोड़ दिया है। गाँव का एक लड़का कह रहा था हमको नौकरी नहीं चाहिए, हमको बस इंटरव्यू का एसएमएस भेज दो, वही फ्रेम करवा लेंगे।

## सेहत मंत्र

# सर्दी- जुकाम से बचाएगा आपको गुलाब की पंखुड़ियों और तुलसी से बना फालूदा

अक्सर लोग गर्मियों में ही फालूदा खाना पसंद करते हैं। पर बहुत ही कम लोगों को पता है कि फालूदा के कई प्रकार हैं, जिसमें से एक है गुलाब की पंखुड़ियों और तुलसी से बना 'गुलाब-तुलसी फालूदा'। गुलाब के यूं तो कई फायदे हैं। आयुर्वेद में गुलाब के फूल के कई गुण बताएं गए हैं। गुलाब की पंखड़ियों में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो हमें कई मौसमी बीमारियों से दूर रख सकते हैं। साथ ही ये हमारे एड्रीनल ग्रंथि को प्रभावित करते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों से कई सारी चीजें बनाकर खा सकते हैं। गुलाब की पंखुड़ियों को सुबह उठ कर खाने से पेट में गैस और एसिडिटी आदि की तकलीफ नहीं होती। इसके अलावा यह हमारी त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक है। आप गुलाब की पंखुड़ियों का इस्तेमाल करके आप काढ़ा, गुलकंद और फालूदा भी बना सकते हैं। वहीं अगर हम फालूदा में तुलसी की कुछ पत्ते पीस कर मिला तो सह आपके लिए अधिक लाभकारी हो जाएगा। तुलसी को खाने के अपने ही फायदे हैं। ठंड के मौसम में अक्सर लोग इसका काढ़ा बनाकर पीने या रोज सुबह उठकर इसे खाने को कहते हैं। इससे आप सर्दी-जुकाम से बचे रहते हैं।

वहीं फालूदा के नाम पर लोगों को फालूदा कुल्फी ही याद आती है। पर सोचिए अगर आपसे कहा जाए कि फालूदा खाकर आप सर्दी-जुकाम से बच सकते हैं, तो आपको कैसा लगेगा। तो आइए हम आपको एक स्वास्थ्यकारी गुलाब- तुलसी फालूदा बनाने का तरीका बताते हैं। यह गुलाब-तुलसी फालूदा को अगर आप रोज सुबह ब्रेकफस्ट में खाएं, तो आप किसी भी इंफ़ेक्शन और मौसमी बीमारी से बचे रह सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# तंत्र साधना के लिए प्रसिद्ध है बिहार में स्थित मां बगलामुखी पीतांबरी सिद्धपीठ

यूं तो देशभर में माता का पूजन किया जाता है और कई स्थानों पर उनके मंदिर स्थित हैं। लेकिन बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में स्थित मां बगलामुखी पीतांबरी सिद्धपीठ कई मायनों में बेहद ही विशिष्ट है। यह मुजफ्फरपुर शहर के कच्ची सराय रोड पर स्थित है और मुख्य रूप से तान्त्रिक पूजा के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन व पूरी श्रद्धा से यहां पर माता के समक्ष अपनी कोई मनोकामना रखते हैं, तो वह अवश्य पूरी होती है। यह एक बेहद प्राचीन मंदिर हैं, जहां पर केवल स्थानीय या राज्य के लोग ही दर्शन हेतु नहीं आते हैं, बल्कि देश के कोने-कोने से भक्तगण यहां पर माता के दर्शन करते हैं। मां बगलामुखी पीतांबरी सिद्धपीठ एक बेहद ही प्रसिद्ध मंदिर है, जो बिहार के मुजफ्फरपुर शहर के कच्ची सराय रोड पर स्थित है। इस मंदिर को तान्त्रिक सिद्धि का मुख्य केंद्र माना जाता है। नवरात्रि के पावन दिनों में लोग यहां पर विशेष पूजा के माध्यम से अपनी इच्छापूर्ति की कामना करते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां पर अखंड हवन किया जाता है। बता दें कि मां बगलामुखी पीतांबरी सिद्धपीठ दस महाविद्या में मां का आठवां रूप है। इस मंदिर की एक खासियत यह भी है कि मंदिर में स्थापित माता की प्रतिमा अष्टधातु की बनी हैं, जिसका अनुपम सौंदर्य बस देखते ही बनता है। यहां पर आने वाले भक्तगण माता की पूजा हल्दी व दूब से करते हैं।

## पर्यटन



# प्रकृति से जोड़ने के लिए बच्चों को कराएं हिल स्टेशन की सैर

पहाड़ों के बीच में बसा हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर मनाली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। देश ही नहीं दुनिया भर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं। मनाली के खूबसूरत हरे-भरे नज़ारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ यकीनन आपके बच्चों को प्रकृति से जोड़ेंगे। मनाली- पहाड़ों के बीच में बसा हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर मनाली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। देश ही नहीं दुनिया भर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं। मनाली के खूबसूरत हरे-भरे नज़ारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ यकीनन आपके बच्चों को प्रकृति से जोड़ेंगे। दिल्ली से मनाली की दूरी सिर्फ 600 किलोमीटर है। यहां आप स्कीइंग, ट्रैकिंग और राफ्टिंग का भी मज़ा ले सकते हैं। मनाली से थोड़ी दूरी पर स्थित रोहतांग पास भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। शिमला- हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला बहुत मशहूर हिल स्टेशन है। खासतौर पर कपल्स के बीच यह बहुत पॉप्युलर हैं। यहां आप खूबसूरत कुदरती नज़ारों के साथ ही टॉय ट्रेन का भी मज़ा ले सकते हैं। ऊंचे पहाड़, चारों तरफ फैली हरियाली और सुहाना मौसम गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। नैनीताल- उत्तराखंड का खूबसूरत शहर नैनीताल भी गर्मियों में पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। तीन ओर से घने पेड़ों की छाया में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच स्थित नैनीताल समुद्रतल से 1938 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। कुदरती नजारों के साथ ही यह झीलों के लिए मशहूर है। कहा जाता है कि कभी यहां 60 से ज्यादा झीलें हुआ करती थीं। यहां आने के लिए नज़दीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम में है। मसूरी- उत्तराखंड में बसे मसूरी को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। मसूरी का कैंप्टी फॉल, लेक मिस्ट, संतरा देवी मंदिर, म्युनिसिपल गार्डन, चाइल्डर्स लॉज, गन हिल, मसूरी झील आदि सैलानियों के बीच बहुत मशहूर है। मसूरी की प्राकृतिक सुंदरता यकीनन आपका भी मन मोह लेगी।

# एसडीएम ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सोमवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के राजकीय धान क्रय केंद्र बदोसराय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत की और खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों के टोकन और कागजात की जांच की। केंद्र पर मनोज कुमार पाण्डेय रामसहाय, हरगोविंद सिंह चैला और बलवंत सिंह चैला सहित कई किसान मौजूद थे।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने केंद्र प्रभारी प्रमोद द्विवेदी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

एसडीएम ने निर्देश दिया कि धान खरीदने के बाद किसानों के कागजात तत्काल फ़ीड किए जाएं, जिससे उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि केंद्र पर आने वाले किसानों को उचित सुविधा मिले और टोकन लेने आए किसानों को तुरंत टोकन प्रदान किए जाए।

# सतनाम उद्घोष संग दंडवत परिक्रमा कर रहे सैकड़ों श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष में श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा की तपोस्थली श्री कोटवाधाम में श्रद्धालु भक्तों के अनेक सिलसिला जारी है। दंडवत परिक्रमा करते बाबा के अनुयाई सतनाम का उद्घोष करते कोटवा धाम धाए चले आ रहे हैं। क्षेत्र के पत्तीपुर, अगानपुर, रानीकटरा, दुल्हदेपुर, मदारपुर और मरकामऊ सहित अनेकानेक गांवों के सैकड़ों युवा भक्त और श्रद्धालु दंडवत परिक्रमा करते हुए पवित्र अभरन सरोवर पहुंच रहे हैं।सोमवार को श्रद्धालु अभरन सरोवर में स्नान और ध्यान करने के बाद बड़े बाबा के मंदिर स्थित समाधि स्थल की परिक्रमा कर रहे हैं। वे मनवांछित फलों की प्राप्ति और विश्व मानव कल्याण की कामना कर रहे हैं।सतनाम संप्रदाय के



अनुयायी दंडवत परिक्रमा करते हुए बाबा की ड्योढ़ी पर पहुंचते हैं और माथा टेकते हैं। यह प्राचीन परंपरा आज भी कायम है।

सतनाम संप्रदाय के प्रथम प्रवर्तक समर्थ जगजीवन दास साहब के धाम की इस दंडवत परिक्रमा में आसपास के गांवों के अलावा गोंडा, बहराइच और अयोध्या जिले के श्रद्धालु भी शामिल होते हैं। वे पहले पवित्र सरोवर में स्नान करते हैं, फिर दंडवत करते हुए जगजीवन दास मंदिर जाते हैं।मंदिर में श्रद्धालु पांच से सात फ़ेरी लगाकर बाबा की चौखट पर माथा टेककर परिक्रमा पूरी करते हैं। बताया जाता है कि सभी के हाथ में बेल की एक गुल्ली होती है, जिसे वे अपने आगे रखकर पीछे लेटकर बाबा का जयघोष करते हुए आगे बढ़ते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत कोतवाली बदोसराय के कोतवाली अजीत विद्यार्थी के साथ मेला परिसर का निरीक्षण किया और बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया।

## प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण अभियान बदस्तूर, एबीएसए ने रोका वेतन

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड बनीकोंडर के कर्मठ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने बुनियादी शिक्षा में मूल चूल परिवर्तन के दृष्टि गत सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बांसुपुर, प्राथमिक विद्यालय रौतोली, उच्च प्राथमिक विद्यालय रतौली, कंपोजिट विद्यालय सिल्हौर , उच्च प्राथमिक विद्यालय इमामगंज का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय इमामगंज में प्रधानाध्यापक मो सरताज अहमद और सहायक अध्यापक अलोक यादव अनुपस्थित पाए गए। जिनका एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए। शिक्षा का स्तर भांपने हेतु बच्चों से प्रश्न भी पूंछे गए जिनका उतर बच्चों ने सही दिया।

## घरेलू कलह विवाहिता ने की आत्महत्या

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घरेलू कल से त्रस्त महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के मझिलेपुर निवासी विनोद रावत पिछले छह माह से कुर्सी कस्बा में किराए के मकान में पत्नी सुमन 35 वर्ष और बच्चों के साथ रह रहा था। वह कस्बे में एक चोकर की दुकान पर पल्लेदारी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। सोमवार दोपहर भोजन के समय पति–पत्नी के बीच मायके जाने को लेकर विवाद हुआ। विनोद ने पत्नी को मायके भेजने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज हो सुमन ने बच्चों को कमरे से बाहर निकाल दिया और अंदर से कुंडी बंद कर छत के पंखे में साड़ी से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब विनोद कमरे में लौटा तो दरवाजा बंद देखकर शक हुआ। आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचा और पत्नी को उतारकर पास के निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मत्स्य, कृषि क्षेत्र से जुड़े किसानों की गोष्ठी, विशेषज्ञों ने दी तकनीकी जानकारी

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अभिनव मत्स्य सहकारी फ़ेडरेशन बाराबंकी द्वारा तहसील फतेहपुर मे मत्स्य एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े किसानो की संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विकास खंडो के जागरूक किसानों ने प्रतिभाग किया। सेवानिवृत्त मत्स्य अधिकारी मोहम्मद आफाक खान एवं रमेश चंद्र ने मत्स्य किसानों को विभिन्न जानकारियां प्रदान करते हुए कहा कि मत्स्य कृषक बंधुओ की विभिन्न समस्याओं निराकरण हेतु गोष्ठी स्थल पर स्थापित फ़ेडरेशन उपकेंद्र मे साप्ताहिक रूप से कृषि मत्स्य एवं पशुओं के विशेषज्ञ निशुल्क तकनीकी परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे, पशुधन विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने पशुओं के स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा की. वरिष्ठ विशेषज्ञ आर के सिंह ने भी गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसान भाइयों का आह्वान किया कि वे इस केंद्र के विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर अच्छा उत्पादन प्राप्त करें द्य इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक उत्कर्ष ने इफको के उत्पादन और उनके सही इस्तेमाल करने की विधियां बताई द्य कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त उपकेंद्र प्रभारी अरविंद कुमार,एकवाकनेक्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक, रिजवान अहमद, इंतजार हुसैन, श्रवण कुमार सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रकाश ने किया एक्यूप्रेशर शिविर का शुभारंभ करना

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति शाखा बाराबंकी के तत्वावधान में एक्युप्रेशर,वाइब्रेशन एवं कटिंग थैरेपी शिविर का भव्य आयोजन श्री विश्राम सदन धर्मशाला में रोड़ बाराबंकी में हुआ।भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के लोकप्रिय संरक्षक चंद्रप्रकाश गुप्ता के कर कमलों द्वारा इस थैरेपी शिविर का भव्य शुभारंभ किया। जिसमें श्री गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में मुख्य रूप से जिस भी व्यक्ति को भी पुराना सरदर्द,कमर दर्द,गर्दन दर्द,साइटिका, घुटने का दर्द, हाथ पैरों में थकान, मानसिक रोगी, इत्यादि रोगो का उपचार बिना किसी औषधि के किया जायेगा। इस शिविर में राजस्थान से वरिष्ठ डाक्टर मनोज चांदोलीया व डाक्टर विशाल पाल सहित पूरी टीम के सहयोग से शिविर का संचालन किया जा रहा है। ।इस मौके पर अमित गुप्ता अध्यक्ष, भारतीय दोसर वैश्य महासमिति,रविनन खजांची रामेंद्र गुप्ता सौरभ गुप्ता अवधेश गुप्ता सुधीर गुप्ता श्रीमती बीना गुप्ता , राम भजन गुप्ता मनोज गुप्ता अजय गुप्ता आदि समस्त व्यापारी गण उपस्थित थे।

# प्रेम और भक्ति पर आधारित होती है मित्रता : कथा व्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कस्बा के मोहल्ला धमेडी चार में उपाध्याय परिवार द्आवारा श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को व्यास आचार्य सत्यम जी महाराज ने सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित मोह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। बताया कि सच्ची मित्रता प्रेम और भक्ति पर आधारित होती है स्वार्थ पर नहीं।राजा परीक्षित प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि मनुष्य का सबसे बड़ा बंधन मोह है और भागवत कथा का उद्देश्य इसी मोह से मुक्ति दिलाना है।प्रस्तुत भजनों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण कृष्णमय रहा।कथा श्रवण में पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी अरुण कुमार रावत अवधेश शुक्ला बिनय मिश्रा कृष्णदत्त रामसजीवन इंद्रमणि शेखर हयारण व पूर्व प्रमुख आशीष सिंह सहित अन्य भागवत प्रेमी शामिल रहे।

# मार्ग संकेतक का अभाव डिवाइडर में घुसा ट्रक हादसा टला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र में लखनऊ>महमूदाबाद मार्ग पर निंदूरा ब्लाक के निकट रविवार रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो डिवाइडर से जा टकराया। दोनों चक्का खंडित हुए।

बताया जा रहा है कि ट्रक सीतापुर जनपद के महमूदाबाद से धान लादकर पंजाब जा रहा था। सड़क एवं डिवाइडर पर सांकेतिक चिन्ह न होने के कारण चालक को डिवाइडर का पता नहीं चला और हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद करीब दो सौ लीटर से अधिक डीजल सड़क पर फैल गया। यातायात प्रभावित हुआ।सूचना पर पहुंचे ओदार चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। चालक और खलासी दोनों सुरक्षित हैं।

### लंदन वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में प्रदर्शित होंगे यूपी के पर्यटनीय स्थल : जयवीर

# पर्यटन केवल करियर नहीं, विकास का माध्यम भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में 4 से 6 नवम्बर तक एक्सेल में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट (डब्ल्यूटीएम) 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएगा। पर्यटन केवल एक करियर का क्षेत्र ही नहीं है, बल्कि यह देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम भी है। पर्यटन के जरिए हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत को न केवल संरक्षित रखते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक पहचान भी दिलाते हैं।

विश्व के प्रमुख पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं की भागीदारी वाले इस वैश्विक आयोजन में उत्तर प्रदेश अपने विविध पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक विरासत और निवेश की संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट, लंदन में उत्तर प्रदेश पर्यटन के स्टॉल पर भारत की इत्र नगरी कन्नौज के उत्पाद, स्पिरिचुअल ट्रायंगल (प्रयागराज-अयोध्या-काशी), यूनेस्को विश्व धरोहर ताजमहल, बौद्ध सर्किट और अयोध्या में श्रीराम मंदिर सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय वैश्विक आयोजन पर्यटन उद्योग के विशेषज्ञों, बी2बी मीटिंग्स, साझेदारी के अवसरों, नवाचार, युवा पेशेवरों तथा समावेशी पर्यटन की अवधारणा पर केंद्रित रहेगा। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी। श्री सिंह ने कहा कि लंदन में आयोजित डब्ल्यूटीएम में उत्तर प्रदेश अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वैभव की झलक विश्व के सामने प्रस्तुत करेगा। स्टॉल का विशेष आकर्षण कन्नौज की इत्र विरासत और शिल्पकला होगी, साथ ही प्रयागराज, अयोध्या और काशी को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में दर्शाया



जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध के जीवन और उपदेशों से जुड़े छह पवित्र स्थल सारनाथ, कुशीनगर, संकिसा, कपिलवस्तु, कौशांबी और श्रावस्ती राज्य को 'बुद्ध भूमि' का गौरव प्रदान करते हैं। ये स्थल मिलकर बौद्ध सर्किट बनाते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए 'बोधि यात्रा' का केंद्र हैं।

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों और व्यापार मेलों के माध्यम से राज्य की संस्कृतिक समृद्धि, पर्यटन विविधता और यात्रा शक्ति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करता रहा है। वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट, लंदन जैसे वैश्विक आयोजन न केवल पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देते हैं, बल्कि सामूहिक सहयोग से विश्व पर्यटन के नए युग की नींव मजबूत करते हैं। 'टूरिज्म टेल्स ऽ बचपन की नज़र से' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जयवीर सिंह ने अपने आवास पर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि वे पर्यटन के विविध आयामों को समझें और अपनी रचनात्मकता से उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर स्थापित करें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की कल्पनाशक्ति और ऊर्जा से पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा मिल सकती है।

मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहाँ पर्यटन विकास तीव्र गति से हो रहा है। इस क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता की असीम संभावनाएँ हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को पर्यटन से जोड़ना है ताकि वे इस क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर सकें और प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान दें। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में युवा पर्यटन क्लब गठित किए गए हैं। अब तक 1500 से अधिक क्लबों में लगभग 30000 विद्यार्थी जुड़ चुके हैं। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को इन क्लबों की सदस्यता दी जाती है और उन्हें विभिन्न अवसरों पर प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा जुलाई से अक्टूबर के बीच आयोजित इस कार्यक्रम के तहत लखनऊ के 10 केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को यूपी दर्शन पार्क का भ्रमण कराया गया। पहले दिन क्विज़ प्रतियोगिता और दूसरे दिन विद्यालयों में क्राफ्ट प्रतियोगिता हुई।

# 'गांव सभा' भूमि से सम्बंधित चकबंदी कार्यवाही में राज्य को आवश्यक पक्षकार बनाया जाना चाहिए : उच्च न्यायालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया है कि राज्य सरकार गांव सभा की भूमि और सम्पत्तियों से सम्बंधित सभी चकबंदी मामलों में एक 'आवश्यक पक्ष' है, विशेष रूप से जहां ऐसी भूमि यूपी-राजस्व संहिता, 2006 की धारा 77 (1) (एच) के तहत श्मशान भूमि जैसी सार्वजनिक उपयोगिता भूमि की श्रेणी में आती है।



न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की पीठ ने इस प्रकार कहा कि एक बार जब क्षेत्र यूपीसीएच अधिनियम की धारा 4 के तहत अधिसूचित हो जाता है, तो धारा 11 (सी) के आधार पर, चकबंदी प्राधिकारी को यह निर्देश देने का अधिकार प्राप्त हो जाता है कि राज्य सरकार, गांव सभा या किसी अन्य स्थानीय निकाय प्राधिकरण में निहित कोई भी भूमि, जो उसके नाम पर विधिवत दर्ज है और उक्त परिस्थितियों में कोई भी भूमि जिसे यूपी राजस्व संहिता, 2006 की धारा 77 (1) (एच) के तहत सार्वजनिक उपयोगिता भूमि के रूप में वर्गीकृत किया गया है, राज्य गांव सभा की भूमि से संबंधित मामले में एक आवश्यक पक्ष बन जाता है। इसके साथ ही एकल न्यायाधीश ने उप निदेशक चकबंदी (डीडीसी), हाथरस द्वारा पारित मई 2025 के आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश के द्वारा 2010 के आदेश को इस तथ्य के बावजूद रद्द कर दिया गया था कि उक्त 2010 के आदेश को हाईकोर्ट ने अगस्त 2024 में बरकरार रखा था।

मामले के अनुसार यह विवाद ग्राम अमोखरी, तहसील सासनी, जिला हाथरस में स्थित एक भूमि के टुकड़े से संबंधित है, जो 1996 में चकबंदी कार्यवाही के दौरान याचिकाकर्ता (रवेंद्र सिंह) को आवंटित किया गया था और राजस्व अभिलेखों में उनका नाम विधिवत दर्ज किया गया था। उक्त भूमि पर आज भी उनका कब्जा है। बाद में, चकबंदी कार्यवाही के खिलाफ बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी (एसओसी) के समक्ष अपील दायर की गई और उसे अगस्त 1999 में खारिज कर दिया गया । उस निर्णय के विरुद्ध एक पुनरीक्षण अपील उप संचालक चकबंदी (डीडीसी) के समक्ष दायर की गई, जिन्होंने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मार्च 2010 में पुनरीक्षण को खारिज कर दिया और इस प्रकार, 1999 का वह आदेश अंतिम हो गया। हालांकि, गांव के नेतृत्व में बदलाव के बाद, नव निर्वाचित ग्राम प्रधान ने जनवरी 2025 में डीडीसी के समक्ष एक वापसी ( रिकाल) आवेदन प्रस्तुत किया। यह दावा किया गया कि यह भूमि वास्तव में श्मशान भूमि (सार्वजनिक उपयोगिता वाली भूमि) थी और पूर्व में की गई चकबंदी कार्यवाही के कारण ग्राम सभा को 0.520 हेक्टेयर भूमि का नुकसान हुआ था। हाथरस के जिला उपायुक्त ने उसकी याचिका स्वीकार कर ली और 9 मई, 2025 को 2010 के आदेश को रद्द कर दिया। इसी आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।


माल ढुलाई एग्रीगेटर्स और लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए सुनहरा अवसर

लखनऊ मंडल (उत्तर रेलवे) दक्षिण भारत के प्रमुख गंतव्यों तक माल की तेज़ और कुशल ढुलाई के लिए प्रस्तावित "तीव्र फ्रेट सेवा" के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) आमंत्रित करता है।

तेज़ | सुनिश्चित परिवहन समय | विश्वसनीय

प्रस्तावित उद्गम स्थान: लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, मदोही, प्रयागराज




गंतव्य राज्य: तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना

ई.ओ.आई. जमा करने के पात्र: फ्रेट एग्रीगेटर, लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता, उद्योग और एकल व्यापारी ।

न्यूनतम कितना माल भेज सकते हैं:
- एक वैगन (लगभग 60–65 टन) के माल वाले भी ई.ओ.आई. में भाग ले सकते हैं।
- कोई ऊपरी सीमा नहीं है।

विस्तृत जानकारी और ई.ओ.आई. दस्तावेज़ हमारी वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। https://nr.indianrailways.gov.in>Tenders>Tenders दिनांक 04.11.25 से 03.12.25 तक।

अपना ई.ओ.आई. जमा करें: वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ–226001 या ईमेल: srdomlko@gmail.com | मोबाइल: 9794833900, 9794846493 | अंतिम तिथि: 10 दिसंबर, 2025

3408/2025

## कहानी एक कोच की : चक दे इंडिया के कबीर खान की याद दिलाते हैं अमोल मजूमदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। लगभग पांच दशक के इंतजार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जब पहली बार विश्व कप थामा तो खिलाड़ियों के साथ पूरा देश खुशी से झूम उठा लेकिन वहीं मैदान पर खड़े एक इंसान की आंखों में आंसू, चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ संतोष का भाव था मानो यह जीत कई पुराने जख्मों पर मरहम लगा गई। यह थे भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार। घरेलू क्रिकेट में 20 सत्र और 11000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाने के बावजूद भारत की जर्सी पहनने का उनका सपना अधूरा ही रहा। बतौर खिलाड़ी कई बार दिल टूटा, कई मलाल रह गए लेकिन इस जीत ने उनके सफर को मुकम्मिल कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जीत के बाद 'गुरु' मजूमदार के पैर छूए और गले लगकर रो पड़ी तो टीवी के आगे नजरे गड़ाये जीत का जश्न देख रहे हर क्रिकेटप्रेमी की आंख भी भर आई। इसी



महीने अपना 51वां जन्मदिन मनाने जा रहे मजूमदार की कहानी शाहरुख खान की फिल्म 'चक दे इंडिया' के हॉकी कोच कबीर खान की याद दिलाती है जो हर कयास को गलत साबित करके टीम को विश्व कप दिलाता है और यह जीत उसके अतीत के कई घावों पर मरहम भी लगा जाती है। जीत मिलने के बाद वह जश्न के बीच अपने भीतर जज्बात के तूफान को समेटने की कोशिश करता नजर आता है लेकिन चेहरे पर सुकून साफ दिखाई देता है। मजूमदार ने फाइनल में जीत के बाद कहा, '' मैं उनसे (भारतीय खिलाड़ियों) यही कहता था कि हम हार नहीं रहे हैं। बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे हैं। हम उन तीनों मैचों (लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैच) में काफी प्रतिस्पर्धी रहे और ये सभी मैच काफी करीबी थे। दो साल पहले टीम के कोच बने मजूमदार की नजरें हमेशा से इस विश्व कप पर थी लेकिन तब यह असंभव सा लग रहा था क्योंकि भारतीय महिला क्रिकेट कठिन दौर से गुजर रहा था। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं थी लेकिन नतीजे नहीं मिल रहे थे। पिछले पांच साल में रमेश पोवार, डब्ल्यू वी रमन और फिर पोवार कोच रह चुके थे। रमन के कार्यकाल में भारत आस्ट्रेलिया में 2020 में टी20 विश्व कप के फाइनल में जरूर पहुंचा लेकिन उसके अलावा वैश्विक स्पर्धाओं में निराशा ही हाथ लगी। यही नहीं टीम के भीतर गुटबाजी, विश्वास की कमी और अनुशासनहीनता की भी खबरें गाहे बगाहे आ रही थी। मजूमदार के आने से पहले करीब दस महीने तक भारतीय टीम के पास पूर्णकालिक कोच नहीं था। पोवार को दिसंबर 2022 में हटा दिया गया था और बीच में रिषिकेश कानिटकर तथा नूशीन अल कादिर अंतरिम तौर पर काम देख रहे थे।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया गये कुलदीप टी-20 टीम से रिलीज

एजेंसी

मेलबर्न। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीजी की तैयारी के मद्देनजर टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम से रिलीज किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि कुलदीप को आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ छह नवंबर से शुरू हो रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए के दल में जगह दी गई है। रविवार को भारत ए ने ऋषभ पंत की 90 रनों की पारी और अंशुल कंबोज और मानव सुथार की नाबाद 62 रनों की साझेदारी की बदौलत पहला मैच जीत लिया। बीसीसीआई ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। तीसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 में भारतीय एकादश में कुलदीप की



जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत चौथा टी-20 छह नवंबर को कैनबरा और पांचवां मैच आठ नवंबर को ब्रिस्बेन में खेलेगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर को कोलकाता में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अब भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर। दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीमः- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पड्डिक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, ख़लील अहमद, गुरनूर बराड़, कुलदीप यादव, अभिमन्यू ईश्वरन, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

## टीम को भरोसा था कि हम यह विश्व कप जीत सकते हैं: हरमनप्रीत कौर

एजेंसी

नवीं मुम्बई। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा, इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था। उन्होंने कहा, हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की। पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बल्लेबाजी करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा, हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है। हमने 300 रन बनाने की कोशिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए।

## चेन्नई एथलेटिक्स में बांदा का 76 वर्षीय धावक मोतीलाल स्पाइक्स पहनकर लगाएंगे दौड़

एजेंसी

बांदा। कहते हैं, ़उम्र सिर्फ़ एक संख्या है, हौसला हो तो पहाड़ भी रास्ता देता है।ङ्क इसी जज़्बे को हक़ीक़त में बदलते नज़र आ रहे हैं बांदा के 76 वर्षीय धावक मोतीलाल चौरसिया, जो चेन्नई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने रवाना हो गए हैं। शहर में उनकी विदाई किसी उत्सव से कम नहीं थी। फूलों की मालाएं, ढोल-नगाड़े, तालियों की गूंज और हर किसी की आंखों में गर्व की चमक। जैसे ही मोतीलाल चौरसिया ने ़भारत माता की जयङ्क का नारा लगाया, माहौल जोश से भर गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सुनहरा अवसर है। मैं मैदान में उतरूंगा तो हर कदम भारत के सम्मान के लिए होगा। छात्र जीवन में तीन बार जिला और विश्वविद्यालय स्तरीय अजेय चैम्पियन रह चुके मोतीलाल चौरसिया ने राज्य स्तरीय नौ और राष्ट्रीय स्तर पर छह बार अपनी रफ्तार से सबको चकित कर चुके हैं।



करीब तीस साल पहले उन्होंने दौड़ से संन्यास लिया था, लेकिन रफ्तार उनकी रगों से कभी नहीं उतरी। अपने 70वें जन्मदिन पर उन्होंने पुलिस लाइन मैदान में लगातार 70 मिनट तक दौड़कर एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया था। उस दिन तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शालिनी और डीआईजी ने उन्हें सम्मानित किया था। चेन्नई में 4 से 6 नवंबर तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में वे 5 किलोमीटर दौड़ श्रेणी में उतरेंगे। 76 वर्ष की आयु वर्ग में भारत के इकलौते प्रतिनिधि के रूप में चयनित होना उनके जुनून और अनुशासन की कहानी बयां करता है। इस प्रतियोगिता में 165 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जहां अनुभव, हौसला और गति का रोमांचकारी संगम देखने को मिलेगा। खेल मंत्रालय के पूर्ण खर्च पर प्रयागराज होते हुए चेन्नई रवाना हुए मोतीलाल चौरसिया का कहना है कि ़अब मेरा सपना है कि बांदा का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन हो। युवाओं से कहना चाहता हूं कि सपनों की उम्र नहीं होती, बस हौसले की ज़रूरत होती है। स्थानीय खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें फूलों से लादकर शुभकामनाएं दीं। किसी ने कहा कि ़यह दौड़ मोतीलाल जी नहीं, बांदा की आत्मा दौड़ रही है।ङ्क तो कोई बोला कि ़ये बुज़ुर्ग नहीं, बुंदेलखंड की दौड़ती प्रेरणा हैं।ङ्क चेन्नई के ट्रैक पर जब यह 76 वर्षीय धावक स्पाइक्स पहनकर दौड़ेंगे, तो यह सिर्फ़ एक खेल नहीं होगा यह साबित करेगा कि जुनून कभी बूढ़ा नहीं होता।

## हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है: नीता अंबानी

मुम्बई। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रविवार रात भारतीय महिला टीम द्वारा पहला महिला विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा, ़आधी रात को हमारी लड़कियों ने पहली आईसीसी विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। मुझे लगता है कि आपने जिस हिम्मत, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ खेला है, उससे आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हमें आप सब पर बहुत गर्व है और मैं कहना चाहती हूं धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद और जय हिंद। कल रात खेले गये फाइनल मुकाबले के समय श्रीमती नीता एम. अंबानी नवी मुंबई में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को चीयर करने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद थीं। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला टीम ने कल रात (शेफाली वर्मा 87 रन और दो विकेट) तथा दीप्ति शर्मा (58 रन और पांच विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

## दिग्गजों ने महिला टीम की विश्व कप जीत को निर्णायक क्षण करार दिया

एजेंसी

नवी मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वनडे विश्व कप में ऐतिहासिक जीत का पूरे देश भर में जश्न मनाया गया तथा प्रमुख खेल हस्तियों, राजनीतिक हस्तियों, कॉरपोरेट दिग्गजों, बॉलीवुड अभिनेताओं ने इसे एक निर्णायक क्षण बताया जो पूरी पीढ़ी को प्रेरित कर सकता है। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। वर्षों की कड़ी मेहनत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम रविवार रात फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर एकदिवसीय खिताब जीतने वाली दुनिया की चौथी टीम बन गई। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया। आज हमारी महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की है।'' तेंदुलकर ने कहा, ''उन्होंने देश भर में अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाने, मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस जीत को ''राष्ट्र के लिए एक गौरवशाली क्षण'' बताया। उन्होंने कहा,''विश्व चैंपियन भारतीय टीम की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। यह देश के लिए एक गौरवशाली क्षण है, क्योंकि हमारी टीम ने महिला विश्व कप जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया है। आपके शानदार क्रिकेट कौशल ने लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। पूरी टीम को बधाई।'' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, ''इतिहास रचा गया। हमारी महिला खिलाड़ियों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। 140 करोड़ भारतीय इस गौरवशाली क्षण को संजो रहे हैं। बधाई हो, विश्व चैंपियन। स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने लिखा, ''आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आपने अपने साहसिक क्रिकेट और विश्वास से प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आप सभी प्रशंसा के हकदार हैं और इस पल का पूरा आनंद लें। शाबाश हरमन और टीम। जय हिंद।'' पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, ''विश्व चैंपियन। मैं दो दशकों से भी अधिक समय से भारतीय महिला टीम को विश्व कप ट्राफी उठाते हुए देखने का सपना देख रही थी। यह सपना आखिरकार आज रात सच हो गया। विश्व क्रिकेट की नई चैंपियनों, आपने सिर्फ एक ट्रॉफी ही नहीं जीती, आपने भारतीय महिला क्रिकेट के लिए धड़कने वाले हर दिल को जीत लिया।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा, ''यह गर्व का क्षण है। हमारी महिला खिलाड़ियों ने इतिहास रचा और करोड़ों दिलों में अपनी जगह बनाई। आपके साहस, धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरव दिलाया है और अनगिनत युवा लड़कियों को निडर होकर सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आपने सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं उठाई, आपने एक राष्ट्र की भावना को ऊपर उठाया है।

## सॉफ्टा टेक्नोलॉजीज ने पेश किया स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जेकटर, पूर्ण डाटा सुरक्षा का दावा

नयी दिल्ली। प्रौद्योगिकी कंपनी सॉफ्टा टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को पूरी तरह स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जेकटर की शुरुआत की घोषणा की और दावा किया कि इसमें लोगों का डाटा पूरी तरह सुरक्षित होगा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जेकटर पर कोई भी व्यक्ति अनधिकृत रूप से दूसरे का वीडियो, फोटो और अन्य डाटा न कॉपी कर सकेंगे और न डाउनलोड कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें महिलाओं की डिजिटल सुरक्षा का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया है। इसमें न सरकार और न ही कंपनी को निजी डाटा तक पहुंच हासिल होगी। श्री सिंह ने बताया कि जेकटर ऐप गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध है और लोग इसे डाउनलोड करके इसका इस्तेमाल कर सकते हैं, हालांकि औपचारिक लॉन्चिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा। एक प्रशन के उत्तर में उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों में खास समुचित प्रक्रिया के तहत सरकार द्वार मांगे जाने पर भी कंपनी सिर्फ इनक्रिप्टेड डाटा ही उपलब्ध करायेगी और उसे डीकोड करके नहीं देगी, जैसा अमेरिका कंपनियां वहां करती हैं।

उन्होंने बताया कि यह ऐप यूआरएल आधारित नहीं है और इसमें किसी एलगोरिदम का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, इसलिए कंपनी के लिए डाटा को डीकोड करना संभव नहीं होगा। सुरक्षा की दृष्टि से कंपनी के अपने डाटा सेंटर पर सारे डाटा स्टोर किये जायेंगे।

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस ऐप पर पिछले 12 साल के काम किया जा रहा था। गहन अनुसंधान के बाद इसे पेश किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीसीसीआई देगा भारतीय महिला टीम को 51 करोड़ रूपये का इनाम

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने आज कहा, बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिले 1.32 मिलियन अमेरिकी डॉलर से कहीं अधिक है और 2023 में अहमदाबाद में भारत को हराने पर उनकी पुरुष टीम को मिले चार मिलियन अमेरिकी डॉलर से भी बेहतर है। उल्लेखनीय है कि भारत ने रविवार को नवी मुंबई में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला महिला विश्व कप खिताब जीता।

### एशियाई युवा खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगा आईओए

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को घोषणा की कि बहरीन में हाल में समाप्त हुए एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 50,000 रुपये जबकि स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को 10-10 लाख रुपये मिलेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों के कोचों को भी एक-एक लाख रुपये मिलेंगे। भारत 23 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित किए गए खेलों में 48 पदकों (13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य) के साथ अंतिम तालिका में छठे स्थान पर रहा था। भारत ने मुक्केबाजी में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा वह कुश्ती में तीन और कबड्डी में दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। आईओए ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईओए मानता है कि इस तरह के प्रदर्शन निरंतर प्रयास, कठोर प्रशिक्षण और कोचों तथा सहयोगी स्टाफ के उचित मार्गदर्शन का परिणाम हैं। आईओए ने शीघ्र ही एक विशेष समारोह में सभी पदक विजेताओं, कोचों और चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किया है।''

### जीएसटी कटौती से अक्टूबर में विनिर्माण को मिली गति

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में गत 22 सितंबर से किए गए बदलाव के कारण अक्टूबर में घरेलू विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है। मासिक आधार पर जारी एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर के 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी को और इससे कम रहना मंदी को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी में राहत, उत्पादकता बढ़ने और प्रौद्योगिकी में निवेश से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की रफ्तार तेज हुई है। नये ऑर्डरों में तेजी से वृद्धि हुई है और इसमें घरेलू बाजार की भूमिका रही है, हालांकि विदेशों से मिले ऑर्डरों में बढ़ोतरी सुस्त पड़ी है। कच्चे माल के भंडार में लगभग रिकॉर्ड गति से तेजी आयी है। विदेशी बिक्री 10 महीने में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''मांग मजबूत रहने से अक्टूबर में आउटपुट नये ऑर्डर और रोजगार सृजन में तेजी आयी है। लागत मूल्य में कमी आयी है जबकि औसत विक्रय मूल्य बढ़ा है। जीएसटी सुधार और मजबूत मांग से सकारात्मक उम्मीदों के कारण भविष्य को लेकर कारोबारी भावना मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माताओं ने कच्चे माल की खरीद बढ़ा दी और इसमें वृद्धि की रफ्तार मई 2023 के बाद सबसे अधिक रही। लगातार 12वें महीने नये रोजगारों का सृजन हुआ है, हालांकि इसकी रफ्तार सितंबर की तरह ही धीमी रही।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 34 प्रतिशत बढ़ा अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से विमान सेवा कंपनियों के लिए हब के तौर पर उभर रहा है और सितंबर 2024 से अगस्त 2025 के दौरान यहां अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट साल-दर-साल 34 प्रतिशत बढ़ा। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सितंबर 2024 से अगस्त 2024 के बीच इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 6.7 लाख रही, जो इससे पहले के एक साल की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। सितंबर 2023 से अगस्त 2024 के बीच यह ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 4.98 लाख रही थी।

अगस्त 2025 को समाप्त एक साल के दौरान पूरब के देशों से आकर पश्चिम के देशों में जाने वाले यात्रियों की संख्या 34 प्रतिशत और पश्चिम के आकर पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़ी। अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आंकड़ों का हवाला देते हुए डायल ने बताया कि ट्रांजिट यात्रियों में 67 प्रतिशत ने एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा की जबकि 25 प्रतिशत योगदान इंडिगो का रहा। अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट यात्री वे हैं, जो किसी दूसरे देश से आते हैं तथा किसी और फ्लाइट से किसी तीसरे देश को जाते हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यूरोप, पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में फैले अपने बेजोड़ नेटवर्क के साथ दिल्ली हवाई अड्डा वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश की स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। लंदन की व्यावसायिक यात्रा हो, बैंकॉक का पर्यटन हो, या टोक्यो के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान, दिल्ली हवाई अड्डा भारत को दुनिया से जोड़ता है, पूर्व और पश्चिम के बीच वास्तविक प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,22,990 रुपये से लेकर 1,23,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,12,740 रुपये से लेकर 1,12,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,51,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,23,140 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,22,990 रुपये प्रति 10



ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,23,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,12,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,22,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,12,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,22,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।


लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,23,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,12,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,23,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,12,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,23,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,12,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत घटी है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,22,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,12,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# राजग की सरकार में बिहार में जंगलराज इतिहास बन चुका है : शाह

एजेंसी

सीतामढ़ी। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने सोमवार को कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में जंगलराज इतिहास बन चुका है और राज्य में विकास के नए कीर्तिमान बन रहे हैं।

श्री शाह ने आज सीतामढ़ी जिले में राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि राजग की सरकार में जंगलराज इतिहास बन चुका है, अब राज्य में में इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन से विकास के नए कीर्तिमान बन रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बेलसंड का आज़ादी के आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान था। बेलसंड के 24 स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने काला पानी की सजा दी थी। उन्होंने कहा कि लालू एंड कंपनी ने उन्हें भुला दिया है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार इन 24 स्वतंत्रता सेनानियों का स्मारक बनाएगी। श्री शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी का अपमान करते-करते अब छठी मैया का अपमान कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब-जब इन लोगों ने श्री मोदी मोदी का अपमान किया है, जनता ने उसका जवाब उन्हें हराकर दिया है। आने वाले चुनाव में सीतामढ़ी वालों को इसे याद रखना है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस वाले लोग राम मंदिर के विरोधी हैं। श्री मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया। अब हम सीता जी का भव्य राम मंदिर बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन सीतामढ़ी में सीता माता के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उसी दिन सीतामढ़ी से लेकर अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन भी चालू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो अयोध्या आयेगा, वह सीतामढ़ी भी आयेगा और बिहार के टूरिज्म को बहुत फायदा होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी जीविका दीदियों के खातों में 10 हजार रुपए डाले हैं। उन्होंने कहाा कि राजद वाले चुनाव आयोग के पास जाकर कह रहे हैं कि यह दस हजार रुपए वापस ले लो। उन्होंने कहा कि वह जीविका दीदियों से कहना चाहते हैं कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है, किसी में दम नहीं जो महिलाओं को मिलने वाले पैसे रोक ले। यह यहीं नहीं रुकेगा आने वाले समय में हम उन्हें दो लाख रुपए देंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि महाठगबंधन में न नेता है, न नीति है। मालूम ही नहीं है कि कौन, किस सीट से लड़ रहा है,जबकि राजग की पांचों पार्टियां, पांडव की भांति एकमुश्त होकर बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वह बिहार चुनाव का परिणाम अभी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को आठ बजे मतपेटी खुलेगी और दोपहर एक बजे तक लालू-राहुल की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। भारी बहुमत से बिहार में राजग की सरकार बनेगी।

### बिहार में बने गोले से आतंकियों को दिया जायेगा जवाब :शाह

**मधुबनी।** केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पाटी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने सोमवार को कहा कि बिहार में डिफेंस कॉरिडोर बनने के बाद यहां बने गोले से आतंकियों की गोली का जवाब दिया जायेगा। श्री शाह ने आज मधुबनी जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि बिहार में डिफेंस कॉरिडोर भी बनने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत में पहले आए दिन आतंकवादी घुस जाते थे, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू यादव और कांग्रेस इसका जवाब नहीं देते थे, उन्हें बिरयानी खिलाते थे। उन्होंने कहा कि बिहार में डिफेंस कॉरिडोर बनने के बाद यहां बने गोले से आतंकियों की गोली का जवाब दिया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद श्री मोदी की पहली सभा मधुबनी में ही हुई, और यहीं श्री मोदी ने वादा किया था कि जिन्होंने हमारे यात्रियों को धर्म पूछकर मारा है, उसका बदला बहुत ही निर्ममता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ 20 दिनों में श्री मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया कर दिया। श्री शाह ने दावा किया कि बिहार नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुये कहा कि उन्होंने यहां घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिये गरीबों के अनाज में सेंध लगाते हैं, युवाओं का रोजगार छीनते हैं। उन्होंने चुनौती दी राहुल गांधी पूरे देश में ''घुसपैठिया बचाओ'' रैली निकाल लें, राजग सरकार बिहार से चुन-चुनकर घुसपैठियों को निकालेगी।घुसपैठियों को इस बात का अधिकार नहीं होगा कि बिहार का मुख्यमंत्री कौन बनेगा।

# डिजिटल गिरफ्तारी से 3,000 करोड़ का नुकसान, सुप्रीम कोर्ट ने साइबर ठगी पर जतायी नाराजगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि साइबर धोखाधड़ी खासकर- तथाकथित डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों में नागरिकों से लगभग 3,000 करोड़ रुपये की उगाही की गई है। डिजिटल गिरफ्तारी में पीड़ितों को मनगढ़ंत आपराधिक कार्रवाई की धमकी देकर पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की युगल पीठ ने इस तेज़ी से बढ़ते खतरे से निपटने के लिए कठोर और कड़े कदम उठाने का आह्वान किया। पीठ ने कहा, यह चौंकाने वाला है कि पीड़ितों से लगभग 3,000 करोड़ रुपये वसूले गए हैं। और यह सिर्फ़ हमारे देश में है। अगर हम कड़े आदेश नहीं देते हैं, तो समस्या और बढ़ जाएगी। हम इससे सख्ती से निपटेंगे। उच्चतम न्यायालय देश भर में नागरिकों को निशाना बनाने वाले डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों की बढ़ती लहर से निपटने के लिए स्वतः संज्ञान से शुरू किए गए एक मामले की सुनवाई कर रहा था। पिछली सुनवाई के दौरान, सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को ऐसे घोटालों के संबंध में दर्ज प्राथमिकियों का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। गृह मंत्रालय (एमएचए) और सीबीआई ने न्यायालय को एक सीलबंद रिपोर्ट सौंपी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि ऐसे साइबर अपराधों की निगरानी और समन्वय के लिए गृह मंत्रालय के भीतर एक समर्पित इकाई का गठन किया गया है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, गृह मंत्रालय में एक अलग इकाई समन्वय कर रही है और कई कदम उठाए जा रहे हैं। एक संक्षिप्त सुनवाई के बाद, न्यायालय ने अपने निर्देश सुरक्षित रख लिए और आदेश दिया कि मामले को 10 नवंबर को फिर से सूचीबद्ध किया जाए। यह स्वतः संज्ञान कार्यवाही एक वरिष्ठ नागरिक दंपति द्वारा भेजी गई एक पत्र याचिका पर आधारित है जिन्होंने बताया था कि एक से 16 सितंबर के बीच सीबीआई, खुफिया ब्यूरो और न्यायपालिका के अधिकारी बनकर धोखेबाजों द्वारा उनसे 1.5 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। घोटालेबाजों ने कथित तौर पर गिरफ्तारी से बचने के बहाने पीड़ितों को पैसे देने के लिए धमकाने के लिए वीडियो कॉल पर दिखाए गए।

# बिहार को पलायन नहीं -पुनर्निर्माण चाहिए : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि बिहार को भाजपा-जद-यू के शासन ने दो दशक में बर्बाद कर औद्योगिक नक्शे से उसे लगभग मिटा दिया है। इसके कारण प्रतिभाओं ने पलायन किया है लेकिन अब बिहार को बचाने तथा इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है।

कंग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को एक बयान में कहा कि कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए जाना जाने वाला बिहार आज बेरोज़गारी और पलायन का पर्याय बन गया है। भाजपा-जेडीयू ने 20 वर्षों के शासन में असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार में सिर्फ़ पलायन उद्योग स्थापित किया है और बिहार को विकास और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे से लगभग मिटा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बिहार के हित के लिए काम किया है और आजादी के बाद अविभाजित बिहार में पार्टी की सरकारों ने अनेक औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित कीं, जिनकी वजह से यह राज्य देश के औद्योगिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित हुआ। उस दौर में भारी उद्योग, ऊर्जा, डेयरी और रेल उत्पादन आदि में बिहार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा था। कांग्रेस शासन में स्थापित प्रमुख औद्योगिक इकाइयों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बरौनी तेल शोधन कारखाने ने बिहार को ऊर्जा उत्पादन का केंद्र बनाया था जबकि सिंदरी और बरौनी खाद कारखाना केवल बिहार ही नहीं देश की खाद सुरक्षा में मददगार बना। इसी तरह से बरौनी डेयरी और आज की सुधा डेयरी की नींव रखी और बेला में रेल पहिया कारखाना खोला। मढ़ौरा में डीज़ल लोकोमोटिव कारखाना, नवीनगर थर्मल प्रोजेक्ट और सुधा कोऑपरेटिव डेयरी नेटवर्क की स्थापना कांग्रेस की सरकारों ने की है। श्री रमेश ने बिहार में बंद हुए कारखानों का जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ कांग्रेस सरकारों ने विजन के साथ बिहार में औद्योगिक विकास की बुनियाद खड़ी की तो वहीं भाजपा-जदयू की सरकार ने कोई महत्वपूर्ण उद्योग स्थापित करने की बजाय पुराने उद्योगों को खंडहर में तब्दी कर दिया। राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अपनी भ्रष्ट और अव्यवस्थित नीतियों से इस सरकार ने मौजूद उद्योगों को भी चौपट कर दिया। अशोक पेपर मिल की 400 एकड़ जमीन का परिसर खंडहर बन चुका है। मशीनें सड़ गईं हैं और मजदूर उजड़ गए हैं। कभी बिहार में 33 से अधिक चीनी मिलें थीं, जिनकी देश के कुल चीनी उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी थी लेकिन आज उनमें से अधिकांश बंद पड़ी हैं और सकरी, रैयम, लोहट, मोतीपुर, बनमनखी, मोतिहारी की मशीनें ट्रकों में भरकर कबाड़ में बेच दी गईं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर चुनाव में इन्हें पुनः चालू कराने का वादा करते हैं लेकिन उनके हर वादे के बाद एक के बाद एक चीनी मिल बंद होती गई।

# केन्द्र से चल रही नीतीश की सरकार, नहीं मिल रहा है नीतीश को सम्मान : प्रियंका

एजेंसी

सहरसा। कंग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार केन्द्र से चल रही है और उन्हें सम्मान नहीं मिल रहा है।

श्रीमती गांधी ने आज सहरसा जिले में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में 20 साल से एक ही सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार केन्द्र से चलती है, वो लोग जो बोलते हैं नीतीश वही करते हैं। बिहार में नीतीश कुमार के हाथ में कुछ नहीं बचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज के समय में बिहार में मुख्यमंत्री श्री कुमार का सम्मान नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, महिलाएं असुरक्षित हैं, उन्हें बच्चों की चिंता है, बेटियों की चिंता है। डर ऐसा है कि कमाने जाना भी चाहें तो नहीं जा सकती हैं। कंग्रेस महासचिव ने कहा कि बिहार लोग



कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक काम करने जाते है।वह बस त्योहारों पर ही अपने परिवारों से मिलते हैं।बिहार में काम नहीं है, खेती में कमाई नहीं बची, खेती से किसान कुछ नहीं कमा सकते हैं. सब चीजें महंगी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जब यहां के लोग दूसरे शहरों में नौकरी के लिए जाते हैं। घबराहट लेकर वहां नौकरी करते हैं। वह सोंचते हैं कि परिवार का क्या होगा। परिवार कैसा होगा। उस वक्त उन्हें बचाने कोई नहीं आता। यदि बिहार की स्थिति बदलनी है तो खुद आगे आना होगा। कंग्रेस सांसद ने कहा कि वह एक महिला हैं और समझती हैं कैसे महिलाओं को हमेशा समाज का पूरा बोझ उठाना पड़ता है। उन्होंने पूछा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपके लिए क्या किया है। चुनाव आया है तो बोल रहे हैं लो 10 हजार रुपए ले लो। इसका क्या मतलब है। इन लोगों को आपसे फायदा लेना है तो 10 हजार बांट रहे हैं। पता नहीं चुनाव के बाद ये लोग क्या करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोगों की नीयत ठीक नहीं है।ये लोग आपको 10 हजार रुपए बांट रहे हैं,वो ले लीजिए, लेकिन वोट उन्हें मत दीजिए। वोट देने से पहले अपने परिवार और अपनी हालत के बारे में सोचिए। वोट उन्हें ही दीजिए जो आपके हालात को सुधार सकते हैं। कंग्रेस महासचिव ने बिहार की गौरवशाली भूमिका की चर्चा करते हुये कहा कि ''देश के विकास में बिहार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने लोगों को वोट देने की शक्ति दी है, इसलिए अपनी इस शक्ति को पहचानिए और गर्व कीजिए कि आप बिहार के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में 65 लाख से ज्यादा लोगों के वोट काट दिए गए हैं, जिसका मतलब है कि इतने लोगों से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं।

## सरकारी बस और ट्रक की टक्कर में 18 लोगों की मौत, 15 घायल

हैदराबाद। तेलंगाना के रंगारेड्डी ज़िले में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद 18 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि चेवेल्ला मंडल में मिर्ज़ागुडा के पास तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और बजरी से लदे एक ट्रक आमने सामने टकरा गए। यह बस लगभग 70 यात्रियों को लेकर बस तंदुर इलाके से हैदराबाद जा रही थी। ट्रक पर लदी बजरी के बस पर गिरने से आगे की छह सीटें पर बैठी सवारियां पूरी तरह से कुचल गईं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को इलाज के लिए चेवेल्ला के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल और पास के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना के बाद चेवेल्ला-विकाराबाद मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जाँच शुरू कर दी है। राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को समय-समय पर स्थिति की पूरी जानकारी देते रहने के साथ राहत कार्यों में तेजी लाने और पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। श्री रेड्डी ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि सभी घायल यात्रियों को तुरंत हैदराबाद पहुँचाया जाए और उन्हें सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए।

## दूरसंचार विभाग का डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 का शुभारंभ

नयी दिल्ली। दिल्ली में दूरसंचार विभाग के लिए राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 का सोमवार को शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के बाद संचार लेखा महानियंत्रक वंदना गुप्ता ने यूनीवार्ता को बताया कियह अभियान पेंशनभोगियों के लिए भारत की सबसे बड़ी पहल है। इस पहल का नेतृत्व कार्मिक,लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अधींन पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है, तथा इसमें संचार लेखा महानियंत्रक (सीजीसीए) सहित अन्य संस्थाओं की मुख्य भूमिका हैं। अभियान का शुभारंभ.संचार लेखा महानियंत्रक वंदना गुप्ता ने किया। इस मौके पर एडिशनल सीजीसीए एवं प्रिंसिपल सीजीसीए सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। शुभारंभ के बाद सीजीसीए वंदना गुप्ता ने बताया कि संपन्न प्रणाली के परिणामस्वरूप परिचालन दक्षता में वृद्धि के कारण 40 करोड़ से अधिक की वार्षिक बचत हुई है। दूरसंचार विभाग के लिए राष्ट्रव्यापी डीएलसी 4.0 अभियान एक से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा द्य इस मौके पर वंदना ने बताया इस अभियान का लाभ दूरसंचार विभाग के साथ साथ,रक्षा सहित भविष्य में विभिन्न विभागो के पेंशनभोगियों को मिलेगा द्य मामले की जानकारी देते हुये सीजीसीए ने बताया डीएलसी 4.0 अभियान के तहत सीजीसीए कार्यालय द्वारा की गई गतिविधियाँ डीएलसी 4.0 का विस्तार देश भर के 171 शहरों तक होगा, जो शहरी पेंशनभोगियों को व्यापक सहायता प्रदान करेगा। नवंबर 2025 में पूरे भारत में 320 समर्पित शिविर आयोजित किए जाएँगे, जो 2024 में 226 से बढ़कर 100% डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पेंशनभोगी बिना किसी सहायता के न छूटे। यह अभियान विशेष रूप से लगभग 22,300 पेंशनभोगियों को लक्षित करता है जिनके डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र नवंबर 2025 में समाप्त होने वाले हैं। चालू वित्त वर्ष में लगभग 1.6 लाख डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पहले ही एकत्र किए जा चुके हैं, जो विभाग की पहुँच और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# देशभर के 1300 स्टेशनों का हो रहा नवनिर्माण: अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली/अहमदाबाद। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बताया कि देशभर के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के बहुत सारे स्टेशन 100 या 150 साल पुराने हैं, ऐसे में भविष्य में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन स्टेशनों का पुनर्निर्माण और नवनिर्माण किया जा रहा है।

श्री वैष्णव ने यह बात अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्यों के निरीक्षण और हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना के प्रगति की समीक्षा के दौरान यह बात मीडिया से कही। श्री वैष्णव ने मीडिया को बताया कि भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जिनमें अहमदाबाद स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद स्टेशन पर 16 मंज़िला आधुनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद में हाई स्पीड बुलेट ट्रेन का स्टेशन करीब करीब बनकर तैयार हो गया है। इसके साथ ही अहमदाबाद के पुराने स्टेशन और बुलेट ट्रेन स्टेशन को साथ में जोड़ दिया जायेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि गुजरात में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेजी से हो रहा है।

इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि यहां पर बुलेट ट्रेन के स्टेशन के निर्माण से आने वाले दिनों अहमदाबाद रेलवे स्टेशन की क्षमता भी बढ़ सकेगी। उन्होंने कहा कि अभी रेलवे स्टेशन पर कुल पर कुल 10 प्लेटफार्म हैं। बुलेट ट्रेन के स्टेशन को 10 नंबर प्लेटफॉर्म की तरफ बनाया गया है। इसके साथ अहमदाबाद रेलवे स्टेशन की क्षमता बढ़ाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नए प्लेटफार्म के बनने पर अहमदाबाद जंक्शन पर अधिक ट्रेनों का ठहराव हो सकेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि बुलेट ट्रेन स्टेशन और अहमदाबाद रेलवे स्टेशन को आपस में एकीकृत (इंटीग्रेटेड) रूप से विकसित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को सहज स्थानांतरण की सुविधा प्राप्त होगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि देशभर में करीब 20 शहर ऐसे हैं जहां अधिक यात्रियों के चलते ट्रेनों की बहुत अधिक मांग रहती है। ऐसे शहरों में मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, पटना, लखनऊ है, इसके साथ ही अहमदाबाद और सूरत से भी अधिक ट्रेनों की मांग अधिक है। इस मांग को देखते हुये रेल विभाग ने 20 शहरों में क्षमता को दोगुना करने का काम हाथ में लिया है। श्री वैषणव ने कहा कि इस बढ़ती डिमांड को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने हेतु अहमदाबाद के वटवा में एक मेगा टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसमें 10 पिट लाइनों का निर्माण होगा। इसके माध्यम से लगभग 45 अतिरिक्त ट्रेनों की केपेसिटी बढ़ेगी जिससे अहमदाबाद से लगभग 150 ट्रेनों का संचालन संभव हो पाएगा।

# पेज एक का शेष

### 'पप्पू, टप्पू और...

जानकी का मंदिर भी डबल इंजन की सरकार बना रही है। यही होती है अच्छी सरकार का फायदा–आस्था का सम्मान और विकास का संकल्प। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है, जो अयोध्या और मिथिला को एक बार फिर भावनात्मक रूप से जोड़ देगा। सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले अयोध्या से दरभंगा आने में 16 घंटे लगते थे, अब लखनऊ से दरभंगा आने में मात्र 45 मिनट लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में कनेक्टिविटी का नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। यही विकास की असली गंगा है। उन्होने कहा कि राजद की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे। उन्होंने जाति के नाम पर समाज को तोड़ा, अपहरण को उद्योग बना दिया। लेकिन अब एनडीए की सरकार में न दंगा है, न भय। यूपी की तरह बिहार को भी माफिया और अराजकता से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में माफिया की छाती पर बुलडोजर चलता है। जो लूटेगा, उसका सब कुछ जाएगा और वही संपत्ति गरीबों को घर बनाकर दी जाएगी। यही है गरीबों के हित में न्याय की नई परिभाषा। योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कश्मीर को विवादित कांग्रेस ने बनाया था। वहां हिंदुओं को विस्थापित किया गया, मिथिला का व्यक्ति वहां नहीं बस सकता था। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 हटाकर यह अन्याय खत्म किया। अब बिहार और मिथिला का कोई भी व्यक्ति वहां जाकर सम्मानपूर्वक रह सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के पाप को धोने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने किया है। उन्होने कहा कि एनडीए सुशासन का प्रतीक है। यह गरीब को आवास देता है, किसान को सम्मान निधि देता है, नौजवान को रोजगार देता है, माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना का लाभ देता है। वहीं कांग्रेस-आरजेडी अपहरण, अराजकता और जातीय हिंसा का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में अब रामराज्य की अवधारणा को साकार करने का समय है। मां जानकी की इस पावन धरती से मैं यही आग्रह करने आया हूं कि बंटेंगे नहीं तो कटेंगे भी नहीं। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और बिहार सेफ रहेगा। एनडीए विजयी होगा तो बिहार विजयी होगा।

### विधानसभाएं हमारी...

संहिता विधेयक लागू करने से जुड़े विधानसभा सदस्यों की मैं सराहना करती हूं। उन्होंने कहा ''मुझे बताया गया है कि विधान सभा ने 550 से अधिक विधेयक पारित किए हैं और मैं इसकी सराहना करती हूं। श्रीमती मुर्मू ने कहा ''विधायक सरकार तथा जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है और जमीनी स्तर पर क्षेत्र की जनता से जुड़कर उनकी सेवा करने का अवसर मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। एक विधायक के रूप में मुझे नौ वर्ष जन-सेवा का अवसर मिला था। अपने अनुभव के आधार पर कह सकती हूं कि यदि विधायक सेवा-भाव से निरंतर जनता की समस्याओं के समाधान तथा उनके कल्याण में सक्रिय रहेंगे तो जनता और जन-प्रतिनिधि के बीच विश्वास का बंधन अटूट बना रहेगा। सामान्य जनता, जन-प्रतिनिधियों की निष्ठा को महत्व देती है। श्रीमती मुर्मु ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि उत्तराखंड विधान सभा में इस वर्ष नेशनल इलेक्ट्रॉनिक विधान एप्लीकेशन की व्यवस्था शुरु की गयी है तथा इसके माध्यम से दो सत्रों का संचालन किया जा चुका है। उत्तराखंड में अनुपम प्राकृतिक संपदा और सौन्दर्य विद्यमान हैं इसलिए प्रकृति का संरक्षण करते हुए ही विकास के मार्ग पर राज्य को आगे ले जाना है।

### अनिल अंबानी...

बकाया थे। अंबानी के खिलाफ कार्रवाई कथित वित्तीय अनियमितताओं और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर सहित समूह की कई कंपनियों द्वारा 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के सामूहिक ऋण को निर्धारित मद के बजाय किसी और जगह खर्च करने से संबंधित है। ईडी ने इस मामले में अगस्त में उद्योगपति से पूछताछ की थी। यह पूछताछ 24 जुलाई को मुंबई में एजेंसी द्वारा 50 कंपनियों और उनके व्यावसायिक समूह के अधिकारियों समेत 25 लोगों के 35 परिसरों की तलाशी के बाद की गई थी। निदेशालय का यह धनशोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण (सीबीआई) ब्यूरो की एक प्राथमिकी से संबंधित है।

### छह विवि की मदद...

वाराणसी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय , अलीगढ़, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के वरिष्ठ प्रोफ़ेसरों, विभागाध्यक्षों एवं कुलसचिवों ने भागीदारी की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक, अनुसंधानात्मक एवं तकनीकी क्षमता को ग्राम पंचायत स्तर की योजना निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित, समेकित एवं सहभागी योजनाएं तैयार की जा सकें। ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान मॉडल के माध्यम से कम लागत एवं बिना लागत की गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए ग्राम पंचायतों में सतत आजीविका, आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। सभी सहभागी विश्वविद्यालयों ने इस पहल के प्रति पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि यह साझेदारी ग्रामीण विकास की दिशा में ज्ञान एवं नीति के एकीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी।

### पाकिस्तान परमाणु...

जुड़े मामलों में अग्रणी थिंक टैंक- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान के पास मौजूदा समय में 170 परमाणु वॉरहेड्स हैं। जनवरी 2025 में जारी हुई विश्लेषण रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के परमाणु जखीरे में इस वक्त 180 वॉरहेड्स हैं। दूसरी तरफ बुलेटिन ऑफ एटॉमिक साइंटिस्ट्स की 2023 की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान के पास अपने परमाणु जखीरे को जल्द बढ़ाने की क्षमता भी है, क्योंकि उसके पास चार प्लूटोनियम प्रोडक्शन रिएक्टर्स और परमाणु संवर्धन से जुड़ा जबरदस्त इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। इसके अलावा वह परमाणु हथियार बनाने की नई प्रणालियों को भी विकसित कर रहा है।

### विवि-कॉलेजों को ...

ऐसे में ज्यादा मालामाल तो विश्वविद्यालय हैं और वहां तो सुविधाएं फिर भी मिल रहीं हैं लेकिन कॉलेजों की स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में परीक्षा शुल्क घटाया जाना चाहिए। वहीं बड़ी संख्या में ऐसे भी कॉलेज हैं जो अपनी आय का अधिकांश हिस्सा छात्रों की सुविधाओं पर खर्च कर रहे हैं। मौलीन्दु मिश्रा कहते हैं कि छात्रों से वसूली गई फीस अगर उन्हीं के हित पर खर्च की जाए तो पाठ्यक्रम बंद होने की नौबत ही न आए। गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ आसानी से पढ़ाई कराई जा सकती है।

### राजद-कांग्रेस को...

लाइन का जाल बिछ रहा है। यह चुनाव बिहार के नौजवानों के बहुत महत्वपूर्ण है। बिहार का यह चुनाव राज्य को विकसित बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विकसित बिहार का मतलब है हर परिवार की समृद्धि है। इसके लिए एनडीए की डबल इंजन सरकार बहुत जरूरी है। केंद्र सरकार गरीबों को पक्के घर बनाने में मदद करती है। जहां-जहां एनडीए की सरकार है, वहां घर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। लेकिन, जहां कांग्रेस की सरकार है, वो इस योजना को डिब्बे में बंद कर रहे हैं। वह गरीबों का घर नहीं बनने दे रहे हैं। इसलिए पक्के घर बनाने के लिए एनडीए को आपका आशीर्वाद चाहिए। बिहार में 60 लाख पक्के घर गरीबों को मिल चुके हैं। कटिहार में ही करीब एक लाख पक्के घर गरीबों को मिले हैं। पीएम मोदी ने एनडीए सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया। इसके बाद एनडीए प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की।

# विशेष सत्र में राष्ट्रपति ने की राज्य में महिला उत्थान के प्रयासों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य स्थापना के रजत जयंती के मौके पर विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड में नारी सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राज्य की गौरा देवी सेलेकर स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण और वंदना कटारिया तक का जिक्र किया। दरअसल, रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीतकर एतिहासिक उपलब्ध हासिल की है।राष्ट्रपति मुर्मु पूरे देश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को प्रोत्साहित करती रहती हैं। यहां भी विशेष सत्र में अपनेसंबोधन में राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने ही अंदाज में महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार के प्रयासों पर अपनी मुहर लगाई। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में राज्य में महिला शिक्षा के विस्तार पर चर्चा की। मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी की बात को प्रमुखता से उभारा। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पुरानी पीढ़ी की स्वर्गीय गौरा देवी से लेकर नई पीढ़ी की वंदना कटारिया तक का नाम लिया। उत्तराखंड आंदोलन में प्रमुख महिला चेहरा स्वर्गीय सुशीला बलूनी के साथ ही बछेंद्री पाल, राधा भट्ट जैसे प्रमुख नामों का उल्लेख किया। उन्होंने पहली महिला स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण की नियुक्ति पर खुशी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला स्पीकर बनाकर उत्तराखंड विधानसभा ने अपना गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रपति ने विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या में वृद्धि की अपेक्षा भी जाहिर की। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने समानता की मजबूत पैरवी करने वाले संविधान के अनुच्छेद-44 का उल्लेख करते हुए यूसीसी लागू करने पर सदस्यों की सराहना भी की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अपने संबोधन की शुरूआत बेटियों के क्रिकेट में विश्व विजेता बनने की बात से की। उन्होंने बेटियों को बधाई दी, तो पूरे सदन के साथ ही राष्ट्रपति ने भी तालियां बजाईं।



# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क, जिलाधिकारी व एसपी ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। विधानसभा चुनाव के अवसर पर जिले में शांति एवं सामान्य विधि-व्यवस्था बनाये रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। इसी क्रम में सोमवार की सुबह सारण के जिलाधिकारी अमन समीर तथा वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने मंडल कारा, छपरा में औचक छापेमारी की। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सुरक्षा बल मौजूद थे। अधिकारियों की टीम ने जेल परिसर में प्रवेश करते ही विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया। बंदियों की उपस्थिति, जेल की सुरक्षा व्यवस्था और परिसर में रखे गए सामग्रियों की बारीकी से जांच की गई। छापेमारी के दौरान जेल के अंदर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या प्रतिबंधित वस्तु की मौजूदगी की जांच की गई, हालांकि किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि चुनाव अवधि के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा बलों को सतर्क रहने और निरंतर निगरानी रखने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जेल सहित जिले के सभी संवेदनशील स्थानों पर नियमित निरीक्षण एवं गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनावी माहौल में शांति, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाये रखना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले भर में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम लगातार निगरानी कर रही है।

# पुलिस ने दो लापता नाबालिग को खोजकर परिवार से मिलवाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग लड़कियों को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से सकुशल खोजकर परिवार से मिलवाया है। क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पहला मामला थाना अलीपुर का है। जहां 25 अक्टूबर को एक 16 वर्षीय लड़की के लापता होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में एक नवंबर को बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएचटीयू यूनिट ने जांच अपने हाथ में ली। इंस्पेक्टर मनोज दहिया की देखरेख में पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय पूछताछ के बाद टीम ने पता लगाया कि लड़की अपनी मां से झगड़ा होने के बाद घर से निकल गई थी। वह ट्रेन से अपने ननिहाल शाहजहांपुर (उप्र) चली गई और वहीं अपने दादा-दादी के पास रह रही थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार दूसरा मामला थाना रनहौला इलाके का है। जहां 24 सितंबर को एक 13 वर्षीय छात्रा के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मोबाइल कॉल डिटेल और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने पता लगाया कि लड़की अपनी मां से पढ़ाई को लेकर झगड़ा करने के बाद घर छोड़कर अपने मामा के घर नजफगढ़ चली गई थी। पुलिस टीम ने दोनों नाबालिगों को सुरक्षित खोजने के बाद संबंधित थानों को सौंप दिया है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# फारबिसगंज में पीएम मोदी की जनसभा 6 नवंबर को

■ एनडीए ने झोंकी ताकत, रणनीति बनाने के लिए जुटे गुजरात और यूपी के नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में एनडीए के प्रचार अभियान को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 6 नवम्बर को फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रणनीति बनाने के लिए हुई उच्च-स्तरीय बैठक पीएम मोदी के कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, सोमवार को फारबिसगंज में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। एनडीए के जिला प्रभारी एवं गुजरात के खेड़ा के सांसद देबू सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़, स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह, राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी इन नेताओं ने भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम का वितरण किया और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए, नेताओं ने जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों–फारबिसगंज, नरपतगंज, रानीगंज (अजा), अररिया, सिकटी और जोकीहाट– से अधिक से अधिक संख्या में मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जनसभा में इन सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। इस जनसभा को सीमांचल क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में माहौल बनाने का एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार


नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान समीर (25) के रूप में हुई है। आरोपित लोनी गाजियाबाद (उप्र) का रहने वाला है। समीर वजीराबाद थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि क्राइम ब्रांच को एक नवंबर को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित समीर दिल्ली के द्वारका इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार की देखरेख में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने द्वारका इलाके में जाल बिछाया और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान समीर ने वजीराबाद थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि घटना के बाद वह पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया था और लगातार ठिकाने बदल रहा था।

## बिहार विधानसभा चुनाव : कामगारों के लिए रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा

छपरा। बिहार में विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान चरम पर है। इस चुनाव में जैसे तमाम राजनीतित दलों के अपने-अपने दावे और वादें हैं। उसी तरह से बिहार के मतदाताओं के अपने-अपने मुद्दे हैं। प्रदेश के छपरा में सड़क निर्माण के कार्य में लगे कामगारों के लिए इस विधानसभा चुनाव में रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा है। हालांकि, जाति के फैक्ट्रर से युवा भी अछूते नहीं हैं। दरअसल, मशहूर भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव छपरा से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार हैं। वे पहली बार चुनावी मैदान में हैं। उनके लिए न सिर्फ उनकी पार्टी के, बल्कि उत्तर प्रदेश (यूपी) के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी चुनावी जनसभा कर लोगों के समर्थन मांग चुके हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से छोटी कुमारी और निर्दलीय राखी गुप्ता भी ताल ठोंक रही हैं।

# चार साल से फरार साइबर अपराधी गिरफ्तार, नाबालिग से अश्लील तस्वीरें मांगकर करता था ब्लैकमेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर-स्टेट सेल ने चार साल से फरार चल रहे एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित नाबालिग लड़की को फंसाकर उससे अश्लील तस्वीरें मंगवाने और ब्लैकमेल करने के मामले में वांछित था। पकड़े गए आरोपित की पहचान सुमित कुमार (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को नोएडा सेक्टर-128 से गिरफ्तार किया है। वह दिल्ली के द्वारका साउथ थाने में दर्ज पॉक्सो और आईटी एक्ट के मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने सोमवार को बताया कि आरोपित ने एक नाबालिग लड़की को फ़ेसबुक पर फिशिंग लिंक भेजकर उसका अकाउंट हैक कर लिया था। उसने लड़की को यह झांसा दिया कि उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें ऑनलाइन लीक हो चुकी हैं और लिंक पर लॉगिन करने को कहा। लॉगिन करते ही आरोपित ने उसका अकाउंट अपने कब्जे में लेकर अश्लील तस्वीरें मांगनी शुरू कर दीं। इतना ही नहीं, उसने तस्वीरें एडिट कर लड़की के परिवार से भी पैसों की मांग की और धमकाया कि अगर पैसे नहीं दिए तो तस्वीरें वायरल कर देगा। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को मामले की जांच में लगाया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार महिला कांस्टेबल मंजू ने आरोपित को पकड़ने के लिए तकनीकी और मानव खुफिया सूचना जुटाई। लंबे समय तक ट्रैकिंग और निगरानी के बाद पुलिस को पता चला कि सुमित नोएडा में एक आईटी कंपनी में हाउसकीपिंग सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा है।सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने एक नवंबर को नोएडा के शाहपुर गांव के पास एक वाइन शॉप से आरोपित को दबोचा। पूछताछ में आरोपित सुमित ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसने बताया कि वह फ़ेसबुक पर फर्जी आईडी से लड़कियों को फंसाकर उनकी सोशल मीडिया जानकारी चुरा लेता था और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे वसूलता था। जांच में पता चला है कि आरोपित सुमित को 2020 में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन फरवरी 2021 में जमानत पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया और अपने गांव मधुबनी (बिहार) चला गया। 26 मार्च 2024 को अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

# देश मे अग्नाशय कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं: डॉ पुरोहित

कैनविज टाइम्स संवाददाता


जालंधर। राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ नरेश पुरोहित ने पैंक्रियाटिक कैंसर जागरूकता माह पर जनजागृति के लिए सोमवार को कहा कि देश में अग्नाशय कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और यह भारत के उत्तरी एवं पूर्वी प्रदेशों में ज्यादा देखा जा रहा है। निवारक ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने सोमवार को यहां बताया कि भारत में हर एक लाख की आबादी में लगभग दो से 2.5 लोग अग्नाशय के कैंसर से पीडित हैं। वर्तमान में देश में पुरुषों में अग्नाशय कैंसर के मामले 0.5-2.4 प्रति लाख और महिलाओं में 0.2-1.8 प्रति लाख हैं। कैंसर एक खामोश बीमारी है। कई लोगों को इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं, जब तक कि यह बहुत बढ़ न जाये। जिन लोगों में इसका निदान होता है, उनमें से केवल सात प्रतिशत ही पांच साल या उससे अधिक समय तक जीवित रह पाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस खतरनाक कैंसर ने एलन रिकमैन, स्टीव जॉब्स और एरीथा फ्रैंकलिन जैसी मशहूर हस्तियों की जान ले ली। डॉ पुरोहित ने बताया कि अग्नाशय कैंसर से पीड़ित ज्यादातर रोगियों को तेज दर्द, वजन कम होना और पीलिया जैसी बीमारियां होती हैं। मधुमेह के मरीजों में अग्नाशय के कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अधिक आयु (60 से ऊपर) के पुरुष, धूम्रपान, खाने में सब्जियों और फल की कमी, मोटापा, आनुवांशिकता भी कई बार अग्नाशय कैंसर की वजह होते हैं। उन्होंने आगाह किया कि इस कैंसर से बचने के लिए इसके शुरुआती लक्षणों को पहचानना बेहद जरूरी होता है, ताकि समय रहते इसका इलाज कराया जा सके। इस कैंसर के शुरुआती लक्षण पीठ और पेट में दर्द होना है।

## पंजाब विश्वविद्यालय में सीनेट चुनावों पर प्रतिबंध विद्यार्थियों के अधिकारों पर सीधा हमला: एनएसयूआई

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की निर्वाचित सीनेट चुनावों पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय की सोमवार को कड़ी निंदा की है। एनएसयूआई ने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं और विद्यार्थियों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की तरफ जारी एक बयान में कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) ने अपने प्रतिष्ठित सीनेट चुनावों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने और छात्रों के मूल अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही हैं। अब वे छात्र संघ चुनावों पर भी प्रतिबंध लगाएंगे। यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और विश्वविद्यालय को किसी भी संस्थान के हवाले करने का स्पष्ट प्रयास है। वरुण चौधरी ने कहा कि सीनेट चुनाव पंजाब विश्वविद्यालय की लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव हैं। इन चुनावों से विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों को नीतिगत निर्णयों में भागीदारी का अधिकार मिलता है। इन चुनावों पर प्रतिबंध लगाकर प्रशासन छात्रों की आवाज को दबाने और राजनीतिक हस्तक्षेप का रास्ता खोल रही है।









चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063